# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


4 गुमशुदगी के बढ़ते आंकड़े चिंताजनक

जबलपुर मैट्रो
14 मोबाइल नेटवर्क की कहीं कोई ...

## विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने भावभीनी विदाई देते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की

# स्व. कीर्ति नारायण द्विवेदी पंचतत्व में विलीन, बड़े पुत्र डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने दी मुखाग्नि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

आईएनएच एवं हरिभूमि समाचार पत्र समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पूज्य पिताश्री स्वर्गीय कीर्ति नारायण द्विवेदी का अंतिम संस्कार बुधवार को ग्वालियर के लक्ष्मीगंज मुक्तिधाम में पारंपरिक व रीति रिवाजों के साथ ससम्मान संपन्न हुआ। इस मौके पर उनके बड़े पुत्र डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने नम आंखों से मुखाग्नि दी। उन्होंने परंपरानुसार पुत्र कर्तव्य का निर्वहन किया। स्व. कीर्ति नारायण द्विवेदी का एक दिन पहले मंगलवार को 84 वर्ष की अवस्था में देवलोक गमन हुआ था। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार को ग्वालियर स्थित उनके निज निवास 3, सिंधी कॉलोनी से शुरू हुई। उनकी अंतिम यात्रा में शहर के साथ ही अन्यत्र स्थानों से आए लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। इससे पहले सुबह से ही स्व. द्विवेदी को श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा।


बड़े पुत्र डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने दी मुखाग्नि

### त्रयोदशी कार्यक्रम 6 दिसंबर को

स्व. कीर्ति नारायण द्विवेदी का त्रयोदशी कार्यक्रम 6 दिसंबर को सुबह 11 बजे ग्वालियर स्थित चैंबर्स ऑफ कॉमर्स भवन में रखा गया है। त्रयोदशी आयोजन में शांति पाठ व प्रार्थना होगी।


विश्रामघाट पर विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने परिजनों को सांत्वना दी

### श्रद्धांजलि सभा में भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी

इस मौके पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वरिष्ठ नेताओं और गणमान्य नागरिकों ने कहा कि स्व. कीर्ति नारायण द्विवेदी का जीवन सादगी, विनम्रता और निरंतर कर्मशीलता की मिसाल रहा है। वे सदैव लोगों को जोड़ने वाले, मुस्कुराकर हर परिस्थिति का सामना करने वाले और रिश्तों को निभाने वाले व्यक्ति थे। उनके देवलोक गमन को सभी ने अपूरणीय क्षति बताया। इस भावुक क्षण में उपस्थित लोगों ने द्विवेदी परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।







## खबर संक्षेप

### कमला पसंद कंपनी के मालिक की बहू ने आत्महत्या की

नई दिल्ली। मशहूर पान मसाला कंपनी कमला पसंद और राजश्री के मालिक कमल किशोर



चौरसिया की बहू दीप्ति चौरसिया (38) ने दिल्ली के वसंत विहार स्थित अपने घर में मंगलवार शाम आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार दीप्ति का शव ड्रेसिंग रूम के पंखे से लटका हुआ मिला। दीप्ति का शव सबसे पहले उसके पति हरप्रीत चौरसिया ने देखा। हरप्रीत उन्हें लेकर अस्पताल गए, जहां दीप्ति को मृत घोषित कर दिया गया।

### बैतूल: दो कर्मचारियों के शव कुए से मिले

बैतूल। बैतूल बाजार नगर परिषद में दो कर्मचारियों का शव बुधवार सुबह बयावाड़ी के पास एक ही



कुए से बरामद हुआ। दोनों कर्मचारी मंगलवार रात से गायब थे। पुलिस ने दोनों शवों को निकालकर जिला अस्पताल भेज दिया है। मृतकों की पहचान रजनी डुंडेले (48) और मिथुन (29) के रूप में हुई है। महिला का मोबाइल घर में ही मिला, जबकि मिथुन की लोकेशन उसके खेत के आसपास मिली थी। बुधवार सुबह उनकी चप्पल कुए के पास मिलीं।

### एसआईआर के काम में जुटे बीएलओ को आया अटैक

बैतूल। एसआईआर प्रक्रिया में जुटे बीएलओ पर वर्क लोड उनकी जान तक ले रहा है। जिले की



भैंसदेही विधानसभा क्षेत्र के भीमपुर में एसआइआर के काम में लगे शिक्षक कर्मचारी बीएलओ को काम के दौरान अटैक आ गया। साथी कर्मचारी ने उनकी तबीयत बिगड़ते देखकर उन्हें तुरंत भैंसदेही के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां पर हालत गंभीर होने पर उन्हें भोपाल रेफर किया गया। उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

## सीहोर के वीआईटी कॉलेज में दूषित भोजन से कुछ छात्रों की मौत की सूचना पर बवाल

# प्रदर्शन करते हुए छात्रों पर गार्डों का हमला गुस्से में फूंके वाहन, जमकर की तोड़फोड़

*कॉलेज में दूषित भोजन-पानी से पीलिया फैलने और छात्रों की कथित मौतों के आरोपों को लेकर छात्रों ने परिसर में मंगलवार की रात जोरदार प्रदर्शन किया। गार्ड द्वारा मारपीट से छात्र उग्र हो गए*


कॉलेज के अंदर तोड़फोड़ के बाद का दृश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर/कोठरी

कोठरी स्थित वीआईटी (वेल्लोर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) कॉलेज में दूषित भोजन-पानी से पीलिया फैलने और छात्रों की कथित मौतों के आरोपों को लेकर छात्रों ने परिसर में मंगलवार की रात जोरदार प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान गार्डों ने उनके साथ मारपीट की, जिसके वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इस मारपीट से छात्र आक्रोशित हो गए हैं और उन्होंने कैंपस में खड़ी बस सहित अन्य वाहनों में आग लगाने के साथ ही कैंपस में तोड़फोड़ कर दी।

उग्र प्रदर्शन बुधवार को भी जारी रहा। सुबह यूनिवर्सिटी की बिल्डिंग में कुछ छात्रों ने फिर आग लगा दी। प्रदर्शन को देखते हुए बुधवार सुबह से ही यूनिवर्सिटी कैंपस को पूरी तरह छावनी में तब्दील कर दिया गया है। पैरा मिलिट्री फोर्स की भारी तैनाती की गई है और बाहर से किसी भी व्यक्ति को अंदर आने की नहीं है।

**सुबह भी कॉलेज की बिल्डिंग में कुछ छात्रों ने फिर आग लगा दी कैंपस में पैरामिलिट्री फोर्स तैनात**


उग्र छात्रों ने पहले एक कार पलटा फिर तोड़फोड़ की

***30 नवंबर तक यानी पांच दिन का अवकाश घोषित***

***स्वास्थ्य अमले ने छात्रों के लिए ब्लड सैंपल***

### आक्रोशित छात्रों ने की आगजनी और तोड़फोड़

मंगलवार की रात आक्रोशित छात्रों ने एक बस, दो चार पहिया वाहन, एक एंबुलेंस में आग लगा दी, जबकि हॉस्टल की खिड़कियों के शीशे, एक आरओ प्लांट सहित परिसर के कई हिस्सों को नुकसान पहुंचाया।


जली हुई बस



जलती हुई कार

### पुलिस-प्रशासन ने संभाला मोर्चा

घटना की सूचना मिलते ही अनुविभागीय अधिकारी, एसडीओपी आष्टा और विभिन्न थानों से भारी पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा। आष्टा एसडीओपी आकाश अमलकर ने छात्रों से चर्चा की, उनके मुद्दे सुने और समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया।

### वीआईटी मामले में जांच समिति गठित

भोपाल। वीआईटी में छात्रों की तबीयत बिगड़ने और कथित रूप से कुछ छात्रों की मौत की खबरों के बाद परिसर में तनाव और आगजनी की घटनाओं को लेकर निजी विश्वविद्यालय आयोग, भोपाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तीन सदस्यीय जांच समिति गठित कर दी है। इस मामले में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने भी बुधवार को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार तथा ▶▶ शेष पेज 4 पर

### छात्रों ने लगाए गंभीर आरोप

हॉस्टल में खराब क्वालिटी के भोजन और दूषित पानी के कारण पीलिया के चलते 100 से अधिक छात्र अस्पतालों में भर्ती हैं और कुछ की मौत भी हुई हैं। अव्यवस्थाओं का विरोध करने पर हॉस्टल वार्डन और गार्डों ने छात्रों के साथ मारपीट की और चुप रहने का दबाव बनाया, जिसका वीडियो भी मौजूद है।

## किसानों को मिल रहा भावांतर का लाभ

# मुख्यमंत्री ने 1.34 लाख किसानों के खातों में अंतरित की 249 करोड़ राशि



मुख्यमंत्री भावांतर भुगतान योजना के तहत सिंगल क्लिक से राशि जारी करते हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को इंदौर जिले के गौतमपुरा में आयोजित समारोह में सोयाबीन की फसल पर भावांतर भुगतान योजना के तहत प्रदेश के 1.34 लाख पात्र किसानों के बैंक खातों में सिंगल क्लिक से 249 करोड़ रुपए अंतरित की। अब तक में प्रदेश के 4.39 लाख से अधिक किसानों ने 7.85 लाख मीट्रिक टन सोयाबीन फसल का विक्रय किया है।

मुख्यमंत्री ने इंदौर जिले को 264 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात भी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार हर किसान को उसकी मेहनत, उसके समर्पण का समुचित मूल्य दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

भावांतर भुगतान योजना के जरिए किसानों को बाजार भाव में कमी से होने वाले नुकसान की भरपाई की जा रही है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति हर हाल में बेहतर एवं मजबूत हो सके और खेती-किसानी लाभ का व्यवसाय बने। मुख्यमंत्री इस दौरान किसानों को भावांतर राशि वितरण के साथ ही विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए।

***किसानों के नुकसान की भरपाई कर रही डॉ. मोहन सरकार***

### प्रकृति के मार के बाद भी किसान भाई उगाते हैं अन्न: सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसान भाई हमारे अन्नदाता हैं। वे तरह-तरह के जोखिम उठाकर समाज और देश के लिए अन्न-धन का भंडार भरते हैं। प्रकृति की मार सहकर और खुद के दाना-पानी की चिंता में न रहकर सबका उदर पोषण करते हैं। उन्होंने कहा कि सीमा पर जवान और खेतों में हमारे किसान दोनों समान रूप से राष्ट्र की सेवा में तत्पर रहते हैं।

## आईएएस वर्मा की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

### अब सरकार नोटिस जारी कर वर्मा से मांग सकती है जवाब



**वर्मा ने ब्राह्मण समाज को लेकर दिया था विवादित बयान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ब्राह्मण समाज को लेकर विवादित बयान मामले में आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ सरकार कार्रवाई करेगी। चारों और दबाव और विरोध प्रदर्शन के बाद प्रदेश सरकार ने इस कार्रवाई का निर्णय लिया है। साथ ही पुराने मामले और पेंडिंग शिकायतों को भी सरकार खोल सकती है। अब उनको अनुशासन हीनता का दिया नोटिस जाएगा।

## एसआईआर पर हुई सुनवाई

### शीर्ष कोर्ट ने चुनाव आयोग से 1 दिसंबर तक मांगा जवाब



**पांच राज्यों में एसआईआर का मामला**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी और बिहार में चल रहे एसआईआर को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत की अगुवाई वाली बेंच ने चुनाव आयोग को 1 दिसंबर तक जवाब दाखिल करने का सख्त निर्देश दिया। सभी राज्यों के एसआईआर मामलों में चुनाव आयोग को दिसंबर 2025 तक जवाब दाखिल करना होगा।

## संविधान दिवस पर बोलीं राष्ट्रपति मुर्मू

### औपनिवेशिक मानसिकता छोड़ राष्ट्रवादी सोच अपनाने का दस्तावेज



**25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालना बड़ी उपलब्धि**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

75वें संविधान दिवस के उपलक्ष्य में पुराने संसद भवन के ऐतिहासिक सेंट्रल हॉल में समारोह आयोजित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा एलओपी मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा एलओपी राहुल गांधी और अन्य नेता 75 संसद के संविधान सदन में संविधान दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए।

## मासूम से दुष्कर्म मामले में उबाल: पांचवें दिन भी पुलिस के हाथ खाली

**आरोपी सलमान को लेकर दिनभर उड़ती रहीं अफवाहें**

# गौहरगंज में कर्फ्यू जैसे हालात, प्रदर्शन के दौरान पथराव पुलिस को करना पड़ा लाठी चार्ज, छोड़े आंसू गैस के गोले

***डीआईजी प्रशांत खरे ने कहा- स्थिति नियंत्रण में है और आरोपी को लेकर कुछ क्लू मिले हैं***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

रायसेन जिले के गौहरगंज में 6 साल की बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म मामले में बुधवार को शहर के हालात तनावपूर्ण हो गए। दरअसल, घटना के विरोध में और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सकल हिंदू समाज सड़क पर उतर आया और आक्रोश जताते हुए विरोध स्वरूप धरना प्रदर्शन करने लगा।

**प्रशासन ने लगाई बीएनएस एस की धारा 163**


पुलिस-प्रशासन ने हल्के बल का प्रयोग किया

**पुलिस की 20 टीमें आरोपी को तलाशने में जुटीं, 500 से अधिक पुलिस के जवान तैनात**

### केंद्रीय मंत्री शिवराज ने पीड़िता के पिता से की बात

*गौहरगंज दुष्कर्म मामले की पीड़िता के स्वास्थ्य और भविष्य को लेकर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पीड़िता के पिता से फोन पर बात की है। केंद्रीय मंत्री ने पीड़िता के पिता को यह आश्वासन दिया है कि सरकार बच्ची के स्वास्थ्य (इलाज) और उसके भविष्य की पूरी चिंता करेगी।*

### आरोपी की तलाश में छह जिलों की पुलिस

आरोपी को अब तक पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई हैं। छह जिलों की पुलिस को इस मिशन पर लगाया गया है। 20 से अधिक विशेष टीमें और 300 से ज्यादा पुलिसकर्मी आरोपी सलमान को ढूंढने के लिए होटल, ढाबों, जंगल और गांव-गांव की तलाशी कर रहे हैं।



# बुनियादी ढांचा और औद्योगिक विकास को मिलेगा बढ़ावा, भारत रेयर अर्थ को मिलेगी गति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को बुनियादी ढांचे और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कुल 19,919 करोड़ रुपए की 4 बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी। इसमें 7,280 करोड़ की दुर्लभ पृथ्वी स्थायी मैग्नेट निर्माण योजना शामिल है, जो इलेक्ट्रिक वाहनों और रक्षा क्षेत्र के लिए अहम मानी जा रही है। इसके अलावा, पुणे मेट्रो विस्तार के लिए 9,858 करोड़, देवभूमि द्वारका (ओखा)-कनालस रेलवे लाइन के दोहरीकरण के लिए 1,457 करोड़ और बदलापुर-कर्जत तीसरी और चौथी रेलवे लाइन के लिए 1,324 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

## पुणे मेट्रो विस्तार को 9,858 करोड़, देवभूमि द्वारका कनालस रेलवे लाइन के दोहरीकरण के लिए 1,457 करोड़,बदलापुर-कर्जत तीसरी और चौथी रेलवे लाइन के लिए 1,324 करोड़ का प्रावधान

## इसमें 7,280 करोड़ की दुर्लभ पृथ्वी स्थायी मैग्नेट निर्माण योजना भी शामिल

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 19,919 करोड़ की 4 बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी

**कई रेल लाइनों का भी किया जाएगा काम**


फैसलों की जानकारी देते रेल मंत्री वैष्णव

### दुर्लभ मृदा स्थायी चुंबक योजना को दी मंजूरी

कैबिनेट ने बुधवार को होने वाली बैठक में दुर्लभ पृथ्वी स्थायी मैग्नेट के लिए एक नई प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना के लिए करीब 7,280 करोड़ का आवंटन प्रस्तावित है, जो पहले के 2,500 करोड़ रके अनुमानित पैकेज से लगभग 3 गुना अधिक है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब चीन ने निर्यात नियंत्रण कड़े कर दिए हैं। चीन वैश्विक दुर्लभ पृथ्वी कच्चे माल का 60-70 फीसदी और प्रोसेसिंग का 90 प्रतिशत हिस्सा नियंत्रित करता है।

**यह योजना देश के लिए अहम**

कैबिनेट ने दुर्लभ मृदा स्थायी चुम्बक निर्माण को बढ़ावा देने के लिए अपनी तरह की पहली योजना को मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य सिंटर किए गए आरईपीएम के उत्पादन के लिए एकीकृत विनिर्माण सुविधाएं विकसित करना है, जिसमें मिश्रधातुओं को तैयार चुंबकों में बदलने की प्रक्रिया शामिल होगी। योजना पर लगभग 7,200 करोड़ का निवेश होगा। इसके तहत 1,000 मीट्रिक टन प्रति वर्ष की क्षमता का सृजन और 1,200 एमटीपीए क्षमता वाली इकाइयों की स्थापना की जाएगी।

### इलेक्ट्रिक वाहनों, नवीकरणीय ऊर्जा का अहम रोल

दुर्लभ पृथ्वी तत्वों का उपयोग इलेक्ट्रिक वाहनों, नवीकरणीय ऊर्जा और रक्षा उत्पादन में होता है। भारत में इस क्षेत्र को अभी भी सीमित फंडिंग, तकनीकी विशेषज्ञता की कमी और लंबी परियोजना के लिए समयसीमा जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। बिना सरकारी समर्थन के वाणिज्यिक उत्पादन फिलहाल व्यावहारिक नहीं है।

### चीन का दबाव और भारत की रणनीति तैयार हो रही

चीन ने भारत में उपयोग के लिए दुर्लभ पृथ्वी मैग्नेट के निर्यात के शुरुआती लाइसेंस जारी किए हैं, लेकिन भारतीय कंपनियों को अब तक कोई लाइसेंस नहीं मिला है। भारत की वार्षिक मांग लगभग 2,000 टन ऑक्साइड की है, सरकार सिंक्रोनस रिलक्टेंस मोटर्स पर काम रही है, ताकि आयात पर निर्भरता कम की जा सके।

### भारत रेयर अर्थ के लिए सप्लाई चेन विकसित होगी

भारत ने अप्रैल से चीन द्वारा निर्यात नियंत्रण सख्त करने के बाद दुर्लभ पृथ्वी मैग्नेट सप्लाई चेन विकसित करने की गति तेज कर दी है। प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी थी कि महत्वपूर्ण खनिजों को हथियार नहीं बनाया जाना चाहिए वित्त वर्ष 2023-24 में भारत ने 2,270 टन दुर्लभ पृथ्वी धातु और यौगिक आयात किए।

---

## खबर संक्षेप

### कोटा के ईवी शोरूम में लगी भीषण आग

**नई दिल्ली।** राजस्थान के कोटा में बुधवार सुबह एक इलेक्ट्रिक गाड़ी के शोरूम में भीषण आग लग गई।



आग लगने से लगभग 50 से ज्यादा इलेक्ट्रिक गाड़ियां जलकर राख हो गईं। आग की वजह शॉर्ट सर्किट हो सकती है। आग देखते ही देखते तेजी से पूरे शोरूम में फैल गई। कोटा फायर डिपार्टमेंट से चार फायर इंजन मौके पर भेजे गए।

### हम किसी भी तरह डेरा खाली नहीं करेंगेः राबड़ी

**पटना।** बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की



पत्नी राबड़ी देवी के सरकारी आवास बदले जाने पर सियासत गर्माई है। अब आरजेडी ने नीतीश सरकार को अल्टीमेटम दे दिया है कि जो करना है करेंगे, लेकिन डेरा (10 सर्कुलर रोड स्थित राबड़ी आवास) खाली नहीं किया जाएगा।

### बेटे को मंत्री बनाने पर आरएमएल में टूट

**पटना।** राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा के बेटे दीपक प्रकाश को बिहार की नीतीश सरकार में मंत्री



बनाने के बाद राष्ट्रीय लोक मोर्चा में विरोध शुरू हो गया है। पार्टी में नाराजगी है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र नाथ, प्रदेश प्रवक्ता राहुल कुमार, प्रदेश महासचिव प्रमोद यादव सहित अन्य कई नेताओं ने पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है।

### चक्रवाती तूफान से भारी बारिश की चेतावनी

**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार देर रात बड़ा अपडेट जारी करते हुए बताया



कि मलक्का जलडमरूमध्य के ऊपर बना गहरा दबाव अब चक्रवाती तूफान 'सेन्यार' में बदल चुका है। 6घंटों में सिस्टम ने 10 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से पश्चिम की ओर बढ़ते हुए तूफान का रूप ले लिया है।

---

## संविधान दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा पत्र, नागरिकों से की अपील

# हमारा संविधान मानवीय गरिमा, समानता और स्वतंत्रता को सर्वोच्च महत्व का द्योतक

### मतदान लोकतंत्र की नींव, पहली बार मतदान करने वालों का सम्मान करें

### कर्तव्यों के निर्वहन को सामाजिक और आर्थिक प्रगति का आधार बताया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को नागरिकों से अपने संवैधानिक कर्तव्यों का पालन करने की अपील की और कहा कि ये एक मज़बूत लोकतंत्र की नींव है। संविधान दिवस पर नागरिकों को लिखे पत्र में पीएम मोदी ने मतदान के अधिकार का प्रयोग करके लोकतंत्र को मज़बूत करने की ज़िम्मेदारी भी बताया। उन्होंने सुझाव दिया कि 18 साल की उम्र पूरी कर पहली बार मतदान करने वालों का सम्मान करके संविधान दिवस मनाएं। पीएम मोदी ने महात्मा गांधी के इस विश्वास को याद किया कि अधिकार कर्तव्यों के निर्वहन से प्राप्त होते हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि कर्तव्यों का निर्वहन सामाजिक और आर्थिक प्रगति का भी आधार है। उन्होंने कहा कि आज ली गई नीतियां और निर्णय आने वाली पीढ़ियों के जीवन को आकार देंगे और नागरिकों से अपील की कि वे अपने कर्तव्यों को सर्वोपरि रखें, क्योंकि भारत विकसित भारत के विजन की ओर बढ़ रहा है।

लोग कर्तव्यों को सर्वोपरि रखें

**नागरिकों से अपने संवैधानिक कर्तव्यों का पालन करने की अपील की**


संविधान दिवस सभा में प्रधानमंत्री सहित कई हस्तियां रहीं शामिल

### संविधान निर्माताओं को श्रद्धांजलि दी

पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि संविधान दिवस पर हम अपने संविधान निर्माताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनकी दूरदर्शिता और दूरदर्शिता हमें एक विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करती रहती है। हमारा संविधान मानवीय गरिमा, समानता और स्वतंत्रता को सर्वोच्च महत्व देता है। उन्होंने कहा कि यह हमें अधिकारों से सशक्त तो करता ही है, साथ ही नागरिक के रूप में हमारे कर्तव्यों की भी याद दिलाता है, जिन्हें हमें सदैव निभाने का प्रयास करना चाहिए। ये कर्तव्य एक मज़बूत लोकतंत्र की नींव हैं। आइए हम अपने कार्यों के माध्यम से संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराएं। यह हमें अधिकारों से सशक्त बनाता है। ये हमें नागरिक के रूप में हमारे कर्तव्यों की भी याद दिलाता है, जिन्हें हमें सदैव निभाने का प्रयास करना चाहिए। ये कर्तव्य एक मजबूत लोकतंत्र की नींव हैं।

इन्होंने कहा

### भारत हमेशा एक रहेगाः राधाकृष्णन

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि महान विद्वानों, ड्राफ्टिंग कमिटी और संविधान सभा के सदस्यों ने करोड़ों भारतीयों की उम्मीदों और आकांक्षाओं को पूरा करने गहरी सोच दी। भारत एक है और हमेशा एक रहेगा।

### ..तो विकसित देश बनेगाः बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि अगर संविधान का अक्षरशः पालन किया जाए तो भारत 2047 तक एक विकसित देश बन जाएगा। यह हमारा सामूहिक लक्ष्य है।

### यादव ने निर्माताओं को श्रद्धांजलि दी

भारत के 76वें संविधान दिवस के मौके पर केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने भारतीय संविधान के निर्माताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि उन सभी महान व्यक्तियों को करोड़ों सलाम जिन्होंने भारतीय लोकतंत्र को मजबूत और जीवंत बनाने में योगदान दिया।

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा

### कानून का शासन बनाए रखने में बार की भूमिका अहम


बार एसोसिएशन सभा में सीजेआई

संविधान दिवस के मौके पर सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि जब हम इस अहम पल का जश्न मना रहे हैं, जब भारत ने अपने आप को अपना बुनियादी अनुबंध दिया था, मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि देश में कानून का शासन और संविधान की पवित्रता बनाए रखने में बार की भूमिका बेहद जरूरी है। सीजेआई ने ये भी कहा कि देश में कमजोर और हाशिए पर पड़े लोगों के लिए कानूनी सहायता देने में भी बार की अहम भूमिका है।

### केवल संविधान सर्वोच्चः मेहता

इस मौके पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के अनुसार यह संविधान की खूबसूरती है कि इसके तीनों हिस्से, न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका, एक-दूसरे से आजाद हैं। केवल संविदान सर्वोच्च है।

---

## कर्नाटक संकट पर खरगे ने कहा

# सोनिया, राहुल से करूंगा बात हम जल्द निकाल लेंगे समाधान

### मुख्यमंत्री पद को लेकर द्विारमैया और शिवकुमार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को कहा कि कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद को लेकर पार्टी के दो नेताओं सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के बीच खींचतान चल रही है। उन्होंने यह भी कहा है कि बहुत जल्द ही वह सोनिया गांधी और राहुल गांधी से चर्चा के बाद इस मामले का समाधान करेंगे। इस मसले पर अगले 48 घंटों के अंदर राहुल से बात करेंगे। खरगे ने कहा है कि एक दिसंबर तक यह संकट सुलझा लिया जाएगा। एक दिसंबर से संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो रहा है। खरगे ने कहा कि बैठक तय की जाएगी। संभवतःशुक्रवार को सिद्धारमैया और शिवकुमार को दिल्ली बुलाया जाएगा। खरगे का यह बयान ऐसे समय में अहम है जब राज्य में पार्टी के भीतर शक्ति संघर्ष तेज हो गया है।

### मेरे पिता सीएम ही नहीं पीएम पद के भी दावेदार

इस मुद्दे पर कर्नाटक सरकार के मंत्री प्रियांक खरगे की प्रतिक्रिया सामने आई है। क्या कर्नाटक में सिद्धारमैया मुख्यमंत्री बने रहेंगे के सवाल प्रियांक खरगे ने कहा कि सब कुछ



ठीक है और आलाकमान जो भी फैसला लेता है, उसका पालन सभी कर रहे हैं, चाहे वह अभी के लिए हो या भविष्य में।कर्नाटक के मंत्री शिवानंद पाटिल की कथित टिप्पणी पर कर्नाटक के मंत्री प्रियांक ने कहा कि जब भी राज्य में चुनाव होते हैं, मल्लिकार्जुन खरगे मुख्यमंत्री पद के दावेदार होते हैं। जब भी संसदीय चुनाव होते हैं, वह प्रधानमंत्री पद के दावेदार होते हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, संख्या मायने रखती है और मल्लिकार्जुन खरगे को जो भी कहना है, वह कहेंगे।

### ढाई साल पूरा होते ही नाटक शुरू हो गया

20 नवंबर को कांग्रेस सरकार के पांच वर्षीय कार्यकाल के ढाई साल पूरा होने के बाद यह चर्चा और तेज हो गई है, क्योंकि 2023 में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच कथित 'सत्ता साझेदारी' समझौते का दावा किया जा रहा है। इस बीच, सिद्धरमैया ने हाल ही में कहा था कि वह पूरे पांच साल के कार्यकाल के लिए मुख्यमंत्री बने रहेंगे और भविष्य में राज्य का बजट पेश करना जारी रखेंगे।

---

## ट्रेनों में हलाल मांस परोसने का मामला

# मानवाधिकार आयोग ने रेलवे को नोटिस देकर मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ट्रेनों परोसे जाने वाले नॉनवेज में हलाल प्रमाणित मांस को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने नाराजगी जताई है। आयोग ने रेलवे बोर्ड को नोटिस भी जारी किया है। आयोग ने कहा कि हलाल मांस की वजह से हिंदू समुदायों के अनुसूचित जाति और मांस व्यापार में लगे अन्य गैर-मुस्लिम समुदायों की आजीविका प्रभावित होती है। प्रियांक कानूनगो की अध्यक्षता वाली कमेटी ने भारतीय रेलवे बोर्ड को नोटिस दिया है।



### धार्मिक आस्थाओं का सम्मान होना जरूरी

नोटिस में कहा गया कि हलाल मांस को लेकर मिली शिकायत में लगाए गए आरोप प्रथम दृष्टया लोगों के मानवाधिकारों का उल्लंघन प्रतीत होता है। धार्मिक आस्थाओं सका सम्मान होना जरूरी है।

## दिल्ली के प्रदूषण पर सीजेआई चिंतित

# 55 मिनट भी टहल नहीं सका इससे सुबह तक परेशान रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली की खराब हवा को लेकर में बुधवार को गंभीर चिंता जताई। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि प्रदूषण के हालात राजधानी में ऐसे हैं कि 55 मिनट चलने के बाद सुबह तक दिक्कत हो रही है। यहां प्रदूषण इस हालत में पहुंच गया है कि बाहर सैर करना भी मुश्किल हो गया है। मंगलवार को उन्होंने करीब 55 मिनट की वॉक की थी, जिसके बाद उन्हें सुबह तक परेशानी बनी रही। दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण की स्थिति गंभीर बनी हुई है।



### मैंने टहलना बंद कर दियाः सिब्बल

सीजेआई ने यह टिप्पणी वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी के खराब सेहत का हवाला देते हुए सुनवाई से छूट मांगने के दौरान की। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने भी कहा मैंने टहलना बंद कर दिया है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने दी बड़ी सौगात

# हैदराबाद में सफ्रान का विशाल 'एमआरओ' हब शुरू, अब एयरक्राफ्ट्स की होगी मरम्मत

### पीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुविधा का किया उद्घाटन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तभारत के एविएशन सेक्टर ने बुधवार को एक ऐतिहासिक मुकाम छू लिया है। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट स्थित सफ्रान का विशाल रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल हब आधिकारिक रूप से शुरू हो गया है। पीएम ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस लेटेस्ट सुविधा का उद्घाटन किया।



**विमानन दुनिया का तीसरा बाजार बना**

पीएम ने कहा कि भारत का उभरता एविएशन सेक्टर नई उड़ान के लिए तैयार है। यह फैसलिटी भारत को ग्लोबल एमआरओ हब के रूप में स्थापित करने में मील का पत्थर होगी। भारत का घरेलू विमानन बाजार दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा बाजार बन चुका है।

---

## चुनाव आयोग ने बंगाल पुलिस को लिखा पत्र

# चुनाव कार्य में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें

**निर्वाचन अधिकारियों को खतरा पर जताई चिंता**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में गहन मतदाता पुनरीक्षण (सर) के बीच चुनाव आयोग ने कोलकाता पुलिस को पत्र लिखकर चुनाव अधिकारियों की सुरक्षा के प्रति चिंता जताई है। ईसी ने पत्र लिखकर कहा है कि एसआईआर की ड्यूटी में तैनात चुनाव अधिकारियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। जानकारी में आया है कि 24 नवंबर को मुख्य चुनाव आयुक्त के कार्यालय की सुरक्षा तोड़ी गई। मुख्य चुनाव आयुक्त, अडिशनल चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर, जॉइंट चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर और डिप्टी चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर की सुरक्षा से भी खिलवाड़ किया गया है। आयोग ने पहले ही घटना का संज्ञान लिया है और ऑफिसर की सुरक्षा सुनिश्चित करना बेहद आवश्यक है।



### जय हिंद से जो टकराएगा, चूर-चूर हो जाएगाः ममता

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने राज्यसभा की ओर से जारी किए गए बुलेटिन पर तीखी प्रतिक्रिया दी है, जिसमें सदन के



भीतर धन्यवाद, थैंक यू, जय हिंद, वंदे मातरम या किसी अन्य प्रकार के नारे लगाने पर रोक लगाने की बात कही गई है। ममता ने इस पर कहा कि क्यों नहीं बोलेंगे? जय हिंद और वंदे मातरम हमारा राष्ट्रीय गीत है। यह हमारी आजादी का नारा है। जय हिंद हमारे नेताजी का नारा है। इससे जो टकराएगा चूर-चूर हो जाएगा।

## पूर्व चीफ जस्टिस गवई ने इंटरव्यू में बेबाकी से बात की

# न्यायिक सक्रियता न्यायिक आतंकवाद में नहीं बदलनी चाहिए

### न्यायिक सक्रियता से दहशत गलत, बुलडोजर और सियासी दबाव पर भी दिए जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सेवानिवृत्ति न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई ने बुधवार को एक इंटरव्यू में कई अहम सवालों पर बेबाकी से बात की। उन्होंने कहा, न्यायिक सक्रियता न्यायिक आतंकवाद में नहीं बदलनी चाहिए। अंततः हमारा संविधान विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच शक्तियों के संतुलन और अलग-अलग कार्यक्षेत्र पर यकीन रखता है।

संविधान में शक्ति संतुलित

### न्यायिक सक्रियता से डर फैलना गलत



जस्टिस गवई ने इंटरव्यू में कई अहम सवालों पर बेबाकी से बात की। उन्होंने कहा कि न्यायिक सक्रियता न्यायिक आतंकवाद में नहीं बदलनी चाहिए। देश के नागरिकों को देश की न्यायिक प्रक्रिया और सक्रियता से डर नहीं फैलना चाहिए। यह गलत है।

**कभी भी एग्जीक्यूटिव या पॉलिटिकल नेताओं का**

सीजेआई गवई ने कहा कि उन पर कभी भी एग्जीक्यूटिव या पॉलिटिकल नेताओं का दबाव नहीं पड़ा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जजों की नियुक्ति का कॉलेजियम सिस्टम ट्रांसपेरेंट है, और यह आरोप कि यह ओपेक है, सही नहीं हैं।

### नागरिकों को आर्थिक और सामाजिक न्याय मिले

न्यायिक एक्टिविज्म पर पूर्व चीफ जस्टिस ने ये भी साफ किया कि कई मौकों पर, नागरिक अपनी सामाजिक-आर्थिक बाधाओं के कारण, अपनी शिकायतों के निवारण और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए सीधे अदालत का दरवाजा खटखटाने की स्थिति में नहीं होते। ऐसी स्थिति में, अगर किसी व्यक्ति को न्यायपालिका अदालत का दरवाजा खटखटाने की अनुमति देती है तो ये गलत नहीं है।

जूता फेंकने की घटना पर कहा

### संस्कारों का असर, कार्रवाई की जरूरत नहीं समझी

जस्टिस गवई नेजूता फेंकने की घटना पर कहा कि उस समय उन्होंने आरोपित वकील के खिलाफ कोई कार्रवाई न करने का फैसला अपनी परवरिश और मूल्यों के चलते लिया। गवई ने कहा कि शायद यह मेरे संस्कारों का असर है। जब कोर्ट में यह घटना हुई, तब मुझे यह भी नहीं पता था कि इसका संबंध मेरे कोर्ट में दिए गए किसी कथित बयान या टिप्पणी से बताया जा रहा है। लेकिन मुझे लगा कि मामले की सुनवाई आगे बढ़ाना चाहिए।




### भूटान नरेश ने की औपचारिक विदाई

# 17 दिनों की प्रदर्शनी के बाद बुद्ध के पवित्र अवशेष भारत लौटे

केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि भूटान में पवित्र बुद्ध अवशेषों की पवित्र प्रदर्शनी के बाद उन्हें भारत वापस लाकर मैं स्वयं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। पवित्र अवशेषों के प्रति भूटान की गहरी श्रद्धा दोनों देशों के लोगों के बीच गहरे सामंजस्य को अभिव्यक्त करती है

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष भूटान में 17 दिवसीय प्रदर्शनी के बाद भारत वापस आ गए हैं। केंद्रीय अल्पसंख्यक मामले एवं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू पवित्र अवशेषों की वापसी यात्रा में उनके साथ थे। उन्होंने भूटान के नेतृत्व एवं जनता के प्रति उनकी असाधारण गर्मजोशी, भक्ति और औपचारिक सम्मान के लिए गहरा आभार व्यक्त किया। मंगलवार को पालम हवाई अड्डे पर पहुंचने पर पवित्र अवशेषों को आईबीसी के महानिदेशक अभिजीत हलदर, भिक्षुओं, संस्कृति मंत्रालय और राष्ट्रीय संग्रहालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्राप्त किया। संस्कृति मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।

1. पवित्र अवशेषों को 8 से 25 नवंबर तक थिम्पू में रखा था
2. पवित्र बुद्ध अवशेष भारत और भूटान की मित्रता का प्रतीक
3. मंत्री रिजिजू ने मिले सम्मान पर आभार व्यक्त किया


भूटान के पीएम लेत्सोग लोपेन ने विशेष प्रार्थना में भाग लिया


विशेष हवाई जहाज से अवशेष लेकर भारत लौटे मंत्री किरेन रिजिजू

**अवशेषों को राजकीय जुलूस के रूप ले गए**

*मंगलवार सुबह, भूटान के नरेश ने ग्रैंड कुएनरे में विशेष प्रार्थना में भाग लिया, जिसके बाद अवशेषों को राजकीय जुलूस के रूप में पारो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ले जाया गया, जहां से उन्हें सम्मानपूर्वक भारत वापस लाया गया। इस समारोह में भूटान के पीएम लेत्सोग लोपेन, गृह मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और भारत तथा भूटान के प्रतिष्ठित भिक्षुओं ने भाग लिया। भूटान नरेश ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू से भी मुलाकात की, जो अवशेषों को स्वदेश लाने के लिए विशेष रूप से भूटान आए थे।*

#### मंत्री रिजिजू ने बताया गौरवशाली क्षण

*केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि भूटान में पवित्र बुद्ध अवशेषों की पवित्र प्रदर्शनी के बाद उन्हें भारत वापस लाकर मैं स्वयं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। पवित्र अवशेषों के प्रति भूटान की गहरी श्रद्धा दोनों देशों के लोगों के बीच गहरे सामंजस्य को अभिव्यक्त करती है। औपचारिक विदाई के दौरान भूटान नरेश की व्यक्तिगत देखभाल और अनुग्रहपूर्ण उपस्थिति से मैं अत्यंत अभिभूत हूं। रिजिजू ने पवित्र अवशेषों के लिए की गई सावधानीपूर्वक व्यवस्था और 11 नवंबर 2025 को पीएम नरेंद्र मोदी की यादगार भूटान यात्रा के लिए भूटान के पीएम, भूटान के मंत्रिमंडल के सदस्यों, केंद्रीय मठ निकाय के लेत्सोग लोपेन, भिक्षुओं और भूटान की शाही सरकार को हार्दिक धन्यवाद दिया।*

#### हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन किए

*बता दें, वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव के अंतर्गत, पवित्र बुद्ध पिपरहवा अवशेषों को 8 से 25 नवंबर 2025 तक थिम्पू के त्राशिछोद्ज़ोंग के ग्रैंड कुएनरे हॉल में प्रतिष्ठित किया गया था, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन और प्रार्थना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। दरअसल, बौद्ध जगत की सर्वाधिक पूजनीय वस्तुओं में से एक, पवित्र बुद्ध अवशेष, भारत की ओर से मित्रता के एक विशेष प्रतीक के रूप में भूटान लाए गए थे।*

## खबर संक्षेप

### भारत में गूगल मीट अचानक बंद हुआ

**नई दिल्ली।** 2025 को इंटरनेट आउटेज का साल कहा जा रहा है



और इसी कड़ी में अब गूगल मीट का नाम भी इसमें जुड़ गया है। गूगल मीट वीडियो कॉल और ऑनलाइन मीटिंग के लिए इस्तेमाल होने वाला लोकप्रिय प्लेटफॉर्म है। प्लेटफार्म ने भारत में बुधवार को अचानक काम करना बंद कर दिया। कई लोगों ने बताया कि वो मीटिंग जॉइन नहीं कर पा रहे थे, जिसकी वजह से कामकाज प्रभावित हुआ। वेबसाइट डाउनडिटेक्टर के मुताबिक, सुबह 11:49 बजे तक भारत में 981 से अधिक यूजर्स ने इस समस्या के बारे में रिपोर्ट किया।

### अमेरिका के श्रद्धालु ने दिया 9 करोड़ का दान

**तिरुपति।** अमेरिका स्थित एक श्रद्धालु ने बुधवार को तिरुमला



तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को नौ करोड़ रुपये का दान दिया। मंदिर निकाय के अध्यक्ष बीआर नायडू ने बताया टीटीडी को एक और बड़ा दान प्राप्त हुआ। एम रामलिंगा राजू ने पीएसी-1, 2 और 3 भवनों के नवीनीकरण के लिए नौ करोड़ रुपए का दान दिया। उन्होंने बताया कि राजू ने इससे पहले वर्ष 2012 में 16 करोड़ रुपए का दान दिया था। टीटीडी के अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि राजू आगे भी मंदिर को इसी प्रकार दान देते रहेंगे।

### सुमात्रा द्वीप पर बाढ़ से 17 की मौत, कई घायल

**मेदान।** इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप पर मूसलाधार बारिश के कारण



अचानक बाढ़ आ गई और भूस्खलन में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य लापता हो गए। पुलिस ने बुधवार को एक बयान में कहा कि पिछले हफ्ते हुई मानसूनी बारिश की वजह से नदियों के बांध टूट गए। पहाड़ी गांवों में कीचड़ भर गया, चट्टानें और पेड़ गिर गए, जिससे भारी तबाही हुई। बचाव दल उत्तरी सुमात्रा प्रांत के छह क्षेत्रों में प्रभावित इलाकों तक पहुंचने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित सिबोल्गा शहर रहा।
से कम से कम पांच शव बरामद किए हैं। साथ ही तीन घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाया है। पड़ोसी जिले मध्य तपनौली में भूस्खलन की चपेट में आकर कई घर तबाह हो गए, जिसमें कम से कम चार लोगों का एक परिवार मारा गया और बाढ़ से लगभग 2,000 घर और इमारतें जलमग्न हो गईं।

### लाल किला बम विस्फोट मामला

## कोर्ट ने आमिर की हिरासत 10 दिन के लिए बढ़ाई, शोएब भी 10 दिन की 'कस्टडी' में भेजा


वकील रिजवान


आरोपी को कोर्ट में पेश करती पुलिस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने लाल किला के पास हुए विस्फोट मामले में आमिर राशिद अली की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की हिरासत 10 दिन के लिए बढ़ा दी है। अदालत ने इसी मामले में शोएब को भी 10 दिनों की एनआईए पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

एनआईए ने दो आरोपियों शोएब और आमिर राशिद अली को प्रधान जिला एवं अतिरिक्त न्यायधीश अंजू बजाज चंदना के सामने पेश किया। गिरफ्तार आरोपी आमिर राशिद अली उस कार का पंजीकृत मालिक है, जिसका इस्तेमाल आत्मघाती हमलावर द्वारा धमाके में किया गया था।

#### जासूसी के आरोप में वकील गिरफ्तार

पाकिस्तान की आईएसआई के लिए जासूसी के आरोप में हरियाणा की नूंह पुलिस ने वकील रिजवान को गिरफ्तार किया है। वकील रिजवान गुरुग्राम की कोर्ट में प्रैक्टिस करता है। पुलिस ने दो दिन पहले पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। सदर थाना पुलिस ने देश विरोधी गतिविधियों के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया है। वकील के एक साथी को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वकील पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी को गुप्त सूचना देने के आरोप है।

#### शोएब से पहले पूछताछ की थी

एनआईए ने फरीदाबाद से शोएब नामक एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि शोएब ने आतंकी उमर नबी को धमाके से ठीक पहले न केवल पनाह दी, बल्कि लॉजिस्टिक सपोर्ट भी मुहैया कराया था। इस गिरफ्तारी के साथ ही इस मामले में अब तक कुल गिरफ्तार आरोपियों की संख्या सात हो गई है। सूत्रों के अनुसार, शोएब की गिरफ्तारी के बाद मामले की परतें खुलनी शुरू हो गई हैं।

### इजराइल के राजदूत अजार ने मुंबई आतंकी हमलों के मृतकों को श्रद्धांजलि दी

# आतंकवाद के खिलाफ भारत के समर्थन की दोहराई प्रतिबद्धता, कहा- 26/11 इंसानियत पर बड़ा 'हमला'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इजराइल ने आतंकवाद के सभी रूपों को हराने के लिए भारत के साथ काम करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। भारत में इजराइल के राजदूत रियुवेन अजार ने बुधवार को 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के


राजदूत रियुवेन अजार

मृतकों को श्रद्धांजलि दी और इस आतंकी घटना को इंसानियत पर हमला बताया। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई पर 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकी हमले में 160 से ज्यादा लोगों ने अपनी जान गंवा दी थी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर साझा किए गए एक वीडियो मैसेज में, अजार ने कहा कि इस हमले में हर समुदाय, देश और हर धर्म के लोगों को टारगेट किया गया।

उन्होंने कहा कि इजराइल आतंकवाद में मासूम लोगों की जान जाने का दर्द समझता है और हिम्मत और पक्के इरादे से इसका जवाब दे रहा है। उन्होंने कहा कि आज, जब भारत 26/11 के भयानक मुंबई आतंकी हमलों की बरसी मना रहा है, मैं और इजराइल के लोग, भारत के लोगों के साथ खड़े हैं, ठीक वैसे ही जैसे हम उस काले दिन और उसके बाद हर साल खड़े थे। 26/11 सिर्फ मुंबई पर हमला नहीं था।

> *भारत में इजराइल के राजदूत रियुवेन अजार ने कहा कि 26/11 सिर्फ मुंबई पर हमला नहीं था, यह इंसानियत पर हमला था। इस हमले ने हर समुदाय, हर देश, हर धर्म, भारतीयों और इजराइलियों को एक ही तरह से टारगेट किया। बदकिस्मती से, इजराइल इस दर्द को जानता है।*

#### भारत-इजराइल के मिले-जुले अनुभव ही साझेदारी की नींव

#### फ्रांस के राजदूत ने भी की 26/11 आतंकी हमले की निंदा


**फाइल फोटो :** 26 नवंबर 2008 के दिन मुंबई के ताज होटल पर हमला

#### शहर की रक्षा करने वालों का सम्मान

अजार ने कहा कि भारत और इजराइल के मिले-जुले अनुभव ही 'गहरी और हमेशा रहने वाली साझेदारी' की नींव हैं। आज, हम 26/11 के पीड़ितों को याद करते हैं। हम उन बहादुर अधिकारियों, सुरक्षा बलों और फर्स्ट रेस्पॉन्डर्स का सम्मान करते हैं जिन्होंने बहुत बड़ी कुर्बानी देकर शहर की रक्षा की, और हम उन परिवारों के साथ खड़े हैं जिनकी जिंदगी हमेशा के लिए बदल गई।

#### *इजराइल हमेशा भारत के साथ खड़ा है*

*इजराइली राजदूत अजार ने इस बात पर भी जोर दिया कि इजराइल आतंकवाद को उसके सभी रूपों में हराने के लिए भारत के साथ काम करने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है और रहेगा। उन्होंने कहा कि जब हम 26/11 को याद करते हैं, तो हम अपने साझा मूल्यों, आजादी, लोकतंत्र और इस पक्के विश्वास को दोहराते हैं कि जिंदगी को हमेशा नफरत पर जीत मिलनी चाहिए। भारत अकेला नहीं है।*

#### फ्रांस के राजदूत ने भी दी श्रद्धांजलि


भारत में फ्रांस के राजदूत थिएरी मथौ

भारत में फ्रांस के राजदूत थिएरी मथौ ने आतंकी हमलों के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी, साथ ही आतंकवाद को लेकर फ्रांस की निंदा को दोहराया और आतंकवाद से लड़ने में भारत को अपना समर्थन दिया। एक एक्स पोस्ट में उन्होंने कहा कि मुंबई हमला 26/11: इन भयानक हमलों के 17 साल पूरे होने पर, फ्रांस पीड़ितों की याद में श्रद्धांजलि देता है। फ्रांस आतंकवाद की पूरी तरह से निंदा करता है, और इस बुराई से लड़ने में भारत के साथ खड़ा है।

## जम्मू-कश्मीर में बढ़ा सर्दी का कहर


धुंध में डूबी श्रीनगर की डल झील

#### तापमान माइनस 3.9 डिग्री पहुंचा

***श्रीनगर।*** *जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर शहर में बुधवार को इस मौसम की अब तक की सबसे ठंडी रात दर्ज की गई, जहां तापमान माइनस 3.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। आने वाले दिनों में सर्दी का प्रकोप और अधिक होगा। 10 दिसंबर तक गलन महसूस कराने वाली ठंड पड़ेगी, हालांकि उसके साथ ही मौसम सर्द और शुष्क रहेगा।*

### भारत-स्लोवेनिया ने की साझेदारी की समीक्षा

## द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने कृषि, ऊर्जा फार्मा सहित कई क्षेत्रों में करेंगे सहयोग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत और स्लोवेनिया के बीच व्यापार और आर्थिक सहयोग पर संयुक्त समिति (जेसीटीईसी) के 10वें सत्र का आयोजन बुधवार को नई दिल्ली में किया गया।

बैठक की संयुक्त अध्यक्षता भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के संयुक्त सचिव साकेत कुमार और स्लोवेनिया के विदेश एवं यूरोपीय मामलों के मंत्रालय में आर्थिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक कूटनीति के महानिदेशक पीटर जापेल्ज ने की। दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों की समीक्षा


साकेत कुमार (बाएं) और पीटर जापेल्ज

करने, प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने और भविष्य के व्यापार व निवेश को बढ़ाने के लिए आगे की रणनीति तय की। साथ ही कृषि, रसायन, फार्मा, स्वास्थ्य, परिवहन, ऊर्जा, पर्यटन, एमएसएमई, आयुर्वेद सहित कई क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों पर चर्चा हुई।

### पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़

## लॉरेंस गैंग के 4 शूटर गिरफ्तार, 2 को गोली लगी, गोला-बारूद बरामद

एजेंसी ⏭ मोहाली (पंजाब)

पंजाब के मोहाली में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई है। यह घटना बुधवार दोपहर डेराबस्सी-अंबाला हाईवे पर हुई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ बदमाश यहां बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी की तो शातिरों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। बताया जा रहा है कि लॉरेंस गैंग के शूटरों ने पुलिस पर गोलियां चलाई। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की। गोली लगने से दो


मुठभेड़ स्थल पर नूंह पुलिस

बदमाश घायल हुए हैं। पुलिस ने इस कार्रवाई को दौरान चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है, जो लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े हैं। वहीं घायल आरोपियों को डेराबस्सी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। आरोपियों से पुलिस को भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ है।

### यूएन सुरक्षा परिषद एक उम्मीदवार के नाम की सिफारिश करेगी

## संयुक्त राष्ट्र के मुखिया को चुनने की प्रक्रिया शुरू, कई बड़े नाम हैं दावेदार

एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) महासचिव एंटोनियो गुटेरेस का दूसरा पांच साल का कार्यकाल अगले साल समाप्त हो रहा है। जिसके बाद नए महासचिव को चुनने की प्रक्रिया औपचारिक रूप से मंगलवार से शुरू हो गई है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में यूएन महासचिव का पद बेहद अहम होता है।

ऐसे में कई बड़े नाम इस पद की दौड़ में शामिल हैं। मंगलवार को 15 सदस्यों वाली संयुक्त सुरक्षा परिषद और 193 देशों की महासभा के अध्यक्ष ने एक संयुक्त पत्र जारी किया है। जिसमें संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों देशों से अगले महासचिव के लिए नाम मांगे गए हैं। यूएन महासचिव पद का उम्मीदवार संयुक्त राष्ट्र सदस्य देश का होना चाहिए। आमतौर पर यह पद क्षेत्रवार बदलता रहता है। मतलब मौजूदा महासचिव एंटोनियो गुटेरेस साल 2016 में चुने गए थे और वे पुर्तगाल यानी पूर्वी यूरोप के उम्मीदवार थे। अब यह पद किसी लैटिन अमेरिकी नेता को दिया जा सकता है। हालांकि कुछ राजनयिक अन्य क्षेत्रों से भी उम्मीदवारों के नाम दे सकते हैं।


यूएन सभा और उसका प्रतीक चिन्ह

#### कई राउंड की वोटिंग होगी

नए महासचिव की चुनाव प्रक्रिया कई महीनों तक चलेगी, जिसमें कई राउंड की वोटिंग होगी। इससे पहले यूएन सुरक्षा परिषद अगले साल के आखिर में 10वें यूएन महासचिव के चुनाव के लिए 193 सदस्यों वाली महासभा को आधिकारिक तौर पर एक उम्मीदवार के नाम की सिफारिश करेगी। सुरक्षा परिषद एक गुप्त मतदान करेगी, जिसे स्ट्रॉ पोल कहा जाता है। स्ट्रॉ पोल में हर उम्मीदवार के लिए काउंसिल मेंबर को ये विकल्प दिए जाते हैं: प्रेरित करना, हतोत्साहित करना या कोई राय नहीं।

चिंतन

# अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा पाक

एक बहुत पुरानी कहावत है 'कुत्ते की दुम' को 12 साल भी पाइप में रखो तब भी सीधी नहीं होती। यही हाल पाकिस्तान का भी है। अभी ऑपरेशन सिंदूर के घाव पूरी तरह से भरे भी नहीं हैं कि उसने फिर से भारत के अंदरुनी मामलों में दखल देने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को श्रीराम जन्मभूमि आयोध्या में श्रीराम मंदिर पर ध्वजा क्या फहराई, पाकिस्तान के पेट में दर्द हो गया। पाकिस्तान ने करीब 2 साल पहले 22 जनवरी 2024 को हुए राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की भी निंदा की थी। तब पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा था-हम अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन की निंदा करते हैं। अब यूएन में अपील दायर कर पाकिस्तान ने कहा कि भारत की अदालतों ने भी मंदिर निर्माण की इजाजत दे दी। यह अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव का बड़ा उदाहरण है। भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों खासकर मुसलमानों पर दबाव बढ़ रहा है। भारत की कई ऐतिहासिक मस्जिदें खतरे में हैं। मुसलमानों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक तौर से हाशिये पर धकेला जा रहा है। उसने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि वह भारत में बढ़ते इस्लामोफोबिया, नफरत और मुसलमानों पर हमलों पर ध्यान दे। उसने यूएन और अंतरराष्ट्रीय संगठनों से कहा कि वे भारत में अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थलों और उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए कदम उठाएं। जबकि सच्चाई इससे कोसों दूर है। भारत पर आरोप लगाने वाले पाकिस्तान को यह सब कहने से पहले अपने गिरेबान में झांक लेना चाहिए। पाकिस्तान में खुद बड़े पैमाने पर अल्पसंख्यकों के साथ हिंसा की जा रही है। अमेरिका की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 की पहली छमाही में पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर हमले और धमकियों की अनेक घटनाएं हुईं, लेकिन वहां की सरकार ने दोषियों पर कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की। 2023 में एक चर्च जलाने के आरोप में पकड़े गए 10 लोगों को हाल ही में अदालत ने बरी भी कर दिया। पाकिस्तान में अक्सर हिंदू और ईसाई लड़कियों के जबरन धर्म परिवर्तन और जबरन शादी के मामले सामने आते रहते हैं, खासकर सिंध और पंजाब में। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार का लंबा इतिहास है। कौन नहीं जानता है उत्पीड़न से परेशान होकर पाकिस्तान के हजारों हिन्दू परिवार भारत में शरण लिए हुए हैं। यहां तक कि इमरान खान की पार्टी से सांसद रहे डिवाया राम तक वहां हो रहे शोषण से दुःख होकर भारत भाग आए और आजकल हरियाणा के फतेहाबाद में मूंगफली बेच कर जीवन यापन कर रहे हैं। ऐसे ही एक पाकिस्तान के एक हिन्दू पुलिस अधिकारी भागकर पंजाब आ गए और कई सालों से यही रह रहे हैं। जिस देश में अल्पसंख्यक सांसद और पुलिस वाले ही सुरक्षित न हो, वहां आम आदमी के हालात के बारे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। ऐसे देश को दूसरे को नसीहत देने का कोई अधिकार नहीं है। भारत सर्वधर्म पर विश्वास करने वाला देश है। हमारा संविधान सबको सामान अधिकार देता है। पाकिस्तान किसी धर्म विशेष की बात करके केवल और केवल भारत में अलगाव को बढ़ावा देने की कोशिशों में लगा है। जिसमें वो कभी कामयाब नहीं हो सकता। क्योंकि नया भारत उसके हर मंसूबे से वाकिफ है।

# गुमशुदगी के बढ़ते आंकड़े चिंताजनक



चिंतन
डॉ.रमेश ठाकुर

इस साल पूरे देश में एक लाख 16 हजार से ज्यादा गुमशुदगी के मामले दर्ज हुए हैं। इजाफे की गति ने ही वैश्विक स्तर पर लापता लोगों के मामले में भारत को दूसरे पायदान पर लाकर खड़ा कर दिया है। गुमशुदगी में राजधानी दिल्ली अव्वल है लेकिन अछूता कोई प्रदेश नहीं है। चाहे मैदानी राज्य हों या पहाड़ी? हर जगह से लोग नियमित गायब हो रहे हैं। दुःख यह है कि बरामदगी का आंकड़ा बहुत धीमा है। ये कृत्य निश्चित रूप से बदनामी का ऐसा तमगा है जो किसी भी विकसित देश की महकती व्यवस्था पर कालिख पोतने जैसा है।

रहस्यमय ढंग से गुमशुदा होते लोगों को धरती निगल रही है या आसमान खा रहा है? ये सवाल गुजरे बीते महीनों से सभी के जुबान पर हैं। अनसुलझी पहेली जैसा बना हुआ है यह विषय। भारत में गायब लोगों के आंकड़ों में करीब 42 फीसदी का इजाफा हुआ है, जो अपने आप में अचंभित करता है। बीते सप्ताह आई 'नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो' की रिपोर्ट में भी बढ़ोतरी हुई। रिपोर्ट की मानें तो इस साल पूरे देश में एक लाख 16 हजार से ज्यादा गुमशुगदी मामले दर्ज हुए हैं। इजाफे की गति ने ही वैश्विक स्तर पर लापता लोगों के मामले में भारत को दूसरे पायदान पर काबिज कर दिया है। गुमशुदगी में राजधानी दिल्ली अव्वल है, लेकिन अछूता कोई प्रदेश नहीं है। चाहे मैदानी राज्य हों या पहाड़ी? हर जगह से लोग नियमित गायब हो रहे हैं। दुःख यह है कि बरामदगी का आंकड़ा बहुत धीमा है। ये कृत्य निश्चित रूप से बदनामी का ऐसा तमगा है जो किसी भी विकसित देश की महकती व्यवस्था पर कालिख पोतने जैसा है।

उत्तराखंड के हालात तो और भी खराब हैं। वहां रोजाना तीन लोग रहस्यमय तरीके से गायब हो रहे हैं, उनका भी रिकवरी रेट बहुत कम है। असंख्य लोगों का गायब होना और किसी का सुराग ना लगना? अपने आप में चौकाता है, जबकि, वर्षों से निर्धन या अति पिछड़े देशों में गायब लोगों के संबंध में हम सुनते आते थे, जिनमें अफगानिस्तान, बलूच, पाकिस्तान, बाग्लादेश, योगांडा व कुछ अफ्रीकी देश शामिल थे। लोगों के गायब होने खतरा भारत में एकाध दशकों से ज्यादा मंडराया है। मेघालय, सिक्किम जैसे शांत प्रदेशों तक से लोग लापता हो रहे हैं। वहीं, दिल्ली में इसी साल पिछले मात्र 210 दिनों में 8 हजार के करीब लोग गायब हुए, जिनमें सिर्फ 290 लोग ही खोजे जा सके। सवाल उठता है कि उन्हें आसमान निगल गया, या धरती खा गई?

गुमशुदगी को लेकर विभिन्न प्रदेशों की सरकारों से लेकर प्रशासन और पुलिस महकमा भी अनोखी थ्योरी को सुलझाने में नाकाम है। खोजबीन व तमाम कोशिशों के बावजूद भी उनकी जांच-पड़ताल बेनजीता साबित हो रही है। तमाम कोशिशों के बावजूद भी लापता लोगों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा। गुमशुदगी के ताजे आंकड़े एनसीआरबी के अलावा 'जोनल इंटीग्रेटेड पुलिस नेटवर्क' (जिपनेट) ने भी जारी किए हैं, जिनसे न सिर्फ शासकीय महकमों में खलबली है, बल्कि जनमानस में भी डर बैठा है। जहां आंकड़े बढ़े बताए गए हैं वहा के वासी कुछ ज्यादा ही डरे हुए हैं, उन्हें अपनी और अपने परिजनों की चिंता समाने लगी हैं। आंकड़ों में ऐसे अनगिनत नौनिहाल भी हैं जो या तो पार्कों में खलने गए या ट्यूशन से पढ़कर वापस ही नहीं आए। बिहार, पंजाब, राज्यस्थान, तेलंगाना, हरियाणा में 2022-23 और 2023-24 के आंकड़ों में 22 फीदसी बढ़ोतरी भी चिंता बढ़ाती है।

गायब व्यक्तियों के प्रस्तुत आंकड़ों में जिपनेट ने एक और बात डरावनी कही है। विक्षिप्त किस्म के और बुजुर्ग वर्ग के जितने भी शव पुलिस को बरामद हुए उनमें चौकाने वाली बात यह निकली, उन ज्यादातर शवों में किडनियां गायब मिली हैं। ये मामला सीधे-सीधे मानव तस्करी और किडनी गैंग से जुड़ा प्रतीत होता है। समय-समय पर ऐसी खबरें आती ही रहती कि बड़े अस्पतालों




में अप्रत्यक्ष रूप से किड़नी गिरोह सक्रिए हैं? जो किडनियों की डिमांड को पूरा करने के लिए बुजुर्गों, मजदूरों, विक्षिप्तों व निर्बलों को टारगेट करते हैं। देशभर के नामी बड़े अस्पताल इन हरकतों में बदनाम रहे भी हैं। किडनी चोर का बड़ा गैंग कुछ वर्षों पहले एक्सपोज भी हुआ था, जिसके आका को पुलिस ने नेपाल से धरा था। 2024-25 के लापता आंकड़ों में पश्चिम बंगाल व असम के हालात तो और भी डरावने बताए गए हैं। गुमशुदगी के आंकड़े वैसे तो देश भर से सालाना या महीनों के हिसाब से पेश होते ही हैं, जिनमें एकाध या दर्जन भर लोगों के ही गायब होने की सूचनाएं होती हैं।

गौरतलब है कि गायब लोगों के मामलों में दिल्ली का आंकड़ा बेहद चिंताजनक है। 1 जनवरी से लेकर 23 जुलाई 2025 के बीच 7 हजार 880 लोग गायब हुए हैं। इससे केंद्र भी चिंतित है। खुदा-न-खास्ता अगर ये गति समूचे देश में फैल गई तो कोहराम मच जाएगा। इसे किसी भी सूरत में रोकना होगा। व्यक्तियों के परिजन पुलिस थानों में चक्कर काटते हैं। मामले फाइलों में धूल फांकते रहते हैं। परिजन खुद से भी कोशिश करते हैं, पर सफलता उन्हें भी नहीं मिल रहीं? गुमशुदगी मामलों में 'संयुक्त राज्य अमेरिका' सदैव अव्वल रहा था। दूसरे नंबर पर भारत है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की नवीनतम रिपोर्ट के मुताबिक भारत में प्रत्येक घंटे में 88 महिलाएं, बच्चे और पुरुष गायब हो रहे हैं, यानी रोजाना 2,130 और हर महीने 64,851। 2022 से लेकर 2024 के बीच इन आंकड़ों में बेहताशा उछाल आया। ग्रामीण क्षेत्रों के मुकाबले महानगरों में गति ज्यादा है। लापता में सर्वाधिक संख्या बच्चों और महिलाओं की है। पुरुष भी हैं, लेकिन बच्चियों और महिलाओं से कम।

कानाफूसी ऐसी भी है कि लापता लोगों को पकड़ने में कुछ गिरोह सक्रिए हैं। जो मानव तस्करी के अलावा, भीख मंगवाने जैसे कृत्यों में गायब लोगों को डाल रहे हैं। जहां तक दिल्ली में गायब लोगों की बात है तो दूसरे राज्यों के मुकाबले वहां सुरक्षित हमेशा चौकन्नी रहती है। बावजूद इसके ऐसा हाल? ताज्जुब यह भी है कि ऐसी घटनाएं हाई सिक्योरिटी जोन जैसे संसद मार्ग, चाणक्यपुरी, कनेटप्लस, तिलक मार्ग क्षेत्रों में हो रही हैं। जो क्षेत्र चौबीसों घंटे सीसीटीवी के निगरानी में हैं। प्रशासन बरामदगी को लेकर खाली हाथ है। वहां गायब हुए लोगों के आंकड़ों को जिपनेट जैसी विश्वसनीय संस्था ने उजागर किए हैं जो इस क्षेत्र में माहिर बताई जाती है। संस्था एक केंद्रीकृत डेटाबेस है जिनके आंकड़ों का प्रयोग, पुलिस, कोर्ट व कानूनी प्रक्रियाओं और जांच एजेंसियां करती हैं। अज्ञात शवों का भी विश्वसनीय डाटा उनके पास होता है। संस्था विभिन्न थानों, सरकारी संस्थाओं और प्लेटफार्मों से डाटा एकत्र करती है। जिपनेट के आंकड़ों पर एनसीआरबी की रिपोर्ट ने भी मुहर लगा दी है। समूचे भारत में फैली गायब होने की गति को थामना होगा। इस सरकार का कहना कि भारत विशाल जनसंख्या वाला देश है, इसलिए ये आंकड़े बड़े लगते हैं। पर, ये चिंता व्यक्त करने का मुकम्मल तरीका कतई नहीं हो सकता। एक भी व्यक्ति का गायब होने का मतलब है सिस्टम की कार्यशैली पर सवाल उठाना। रिवकरी की स्पीड बढ़नी चाहिए, सुरक्षा तंत्र को चौकन्ना करना होगा। दोषियों पर कड़ी कार्यवाही करनी होगी। गायब लोगों में अभी तक पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश व महाराष्ट्र जैसे राज्य ही बदनाम थे। लापता लोगों के कम रिकवरी रेट पर सुप्रीम कोर्ट ने भी चिंता जताई है। दरअसल, ये ऐसा मानवीय पहलू है जिस पर सभी को गंभीरता से विमर्श करने की आवश्यकता है। ये ऐसी समस्या है जो किसी के भी दरवाजे पर आकर दस्तक दे सकती है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

हादसा
योगेंद्र माथुर



# किसी षड्यंत्र का शिकार तो नहीं हुआ तेजस

दुबई में आयोजित अंतराष्ट्रीय एयर शो में पांचवें व अंतिम दिन शुक्रवार को भारत का स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस प्रदर्शन के दौरान दुर्घटना का शिकार हो गया। पायलट विंग कमांडर नामांश स्याल की इस दुर्घटना में मृत्यु हो गई। यह खबर भारतीय रक्षा क्षेत्र को गहरा धक्का पहुंचाने वाली है। तेजस एक बहुउद्देशीय स्वदेशी युद्धक विमान है, जिसका विकास 1980 के दशक में हुआ। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा विकसित इस एक सीट व एक जेट इंजन वाले इस स्वदेशी युद्धक विमान को आधिकारिक रूप से तेजस नाम सन 2003 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपाई ने दिया था। तेजस का आशय चमक या प्रतिभा से है।

वास्तव में तेजस भारतीय रक्षा प्राद्योगिकी का वह नायब हीरा रहा है जिसकी चमक से समूचा विश्व चौंधिया रहा है। हल्के और अन्य लड़ाकू विमानों की अपेक्षा कम वजन व कम कीमत के तेजस की युद्धक क्षमता व अन्य योग्यताओं से दुनिया के देश न केवल अचंभित हो रहे हैं, बल्कि इसकी खरीदी को लेकर भी अपनी रुचि दिखा कर रहे हैं। मलेशिया, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, फिलीपींस, इंडोनेशिया आदि कई देश इसकी खरीदी के लिए सहमति प्रदर्शित कर चुके हैं। तेजस का डिजाइन ज्यादा खतरे वाले हवाई अभियानों के लिए किया गया है। यह वायु रक्षा के साथ समुद्र की टोह लेने और संभावित खतरे पर हमला करने में सक्षम है। यह पूरी तौर पर स्वदेशी युद्धक विमान है। केवल इसका इंजन विदेशी है। इसके लिए एफ 404 इंजन अमेरिका की जेनरल इलेक्ट्रिक कंपनी द्वारा तैयार किए जाते हैं। तेजस 2200 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उड़ान भरने में सक्षम है। यह 16500 मीटर तक की ऊंचाई तक और 3000 किलोमीटर दूर तक अथक उड़ान भर सकता है। इसकी कीमत 642 करोड़ रुपये बताई जा रही है। तेजस ने अपनी पहली उड़ान 4 जनवरी 2001 को भरी थी। सन 2011 में इसे सीमित उपयोग के लिए मंजूरी मिली और 2015 में इसे वायुसेना में शामिल किया गया। सन 2019 में तेजस को युद्ध के लिए पूरी तरह तैयार माना गया।

दुनिया के पांचवीं पीढ़ी के अन्य युद्धक विमानों की अपेक्षा तेजस काफी सुरक्षित व विश्वसनीय माना गया है। अब तक कई युद्धाभ्यासों में यह अपना कौशल प्रदर्शित कर चुका है। स्वयं प्रधानमंत्री 2022 में इसकी उड़ान भर चुके हैं। अपने में तमाम खूबियां समेटे भारत का यह महत्वपूर्ण युद्धक विमान दुबई के हर दो साल में आयोजित होने वाले महत्वपूर्ण एयर शो में एक दिन पूर्व तक अपनी कलाबाजियों व हैरतअंगेज करतबों से वहां उपस्थित दर्शकों को मोह रहा था। इस प्रतिष्ठित एयर शो में दुनिया की एयरोस्पेस कंपनियां, एयरलाइंस, एयर फोर्सेज और टेक्नोलॉजी से जुड़ी कंपनियां अपने उत्पादों के साथ शामिल होती हम और यहां रक्षा सौदे को लेकर भी चर्चा की जाती है। इस वर्ष भी इस शो में दुनिया के 150 देशों की विमानन कंपनियों के प्रतिनिधि, उद्यमी व रक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल थे।

ऐसे महत्वपूर्ण आयोजन में तेजस का दुर्घटनाग्रस्त होना निस्संदेश भारत के लिए चिंता का विषय है। हमें चिंता होनी भी चाहिए लेकिन इस बात को लेकर नहीं कि दुनिया में हमारी साख प्रभावित होगी या रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदमों में अवरोध आ जाएगा। यह कोई पहला या अनोखा अवसर नहीं है जब किसी देश का युद्धक विमान किसी दुर्घटना का शिकार हुआ है। दुनिया के रक्षा क्षेत्र के सिरमौर अमेरिका, चीन व फ्रांस सहित कई देशों के युद्धक विमान पहले दुर्घटनाग्रस्त होते रहे हैं। अमेरिका का एफ-35 विमान, जिसे उसने कई देशों को बेचा है, भी अनेक बार दुर्घटना का शिकार हुआ है। अमेरिका का ही एफ-16 भी कई बार दुर्घटना का शिकार बना है। चीन का युद्धक विमान जेएफ- 17 भी दुर्घटना का शिकार हुआ है। हालांकि हमारी चिंता का कारण हमारी साख प्रभावित होने की आशंका नहीं होना चाहिए, बल्कि इस बात को लेकर होना चाहिए कि विमान जमीन से उठने के तुरंत बाद दुर्घटना का शिकार कैसे हो गया? क्या कोई तकनीकी खराबी के चलते यह सब कुछ हुआ या फिर तेजस किसी षड्यंत्र का शिकार हो गया। दुर्घटना के पीछे षड्यंत्र की बू इसलिए आ रही है कि एक दिन पूर्व ही इसका ऑयल लिक होने की फेक न्यूज मीडिया में प्रसारित हुई थी, जिसका भारत ने तत्काल खंडन कर दिया था। जांच होनी चाहिए कि इस फेक न्यूज के पीछे कौन था? प्रश्न यह भी है कि दुनिया के प्रतिष्ठित एयर शो में किसी त्रुटि या खामी वाले तेजस को शामिल होने तो नहीं भेजा गया?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## संकर सहज स्वरूप सम्हारा



संकलित
दर्शन

श्रीरामचरितमानस में भगवान शंकर भक्ति के दाता भी माने गए हैं और भक्ति के भिक्षुक भी। शिव भक्ति देते भी हैं और मांगते भी हैं। भगवान शंकर में नवभक्ति का दर्शन होता है। उनमें अष्टांग योग का, ज्ञान की सातों भूमिकाओं का और धर्म के दसों लक्षणों का दर्शन भी होता है। लंका कांड में गोस्वामी जी ने जो धर्मरथ का वर्णन किया है। उसमें जितने धर्म के सूत्र बताए हैं, वे सभी महादेव में प्रस्थापित होते हैं। शिव भक्ति स्वरूप हैं। शिव का बाहरी रूप तो 'कुंडल कंकन पहिरे ब्याला' वाला है, लेकिन आंतरिक स्वरूप भजन है, भक्ति है। मानस में है- 'संकर सहज स्वरूप सम्हारा'। सहज स्वरूप का अनुसंधान शिव ने किया। उनकी जो सहज प्रवृत्ति है, वह भजन है। भगवान भी कहते हैं कि 'संकर भजन बिना नर भगति न पावइ मोरि'। शंकर की भक्ति जो करेगा, वही मेरी भक्ति पाएगा अथवा शंकर का जो सहज भजन स्वरूप है, उसे आत्मसात करेगा, वह मेरी भक्ति पाएगा। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने पहली भक्ति संत का संग बताई है- 'प्रथम भगति संतन्ह कर संगा'। आप महेश का चरित्र देखिए। जैसे ही अवसर मिला, वे साधु-संतों का संग करते दिखाई देते हैं। पार्वती के विरह में संतों का संग करते थे। महादेव सत्संग के प्यासे हैं। दूसरी भक्ति है कथा श्रवण। कथा में जहां जगह मिले, वहां बैठकर कथा के प्रसंगों का रस उठाना। शिव कहते हैं, पार्वती, मैं काकभुशुंडि जी के आश्रम में हंस बनकर पीछे बैठ गया था। कथा श्रवण में इतनी रुचि, यह दूसरी भक्ति शिव में है।

## ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है



संकलित
प्रेरणा

एक बार स्वामी विवेकानद जी अपने आश्रम में एक छोटे पालतू कुत्ते के साथ टहल रहे थे। तभी अचानक एक युवक उनके आश्रम में आया और उनके पैरों में झुक गया और कहने लगा- स्वामीजी मैं अपनी जिंदगी से बड़ा परेशान हूँ। मैं प्रतिदिन पुरुषार्थ करता हूँ लेकिन आज तक मैं सफलता प्राप्त नहीं कर पाया। पता नहीं ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है, जो इतना पढ़ा-लिखा होने के बावजूद भी मैं नाकामयाब हूँ। युवक की परेशानी को स्वामीजी ने तुरंत समझ लिया। उन्होंने युवक से कहा- भाई! थोड़ा मेरे इस कुत्ते को कहीं दूर तक सैर करा दो। उसके बाद मैं तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर दूंगा। उनकी इस बात पर युवक को थोड़ा अजीब लगा लेकिन दोबारा उसने कोई प्रश्न नहीं किया और कुत्ते को दौड़ाते हुए आगे निकल पड़ा। कुत्ते को सैर कराने के बाद, जब वह युवक आश्रम में पहुंचा तो यह देखा कि युवक का चेहरा तेज है लेकिन उसका छोटा कुत्ता थक के जोर-जोर से हांफ रहा था। स्वामीजी ने पूछा- भाई, मेरा कुत्ता इतना कैसे थक गया? तुम तो बड़े शांत दिख रहे हो। क्या तुम्हें थकावट नहीं हुई? युवक ने कहा- स्वामीजी, मैं धीरे-धीरे आराम से चल रहा था, लेकिन मेरा कुत्ता अशांत था। सभी जानवरों के पीछे दौड़ता था, इसीलिए बहुत थक गया था। तब विवेकानंद ने कहा- भाई, तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर तो यही है! तुम्हारा लक्ष्य तुम्हारे आसपास है, लेकिन तुम उससे दूर चलते हो। अन्य लोगों के पीछे दौड़ते रहते हो और तुम जो चाहते हो वह दूर हो जाता है। युवक ने विवेकानंद के उत्तर से संतुष्ट होकर अपनी गलती को सुधारने का निर्णय लिया। अतः अपने लक्ष्य पर ध्यान रखो और भटकाने वाली सोच से दूरी बनाओ।

## सटाका




## आज की पाती

### पाकिस्तान ने किया धर्मध्वजा का विरोध

भारत की धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराएँ सदियों पुरानी हैं। यहां विविधता, सहिष्णुता और संविधानिक सुरक्षा ने हर धर्म, हर संप्रदाय को फलने-फूलने का अवसर दिया है। इसके उलट, पाकिस्तान की राजनीति अक्सर धार्मिक ध्रुवीकरण,अल्पसंख्यकों के दमन और भारत-विरोध पर आधारित रही है। हाल ही में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत में मुस्लिम विरासत मिटाने और बाबरी मस्जिद की जगह मंदिर निर्माण के नाम पर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत को घेरने का प्रयास किया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में दखल की धमकी भी दे दी। परंतु, क्या पाकिस्तान अपनी दायर की गई इस शिकायत में नैतिक रूप से खड़ा हो सकता है? क्या वह स्वयं अपने देश में हुए अल्पसंख्यक उत्पीड़न की भयावह सच्चाई से आँख मिला सकता है?

**- कांतिलाल मांडोत**, सूरत

## करंट अफेयर

# ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति ने शुरू की जेल की सजा



ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो ने मंगलवार से 27 साल की जेल की सजा काटना शुरू कर दिया। बोल्सोनारो को 2022 का राष्ट्रपति चुनाव हारने के बाद सत्ता में बने रहने के लिए तख्तापलट की साजिश का दोषी पाया गया था। इस मामले पर सुनवाई कर रहे उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश एलेक्जांद्रे दे मोरेस ने आदेश दिया कि बोल्सोनारो को उसी संघीय पुलिस मुख्यालय में रखा जाएगा, जहां वह देश छोड़कर भागने की आशंका के कारण गिरफ्तार किए जाने के बाद से थे। इससे पहले बोल्सोनारो (70) अगस्त से नज़रबंद थे। पूर्व राष्ट्रपति और उनके कई सहयोगियों को तख्ता पलट की साजिश, राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा और उपराष्ट्रपति की हत्या की योजना बनाने और 2023 में भड़के विद्रोह में उनकी भूमिका के लिए दोषी ठहराया गया। उन्हें सशस्त्र अपराधी संगठन का नेतृत्व करने और लोकतांत्रिक व्यवस्था को हिंसक रूप से समाप्त करने के आरोपों में भी दोषी पाया गया। दो अन्य दोषियों में ऑगस्तो हेलेनो और पाउलो सेरजियो नोघेइरा को सैन्य केंद्र में भेजा गया। पूर्व गृह मंत्री एंडरसन टोरेस को ब्रासीलिया की पापूडा जेल में रखा गया है।

## ऑफ बीट

# अलार्म पर स्नूज दबाने से ज्यादा थकान नहीं होती



हमारे अध्ययन में पाया गया कि झपकी लेने के बाद, प्रतिभागियों ने उठने के तुरंत बाद कई संज्ञानात्मक परीक्षणों पर वास्तव में थोड़ा बेहतर प्रदर्शन किया। इस आशय की सबसे संभावित व्याख्या यह है कि जब प्रतिभागी झपकी लेने के बाद उठे उन्हें अधिक धीरे-धीरे जागने का मौका मिला। इससे नींद की जड़ता को कुछ हद तक दूर करने में मदद मिली होगी। यह वह मानसिक कोहरे की स्थिति होती है, जिसका कई लोग सुबह के समय अनुभव करते हैं। जागने के तुरंत बाद प्रतिभागियों में देखे गए कोर्टिसोल के स्तर में छोटे अंतर से अधिक धीरे-धीरे जागने का प्रमाण मिल सकता है - जब प्रतिभागी झपकी ले सकते हैं तो स्तर अधिक होता है। पिछले शोध ने सुझाव दिया है कि एक मजबूत कोर्टिसोल जागृति प्रतिक्रिया - जागने के बाद होने वाली कोर्टिसोल में तेज वृद्धि - नींद की जड़ता में कमी से संबंधित है। इसके अलावा, चूंकि झपकी लेने वाले प्रतिभागी दोबारा गहरी नींद में नहीं सोए, इससे उनके नींद से जागने की संभावना पर और असर पड़ा होगा। कई अध्ययनों से पता चलता है कि गहरी नींद की तुलना में हल्की नींद से जागना आसान होता है। हालाँकि ये निष्कर्ष उन लोगों के लिए राहत के रूप में आ सकते हैं जो उठने से पहले बार-बार झपकी लेते हैं, लेकिन हमारे शोध का मतलब यह नहीं है कि जागने का यह तरीका हर किसी के लिए इष्टतम है।

## ट्रेंड

### श्रद्धांजलि



संविधान दिवस पर हम अपने संविधान निर्माताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनकी दूरदर्शिता हमें एक विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करती रहती है। हमारा संविधान गरिमा, समानता और स्वतंत्रता को सर्वोच्च महत्व देता है।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### विश्वास स्थापित



भारत भाषाओं, संस्कृतियों, परम्पराओं तथा मान्यताओं से भरा एक विस्तृत संसार है। संविधान ने इन सभी विविध धाराओं को एक सूत्र में पिरोकर हमें एकजुट करने का अद्भुत कार्य किया है। यही संविधान हमें 'हम भारत के लोग' के रूप में जोड़ता है और विश्वास स्थापित करता है।

**- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री**

### विस्तार से चर्चा



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में कृषि, बागवानी क्षेत्र में पतंजलि द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में व्यापक चर्चा हुई। उन्होंने जेवर फूड पार्क को विस्तार देने पर चर्चा की।

**- आचार्य बालकृष्ण, आयुर्वेदाचार्य**

### हर नागरिक से वादा



भारत का संविधान सिर्फ एक किताब नहीं, यह देश के हर नागरिक से किया गया एक वादा है। वादा कि चाहे कोई किसी भी धर्म या जाति का हो, किसी भी क्षेत्र से आता हो, कोई भी भाषा बोलता हो, गरीब हो या अमीर, उसे समानता, सम्मान और न्याय मिलेगा।

**- राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

### निर्वाचन विभाग ने जारी किया अलर्ट

# जबलपुर में एसआईआर के नाम पर साइबर ठगी का खतरा बढ़ा

हरिभूमि जबलपुर।

जबलपुर जिले में चल रही एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिविजन) प्रक्रिया के दौरान साइबर ठगी के मामलों में लगातार बढ़ोतरी को देखते हुए जिला निर्वाचन प्रशासन सतर्क हो गया है। मतदाताओं को निशाना बनाकर खुद को बीएलओ या निर्वाचन विभाग का अधिकारी बताने वाले ठग फोन और मैसेज के जरिए ओटीपी, आधार नंबर और निजी जानकारी मांग रहे हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए जिला निर्वाचन शाखा, जबलपुर ने आम नागरिकों के लिए सख्त चेतावनी जारी की है।

निर्वाचन विभाग ने साफ किया है कि एसआईआर के तहत गणना पत्रक भरने के लिए किसी भी बीएलओ या निर्वाचन अधिकारी द्वारा ओटीपी मांगना प्रक्रिया का हिस्सा नहीं है। यदि कोई खुद को अधिकारी बताकर फोन, व्हाट्सएप या मैसेज के माध्यम से ओटीपी या निजी जानकारी मांगता है, तो वह सीधा साइबर ठगी का प्रयास हो सकता है।

जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार, हाल के दिनों में जबलपुर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां लोगों को आपका नाम वोटर लिस्ट से कट जाएगा या तुरंत एसआईआर भरें जैसी डराने वाली कॉल और मैसेज भेजे गए।




### 2003 की मतदाता सूची की जानकारी ऐसे लें

निर्वाचन शाखा ने बताया कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची से संबंधित स्वयं या माता-पिता एवं दादा-दादी की जानकारी के लिए नागरिक अपने क्षेत्र के बीएलओ या नजदीकी निर्वाचन हेल्पडेस्क, जबलपुर में सीधे संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए किसी तरह की ओटीपी या ऑनलाइन अनधिकृत लिंक की जरूरत नहीं है।

### जबलपुर के मतदाताओं के लिए जरूरी सुरक्षा निर्देश

जिला निर्वाचन विभाग ने जबलपुर के मतदाताओं को निम्न सुरक्षा उपाय अपनाने की सलाह दी है, ओटीपी, आधार नंबर, बैंक या निजी जानकारी किसी को भी न दें। निर्वाचन विभाग कभी भी फोन या मैसेज पर गोपनीय जानकारी नहीं मांगता। एसआईआर की प्रक्रिया पूरी तरह मुफ्त है, इसके लिए कोई फीस या प्रोसेसिंग चार्ज नहीं लिया जाता। व्हाट्सएप और सोशल मीडिया पर आए संदिग्ध लिंक और वीडियो से दूर रहें। आपका वोटर कार्ड रद्द हो जाएगा" जैसे संदेशों से घबराएं नहीं, पहले जानकारी की पुष्टि करें।

### साइबर कैफे पर विशेष सावधानी

निर्वाचन शाखा ने यह भी बताया कि जबलपुर में कई लोग साइबर कैफे के जरिए एसआईआर फॉर्म भर रहे हैं। ऐसे में नागरिक निम्न बातों का ध्यान रखें ऑटो-सेव बंद रखें। कार्य पूरा होने के बाद ब्राउजर का हिस्ट्री और कैश जरूर डिलीट करें। प्रक्रिया पूरी करने के बाद अनिवार्य रूप से लॉगआउट करें।

### ठगी की सूचना कहां दें

यदि जबलपुर जिले में किसी नागरिक को इस प्रकार की संदिग्ध कॉल, लिंक या मैसेज मिले हैं, तो तुरंत साइबर क्राइम पोर्टल या राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। निर्वाचन विभाग ने जबलपुर के सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे सतर्क रहें, केवल अधिकृत सरकारी वेबसाइट और अधिकृत कर्मचारियों पर ही भरोसा करें और किसी भी बहकावे में न आएं।



### कलेक्ट्रेट घेराव, आईएएस अधिकारी पर एफआईआर की मांग

# जबलपुर में भड़का ब्राह्मण समाज का आक्रोश

**जबलपुर**। मध्य प्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा कथित रूप से भोपाल में आयोजित अजाक्स कार्यक्रम के दौरान दिए गए विवादित बयान ने प्रदेशभर में सामाजिक उबाल पैदा कर दिया है। ब्राह्मण समाज की बहू-बेटियों को लेकर की गई टिप्पणी को आपत्तिजनक और अपमानजनक बताते हुए कई सामाजिक संगठनों ने विरोध का स्वर बुलंद कर दिया है।

इस बयान का गहरा असर जबलपुर में भी देखने को मिला, जहां बुधवार को ब्राह्मण एकता मंच, परशुराम वंशज, सर्वब्राह्मण समाज और ब्राह्मण युवा संघ सहित विभिन्न संगठनों के सैकड़ों कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोशित लोगों ने आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि एक उच्च प्रशासनिक अधिकारी द्वारा इस तरह की भाषा का प्रयोग समाजिक सौहार्द को ठेस पहुंचाने वाला है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि मामले में शीघ्र कानूनी कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को शहर से लेकर पूरे प्रदेश स्तर तक विस्तारित किया जाएगा।

विवाद की जड़ भोपाल के डॉ. अंबेडकर मैदान में आयोजित अजाक्स की बैठक है, जहां कार्यक्रम के दौरान संतोष वर्मा ने अपने भाषण में ब्राह्मण समाज को लेकर विवादित बयान दिया। इस टिप्पणी को न केवल ब्राह्मण समाज बल्कि अन्य वर्गों द्वारा भी सामाजिक विभाजन को बढ़ावा देने वाला बताया जा रहा है।

जबलपुर में प्रदर्शनकारी संगठनों ने एक स्वर में कहा कि यह आंदोलन की केवल शुरुआत है। यदि आरोपी अधिकारी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज नहीं की गई तो प्रदेशव्यापी बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। प्रदर्शन में पंडित राम दुबे, आलोक अग्निहोत्री, अतुल बाजपेयी, संतोष पंडा, आयोध्या तिवारी, अटल उपाध्याय, कपिल दुबे सहित सैंकड़ों जन मौजूद थे।

### स्वच्छ वायु के लिए नगर निगम की 100 दिवसीय कार्य योजना तैयार

# शहर को साफ, स्वच्छ और सुंदर बनाने निगमायुक्त के प्रयास तेज



**जबलपुर**। शहर की वायु गुणवत्ता सुधारने तथा नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित और धूल-रहित वातावरण प्रदान करने के लिए नगर निगम ने एक व्यापक 100 दिवसीय कार्य योजना बनाई है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने सभी विभागीय अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक लेकर योजना के त्वरित एवं प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। बैठक में ग्रीन जोन बढ़ाने, सड़क सफाई, निर्माण स्थलों पर नियंत्रण, पेवर ब्लॉक, वॉटरिंग और वायु प्रदूषण रोकथाम के उपायों पर खास जोर रहा।

निगमायुक्त अहिरवार ने उद्यान विभाग को शहर में हरित क्षेत्र बढ़ाने के लिए तेज गति से पौधरोपण अभियान चलाने को कहा। हरित क्षेत्र की वृद्धि को वायु प्रदूषण कम करने का सबसे प्रभावी प्राकृतिक उपाय बताते हुए उन्होंने इसे प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

शहर की सड़कों और निर्माण क्षेत्रों में उड़ने वाली धूल को नियंत्रित करने के लिए निगमायुक्त ने रोजाना पानी का छिड़काव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इससे धूल कम उड़कर वायु गुणवत्ता बेहतर होगी। निगमायुक्त ने कहा कि खुले में कचरा जलाना वायु प्रदूषण का बड़ा कारण है। उन्होंने इसके विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाने के साथ-साथ उल्लंघन करने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### *जबलपुर में 98 अवैध कॉलोनियों के भू-खण्ड के अंतरण को शून्य प्रावधानित*

**जबलपुर**। नगर प्रशासन ने शहर में अवैध कॉलोनी निर्माण पर कड़ा रुख अपनाते हुए 98 अवैध कॉलोनियों के भू-खण्ड के अंतरण को शून्य प्रावधानित किया है। इस जानकारी प्रभारी अधिकारी कॉलोनी सेल ने दी। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 339 (ड) (2) और म.प्र. पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 61 (च) (2) के तहत की गई है। इसके अंतर्गत अनाधिकृत कॉलोनी निर्माण करने वाले व्यक्तियों द्वारा अवैध कॉलोनियों के किसी भी भू-खण्ड का अंतरण वैध नहीं माना जाएगा। प्रभारी अधिकारी ने यह भी बताया कि न्यायालयीन कार्यवाही में प्राप्त सूची के आधार पर यह कदम उठाया गया है ताकि शहरी भूमि के अनुचित उपयोग को रोका जा सके और शहर के नियोजित विकास को सुनिश्चित किया जा सके। नगर प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे कानूनी प्रावधानों के अनुसार ही भूमि का उपयोग और लेन-देन करें, ताकि भविष्य में किसी भी तरह की वैधानिक परेशानी से बचा जा सके।

### पंप जप्त, अब किसानों पर होगी दंडात्मक कार्रवाई, कलेक्टर सख्त

# गंदे नाले के पानी से सब्जियों की सिंचाई के विरुद्ध भी प्रशासन की कार्रवाई

**जबलपुर**। जनस्वास्थ्य से हो रहे खिलवाड़ को रोकने के लिए प्रशासनिक कार्रवाई लगातार पांचवें दिन भी जारी रही। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह एवं नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर गठित टीम ने मंगलवार को वार्ड क्रमांक 72 के कचनारी गांव में गंदे नाले के पानी से सब्जियों की सिंचाई करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध फिर कार्रवाई की।

निगमायुक्त अहिरवार ने बताया कि अब केवल पंप जप्ती तक ही कार्रवाई सीमित नहीं रहेगी बल्कि जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले किसानों पर दंडात्मक कार्रवाई भी की जाएगी ताकि ऐसी खतरनाक प्रथाओं पर पूरी तरह रोक लग सके।



### *कचनारी गांव में संयुक्त टीम ने की जब्ती कार्रवाई*

अपर आयुक्त व्ही. एन. बाजपेयी, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी एवं पोलाराव ने बताया कि निरीक्षण के दौरान नाले के पास सिंचाई के लिए लगाए गए पंप और अन्य संसाधनों को जब्त किया गया। यह कार्रवाई नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग एवं अतिक्रमण अमले की संयुक्त टीम द्वारा की गई। कार्रवाई के दौरान स्वास्थ्य निरीक्षक अनंत दुबे, अतिक्रमण दल प्रभारी अभिषेक समुद्रे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

**जनस्वास्थ्य की सुरक्षा हेतु जीरो टॉलरेंस नीति**

अधिकारियों ने बताया कि दूषित नाले के पानी से सिंचित सब्जियों में हानिकारक रसायन और बैक्टीरिया की मात्रा अत्यधिक होती है, जो मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह एवं नगर निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने इस मुद्दे को अत्यंत गंभीर मानते हुए स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि ऐसी खेती में शामिल लोगों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए। प्रशासन की इस लगातार कार्रवाई से उम्मीद है कि शहर में दूषित सिंचाई की इस खतरनाक प्रवृत्ति पर रोक लगेगी और आमजन को सुरक्षित व गुणवत्तापूर्ण सब्जियां उपलब्ध होंगी।



### आयुध निर्माणियों में मनाया गया काला दिवस, नए श्रम कानूनों का विरोध, काली पट्टी लगाई

**जबलपुर**। केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए चार नए श्रम कानूनों के विरोध में जबलपुर सहित पूरे देश की 41 आयुध निर्माणियों में बुधवार 26 नवंबर को काला दिवस मनाया गया। इस दौरान निर्माणियों में धरना गेट मीटिंग नारेबाजी की गई और काला बैच लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। ऑल इंडिया डिफेंस एंप्लॉय फेडरेशन ने इस मजदूर विरोधी कानून बताया है साथ ही कहा है कि ये नए कानून आजादी के बाद संगठित एवं असंगठित मजदूरों पर सबसे बड़ा आघात है नए श्रम कानून सिर्फ औद्योगिक घरानों को फायदा पहुंचाने एवं स्थाई नौकरी को समाप्त करने हेतु बनाया गया अब नियोक्ता को स्थाई नौकरी नहीं देना होगा नियुक्ति जब चाहे कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति करने का अधिकार भी इस कानून में दिया गया है जिससे स्थाई नौकरी में कर्मचारियों को देने वाले लाभ से नियोक्ता बच जाएंगे कर्मचारियों के काम के घंटे भी बढ़ाये जा रहे हैं आने वाले समय में चार श्रम कानून की और भी विसंगति सामने आयेंगी। जबलपुर के जीसीएफ में प्रदर्शन के दौरान विनय गुप्ता उत्तम विश्वास राजा पांडे आशीष विश्वकर्मा रितेश बेन मुकेश साहू दीप विश्वकर्मा राजेश शर्मा सुनील सिंह कृष्णा जितेंद्र मेहर साइकिल बनर्जी इत्यादि पदाधिकारी मौजूद थे।

### *पनागर में रहस्मयी घटना, जांच में जुटी पुलिस*

# माता पिता शादी में गये, बेटी का शव कुएं में मिला

**जबलपुर**। पनागर थाना क्षेत्र से एक दर्दनाक और रहस्यमयी घटना सामने आई है, जहां घर में अकेली छोड़ी गई 32 वर्षीय युवती का शव मकान के पास बने कुएं से बरामद किया गया। बेटी को घर में अकेला छोड़कर विवाह समारोह में गए माता-पिता जब देर रात घर लौटे, तो बेटी घर से लापता थी और मकान का दरवाजा भी खुला मिला। मामले की सूचना पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की और तलाश के दौरान कुएं से युवती का शव बरामद किया गया।

पनागर थाना प्राप्त जानकारी के अनुसार सुभाष वार्ड स्थित सुरेंद्र तिवारी के मकान में किराए से रहने वाले सेवानिवृत्त कर्मचारी श्याम बिहारी मिश्रा मंगलवार शाम अपनी पत्नी के साथ हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में आयोजित एक विवाह समारोह में शामिल होने गए थे। घर पर उनकी 32 वर्षीय बेटी ऋचा मिश्रा अकेली थी। शादी समारोह से रात करीब 10:30 बजे लौटने पर उन्होंने



देखा कि घर का दरवाजा खुला पड़ा है और उनकी बेटी घर में नहीं थी। इस दौरान पिता के मोबाइल पर बेटी के नंबर से एक कॉल आने की जानकारी भी सामने आई, लेकिन वह कॉल रिसीव नहीं हो सका। इसके बाद मकान मालिक और पड़ोसियों की मदद से आसपास क्षेत्र में ऋचा की तलाश की गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। रात में ही पनागर थाना पहुंचकर परिजनों ने ऋचा की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

बुधवार सुबह पुलिस की मौजूदगी में घर के पास बने कुएं की जांच की गई। कुएं का ढक्कन खुला मिलने पर संदेह के आधार पर उसमें कांटा डाला गया, जिसमें ऋचा मिश्रा का शव फंस गया। पुलिस ने शव को बाहर निकालकर पंचनामा कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामला संदिग्ध नजर आ रहा है और हत्या, आत्महत्या या दुर्घटना, सभी कोणों से जांच की जा रही है। घटनास्थल से जुड़े साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं और परिजनों व पड़ोसियों के बयान लिए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, जिसके बाद मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। पूरे क्षेत्र में इस घटना से शोक और सनसनी का माहौल है।

### मानस भवन घटना के बाद राजनीतिक घमासान जारी

# कांग्रेस का भाजपा कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन

**जबलपुर**। मानस भवन में हाल ही में हुई घटना के बाद शहर का राजनीतिक माहौल लगातार गर्माता जा रहा है। एक ओर हिंदूवादी संगठन हैं तो दूसरी ओर कांग्रेस और आंबेडकरवादी संगठनों ने मोर्चा संभाल रखा है। दोनों पक्षों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला तेज होता जा रहा है और मामला अब केवल बयानबाजी से आगे बढ़कर मारपीट और सामूहिक झड़पों तक पहुंच चुका है।



### किसी ने रिसीव नहीं किया संविधान

इसी क्रम में बुधवार को कांग्रेस पार्टी ने शहर में विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पहुंचकर भाजपा नगर अध्यक्ष को भारतीय संविधान की प्रति भेंट करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांग्रेस नेता हाथों में संविधान की प्रति लेकर भाजपा कार्यालय के बाहर काफी देर तक खड़े रहे, लेकिन पार्टी का कोई भी पदाधिकारी संविधान की प्रति लेने बाहर नहीं आया। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि जब उन्होंने मौके पर तैनात पुलिस अधिकारियों को संविधान की प्रति सौंपनी चाही, तो पुलिसकर्मियों ने भी संविधान की प्रति लेने से इंकार कर दिया। इस बात को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में और अधिक आक्रोश देखा गया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता आंबेडकर चौक पहुंचे, जहां उन्होंने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना भी की गई।

कांग्रेस नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने कहा कि संविधान देश की आत्मा है और उसका सम्मान करना हर राजनीतिक दल और प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि हालात नहीं सुधरे तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रर्दशन के दौरान नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा, मनीष चंसोरिया, झल्लेलाल जैन, संतोष पंडा, अतुल बाजपेयी, आयोध्या तिवारी, अनुराग जैन गढ़ावाल, सरबजीत सिंह रील, हरषित यादव, श्रीमति कमलेश यादव, श्रीमति इंद्रा तिवारी, श्रीमति रेखा जैन, अनुज श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

### मजदूर बिना सुरक्षा खतरनाक ऊँचाई पर काम करने को मजबूर

# नएचएआई परियोजना में लापरवाही के आरोप

**पनागर/महगवा (टगर)।** एनएचएआई की महत्वाकांक्षी भारतमाला परियोजना के तहत निर्माणाधीन जबलपुर रिंग रोड के चौथे चरण (कुशनर–अमझर खंड) में मजदूरों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएँ सामने आई हैं। निर्माण स्थल पर मजदूरों को बिना किसी सुरक्षा उपकरण के ऊँचाई पर अस्थिर स्कैफोल्डिंग पर काम करते देखा गया। स्थानीय लोगों और मजदूरों के अनुसार यह स्थिति किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकती है।



## सुरक्षा किट का अभाव, मजदूरों की जान जोखिम में

सूत्रों के अनुसार मौके पर कई मजदूर बिना हेलमेट, सेफ्टी बेल्ट, सेफ्टी बूट, ग्लव्स और रिफ्लेक्टिव जैकेट के काम कर रहे थे। निर्माण कार्यों में ऊँचाई पर कार्यरत मजदूरों के लिए सुरक्षा किट अनिवार्य है, लेकिन मौके पर सुरक्षा मानकों का पालन नदारद दिखाई दिया। मजदूरों का कहना है कि सुरक्षा सामग्री उपलब्ध नहीं कराई गई, जिससे वे बड़ी मजबूरी में जोखिम उठाकर काम करने को बाध्य हैं।

## सुरक्षा मानकों का पालन नहीं, नियमों की अनदेखी

मानकों के अनुसार स्कैफोल्डिंग की मजबूती, सेफ्टी हार्नेस, सेफ्टी बेल्ट, लाइफलाइन तथा अन्य सुरक्षा उपाय किसी भी निर्माण कार्य की मूल आवश्यकता हैं। लेकिन महगवा (टगर) क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों में ये सभी नियम केवल कागजों तक सीमित दिख रहे हैं, जबकि जमीन पर इनका पालन लगभग शून्य है।

## एनएचएआई की निगरानी पर उठे सवाल

यह परियोजना एनएचएआई की प्रतिष्ठित भारतमाला योजना का हिस्सा है। ऐसे में मजदूर सुरक्षा को लेकर सामने आई यह स्थिति निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि परियोजना को समय पर पूरा करने की जल्दबाजी में मजदूरों की सुरक्षा से समझौता किया जा रहा है, जो चिंताजनक है।

### जरूरतमंदों की मदद सबसे बड़ी मानवता

# जैन महिला परिषद ने गरीबों को बांटे कंबल

सिहोरा।



भारतीय संस्कृति में जरूरतमंदों की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य का काम बताया गया है जरूरतमंदों की मदद सबसे बड़ी मानवता है इसलिए समाज हर साधन संपन्न व्यक्तियों को जरूरतमंदों की मदद में आगे आना चाहिए यह बात सिहोरा विधायक संतोष बरकड़े मुख्य अतिथि ने मंगलवार को अखिल भारतीय जैन महिला परिषद के गरीबों के कंबल वितरण कार्यक्रम में व्यक्त किए। समाजसेवी सुधीर जैन एवं निशा जैन के संयोजन में हुआ जैन समाज के वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षक एम सी जैन की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में पूर्व जिला महामंत्री भाजपा अरुण जैन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजा मोर, मंडल अध्यक्ष सतीश पटेल, विनय जैन, मनोज जैन विशिष्ट अतिथि थे पार्षद ज्योति सुनील चक्रवर्ती, अखिल भारतीय जैन महिला परिषद की विजया जैन, जय श्री जैन, ममता जैन, उषा जैन, अनीता आनंद प्रकाश जैन, मुकता सिंघई, संगीता सिंघई ने विधायक संतोष बरकड़े का तिलक वंदन कर स्वागत अभिनंदन किया इस अवसर पर एक सौ से अधिक जरूरतमंद गरीबों को कंबल का वितरण किया गया।

# हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान : शासकीय महाविद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

**मझौली।** शासकीय महाविद्यालय मझौली में बुधवार को संविधान दिवस गरिमामयी तरीके से मनाया गया। समारोह में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की राजनीतिशास्त्र विभाग की प्राध्यापिका डॉ. अभिलाषा दुबे द्वारा सभी को संविधान दिवस की शपथ दिलाकर की गई। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. दुबे ने कहा कि भारतीय संविधान देश की आत्मा एवं सर्वोच्च विधान है। यह केवल नियमों का संकलन नहीं, बल्कि एक ऐसा पवित्र ग्रंथ है जो राष्ट्र को दिशा और नागरिकों को कर्तव्य तथा अधिकारों का बोध कराता है।



महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. भजनलाल परधान ने अपने उदबोधन में कहा कि संविधान हमें समानता, न्याय एवं बंधुत्व के मूल्यों पर आधारित एक आदर्श लोकतांत्रिक राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देता है।

कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. अभिलाषा दुबे द्वारा विद्यार्थियों के लिए प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. भरतेश भारिल्ल, गौरीकांत मिश्रा, डॉ. शालिनी यादव, डॉ. भवानी सिंह, डॉ. राजभान साहू, डॉ. सोनिका धनधारिया, डॉ. रितेश चावड़ा, डॉ. रेणुका लारिया राज, डॉ. आमोद कस्तवार, डॉ. समृद्धि परांजपे, नमन अवस्थी, अनिल साहू, दीपक मेहरा, प्रशांत श्रीवास्तव, नीलेश रैकवार तथा रोहित बर्मन सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

### वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री पंकज शर्मा ने सघन

# बिना 'प्रिंसिपल सर्टिफिकेट' के कीटनाशक बिक्री पर कार्रवाई तेज, दो प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी

**पनागर।** किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज, कीटनाशक एवं उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री पंकज शर्मा ने सोमवार, 25 नवम्बर 2025 को क्षेत्र में सघन निरीक्षण अभियान चलाया। यह कार्रवाई संयुक्त संचालक कृषि श्री के. एस. नेताम के हाल ही में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में की गई।

अभियान के दौरान श्री शर्मा तथा कृषि विस्तार अधिकारी जी. पी. मांझी ने कटंगी बायपास स्थित किसान समृद्धि केंद्र एवं रेवा बीज भंडार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में दोनों प्रतिष्ठानों पर प्रिंसिपल सर्टिफिकेट (PC) के बिना कीटनाशक विक्रय जैसी गंभीर अनियमितताएँ पाई गईं। इस पर तत्काल प्रभाव से दोनों प्रतिष्ठानों को कारण-बताओ नोटिस जारी किया गया। जारी नोटिसों को आगे की वैधानिक कार्यवाही के लिए उपसंचालक कृषि श्री एस. के. निगम को भेजा जा रहा है।



इसी क्रम में गुणवत्ता नियंत्रण को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से मीनाक्षी ट्रेडर्स, रूपक फर्टिलाइजर, सुहाने एग्रो एवं टाटा रैलीस से बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक के नमूने लेकर परीक्षणार्थ प्रयोगशाला भेजे गए हैं। गुणवत्ता मानकों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# हर बूथ पर कांग्रेस एजेन्ट सुनिश्चित करें गड़बड़ी न हो पाये

बरेला।

चुनाव आयोग मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम सम्पूर्ण देश में चल रहा है प्रत्येक मतदाता को अपना नाम मतदाता सूची में शामिल कराने का हक है।शासन प्रशासन भी पूरी मुस्तैदी से अपने बी एल ओ, सुपरवाइजर,तहसीलदार,एस डी एम, और कलेक्टर महोदय की निगरानी में समय सीमा में कार्य सम्पन्न करने कटिबद्ध है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एसआई आर, बी एल ए की प्रशिक्षण अतिआवश्यक बैठक नगर में आयोजित की गई जिसमें बरेला ब्लॉक प्रभारी रुपेन्द्र पटेल , और प्रभारी अरविन्द तिवारी की उपस्थिति में आयोजित की गई। समस्त बी एल ओ एवं प्रभारियों को अपने अपने बूथ के मतदाताओ के फार्म भरवाने सम्पर्क करना है। कोई भी पात्र मतदाता का नाम न कटे और गलत नाम न जुड़े इसकी निगरानी रखनी है। चार दिसम्बर से दावे आपत्ति के समय भी जागरूक रहना है। वोट चोरी का खेल न खेला जाये ,हमें सजग प्रहरी की तरह चौकन्ना रहना है। बैठक में, तलविंदर गुजराल, रूक्मिणी गौंटिया मुकेश पटेल, बद्री पांडेय, सुनील पाठक ,सारिका गौर, जहीर अहमद, एवं बरेला ब्लॉक अध्यक्ष सतेन्द्र गर्ग, बरेला ब्लॉक मतदाता सूची पुनरीक्षण के प्रभारी माधव शर्मा संयोजन में BLA प्रशिक्षण शिविर कार्यशाला सम्पन्न हुई, जिसमें रामजी रैकवार, विपिन झारिया, बसंत तिवारी,विजय जैन, सलीम खान, योगेश पटेल, आदि बी एल ए साथियों की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई।



# सांसद के आश्वासन के बाद भी सिहोरा रोड में नहीं मिला इतवारी का स्टॉपेज

### ठहराव नहीं मिलने से नागपुर जाने वाले यात्री मरीजों में आक्रोश

सिहोरा।

जबलपुर सांसद आशीष दुबे ने अपने सिहोरा नगर आगमन पर भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया था कि वह सिहोरा रोड स्टेशन में गुजरने वाली रीवा इतवारी नागपुर तथा शहडोल नागपुर ट्रेन का सिहोरा में दो मिनट का स्टॉपेज दिलाने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखेंगे। उनका व्यक्तिगत प्रयास रहेगा कि नागपुर जाने वाली दोनों ट्रेनों को ठहराव सिहोरा रोड स्टेशन को मिले। सांसद आशीष दुबे ने यह आश्वासन भारतीय जनता पार्टी वरिष्ठ पूर्व जिला महामंत्री अरुण जैन के सिहोरा रोड स्टेशन में रीवा इतवारी नागपुर तथा शहडोल नागपुर ट्रेन के स्टॉपेज को लेकर सौंपे ज्ञापन के समय उपस्थित लोगों को दिया था लेकिन संसद द्वारा दिए आश्वासन के तीन माह बीत जाने के बाद दोनों ट्रेनों का सिहोरा रोड स्टेशन में स्टॉपेज शुरू नहीं होने से नागपुर जाने वाली यात्रियों में जबरदस्त आक्रोश बना है। और यात्री इसके लिए सांसद को दोषी मान रहे हैं।कांग्रेस नेता के के कुररिया का कहना है कि संसद के दोनों ट्रेनों को सिहोरा रोड स्टेशन में स्थापित के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा पश्चिम मध्य रेल जोन महाप्रबंधक को कोई पत्र नहीं लिखा,नरेंद्र त्रिपाठी का कहना है कि वह सांसद के रेल मंत्री और महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेल जॉन को लिखे पत्र की वास्तविकता जानने महाप्रबंधक कार्यालय गए वहां जानकारी मिली थी रीवा नागपुर शहडोल नागपुर ट्रेनों का सिहोरा रोड स्थापित के लिए सांसद का कोई पत्र नहीं आया है कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बिहारी पटेल,जितेंद्र तिवारी,लाल बहादुर पाठक का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी आम जनों को बेहतर रेल सुविधा उपलब्ध कराने की बात करती है परंतु पार्टी के सांसद द्वारा सिहोरा रोड स्टेशन के यात्रियों को नागपुर जाने की बेहतर सुविधा शहडोल नागपुर रीवा इतवारी ट्रेन के सिहोरा रोड स्टेशन में स्टॉपेज के लिए क्यों पीछे हट रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंत्री एवं विधायक अजय बिश्नोई,विधायक प्रणय प्रभात पांडे,संतोष बरकड़े,धीरेंद्र प्रताप सिंह और पूर्व विधायक दिलीप दुबे,नंदनी मरावी,सत्य प्रकाश खरे,प्रदेश सदस्य राजा मोर,शिशिर पांडे,अनुपम सराफ,राजेश दहिया,नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दुबे,उपाध्यक्ष शारदा तिवारी,जनपद पंचायत अध्यक्ष रश्मि मनेंद्र अग्निहोत्री,उपाध्यक्ष दिलीप पटेल,पार्षद बेबी विनय पाल,ज्योति सुनील चक्रवर्ती,अजय बेटू शर्मा,शारदा बर्मन ने सांसद आशीष दुबे से रीवा इतवारी शहडोल नागपुर ट्रेन के सिहोरा रोड स्टेशन में ठहराव कराने के लिए गुहार लगाई है।




# कलेक्ट्रेट में स्थापित किये गये विशेष हेल्पलाइन नम्बर

जबलपुर।

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम को लेकर मतदाताओं की सहायता के लिये कलेक्टर कार्यालय में विशेष हेल्पलाइन नम्बर स्थापित किये गये हैं।

जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा स्थापित किये गये इन विशेष हेल्पलाइन नम्बरों 0761-181 एवं 0755 2840622 पर जिले का कोई भी मतदाता या नागरिक कार्यालयीन समय के दौरान संपर्क के एसआईआर से संबंधित अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त कर सकेगा। इसके साथ ही गणना पत्र से जुड़े प्रश्नों का जबाब तथा वर्ष 2003 के एसआईआर में अपना अथवा अपने माता-पिता का नाम, ऑनलाइन फॉर्म जमा करने आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकता है।

# बोधिसत्व नागार्जुन महाविहार ने 76वां भारतीय संविधान दिवस मनाया

जबलपुर।

बोधिसत्व नागार्जुन महाविहार संघ के तत्वावधान 26 नवम्बर को डॉ. आम्बेडकर चौक पर 76वां भारतीय संविधान दिवस प्रातः 8.30 बजे मनाया गया। भारतीय संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आम्बेडकर प्रतिमा पर उपासक एवं उपासिकाओं ने सामूहिक माल्यार्पण एवं बुद्ध वंदना की और धूमधाम से भारतीय संविधान दिवस मनाया। कार्यक्रम अध्यक्ष उमाकांत गजभिये एवं संयोजक सविता लोखंडे ने डॉ. भीमराव आम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर राजेश जनबन्धु, सिद्धार्थ उरकुडे, आशीष गजभिये, नितिन गजभिये, उमाकांत गजभिये, रामकृष्ण कांम्बले, उज्जवल सूर्यवंशी, वंदना मेश्राम, पूर्णिमा वानखेड़े, हर्षिका गोलाइत, माधुरी गजभिये, सुचित्रा भोवते, सविता लोखंडे, कविता सहारे, शोभा गोटेकर, वीरेन्द्र बौद्ध एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।



# बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर संविधान रक्षा का लिया संकल्प



संविधान फाड़ने वालों पर NSA और देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग की

जबलपुर।

भारत मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद, बहुजन क्रांति मोर्चा ने संविधान दिवस पर आम्बेडकर चौक पर बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर संविधान की रक्षा का संकल्प लिया तथा जिला प्रशासन को ज्ञापन देकर संविधान फाड़ने वालों पर NSA और देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

आज 26.11.2025 संविधान दिवस पर बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर चौक पर भारत मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद, बहुजन क्रांति मोर्चा के पदाधिकारियों ने बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर संविधान की रक्षा के लिए संकल्प लिया। आम्बेडकर चौक पर कार्यकर्ताओं ने गगनभेदी नारे लगाते हुये कहा बाबा साहब ने क्या किया? देश को संविधान दिया, संविधान की रक्षा कौन करेगा हम करेंगे, हम करेंगे, संविधान को फाड़ने वालों को गिरफ्तार करो, गिरफ्तार करो, आदि नारे लगाते हुये जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुये 23 नवम्बर को मानस भवन में संविधान की प्रति फाड़ने वाले पर NSA और देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग की और अगर 10 दिनों के अंदर उक्त संविधान विरोधी प्रति फाड़ने वालों पर कार्यवाही नहीं हुई, तो आगे आंदोलन उग्र करने की बात करते हुये ज्ञापन प्रस्तुत किया। आज के संविधान दिवस पर उपस्थित इंजी. प्रवीण गजभिये (दादा) रामराज पटेल, विनय बौद्ध, अनिल बंशकार, अरविंद बिरहा, चन्द्रशेखर उरकुड़े, रमन पटेल, प्रशांत पटेल, एड. परमानंद साहू, एड. रविकांत भगत, एड. वरूण सकतेल, एड. राजाराम साहू, एड. सागर साहू, एड. धर्मेन्द्र चौधरी, भोले मद्दू मरावी, विसई सिंह टेमरे, साहिल जाट, राजकुमार जाटव, जगदीश बंशकार, सुधार नांदेकर, राजेश भवरे, राजेश पाटिल, संजय मेश्राम, सचिन पटेल, दीपक बंशंकार, राकेश बंशकार, अनिल अड़कने, राजेन्द्र अतुलकर के साथ अनेक कार्यकर्ताओं ने संविधान दिवस मनाकर संविधान की रक्षा कौन करेगा, कौन करेगा, हम करेंगे, हम करेंगे, गगनभेदी नारे लगाकर पूरे आम्बेडकर चौक को आम्बेडकरमयी बनाया।

# ऑल इंडिया समता सैनिक दल ने मनाया भारतीय संविधान दिवस

**जबलपुर।** ऑल इंडिया समता सैनिक दल जबलपुर के तत्वावधान 26 नवम्बर को डॉ. आम्बेडकर चौक हाईकोर्ट पर 76वां भारतीय संविधान दिवस मनाया गया। भारतीय संविधान निर्माता डॉ. बाबा भीमराव आम्बेडकर प्रतिमा पर सामूहिक माल्यार्पण एवं बुद्ध वंदना कर संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्ष बिन्दुसार कापसे एवं संयोजक अशोक रामटेके ने डॉ. भीमराव आम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर बिन्दुसार कापसे ने कहा कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना में सम्पूर्ण प्रभुत्व, संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य, नागरिक अधिकार, राष्ट्र की एकता और अखंडता का प्रतीक है। संयोजक अशोक रामटेके ने कहा कि भारतीय संविधान सभा द्वारा 26.11.1949 का अंगीकृत किया गया भारत का संविधान देश का मौलिक कानून है, जो हमारी शासन व्यवस्था की आधारभूत संरचना एवं सिद्धांतों का मार्गदर्शन करता है। ऑल इंडिया समता सैनिक दल के सदस्यों ने धूमधाम से 76वां भारतीय संविधान दिवस मनाया।



## नरसिंह मंदिर में गीता जयंती महोत्सव 1 को

**जबलपुर।** नरसिंह मंदिर शास्त्री ब्रिज में गीता परिषद के तत्वाधान में गीता जयंती महोत्सव आगामी सोमवार 1 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से श्रीमद जगतगुरु डॉ स्वामी नरसिंहदेवाचार्य महाराज नगर के संतो व गणमान्य नागरिकों के सानिध्य में होगी। जिसमें स्वामी रामचन्द्रदास वेद वेदान्त विद्यालय के बटुक विद्यार्थियों द्वारा संपूर्ण गीता पाठ, विद्वानों के गीता के जीवन दर्शन पर प्रवचन और उद्बोधन होंगे। ततपश्चात आरती प्रसादी होगी। सभी गीता भक्तों से धर्म लाभ लेने का आग्रह श्री सनातन धर्म महासभा के अध्यक्ष श्याम साहनी, अशोक मनोध्याय, गुलशन मखीजा, लक्की भाटिया, हरीश सभरवाल, सुनीता चावला, अंजू भार्गव, गीता पांडे, कुसुम चौबे, प्रवेश खेड़ा, विष्णु पटेल, विध्येश भापकर, आदि ने किया है।




**श्रीमती सुरेखा राजपूत-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी स्व. श्री घनश्याम राजपूत की धर्मपत्नी तथा मंगल, रंजीत व नीलेश की मां श्रीमती सुरेखा राजपूत (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती ज्ञानवती वर्मा -** समाजवादी नेत्री श्रीमती ज्ञानवती वर्मा पत्नी दुर्गा प्रसाद वर्मा उम्र 67 वर्ष का निधन हो गया है। वे अजय, विजय, विनय की माता थीं। उनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास स्थान चुंगीचौकी कांचघर जबलपुर से सुबह 10.30 बजे ग्वारीघाट मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

**श्रीमती आशा देवी कुशवाहा-** नेपियर टाउन निवासी श्री प्रकाश कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती आशा देवी कुशवाहा (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संतोष कुमार साहू-** कृपाल चौक गुप्तेश्वर निवासी श्री संतोष कुमार साहू (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती निशा साहू-** बजरंग नगर करमेता निवासी श्री अजय साहू की धर्मपत्नी श्रीमती निशा साहू (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सतनाम कौर अरोरा-** प्रेमनगर पोस्ट ऑफिस के पीछे मदनमहल निवासी श्री जीएस अरोरा की धर्मपत्नी श्रीमती सतनाम कौर अरोरा (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती रुक्मणी मिश्रा-** कचनार सिटी विजयनगर निवासी श्री सोमेश प्रसाद मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती रुक्मणी मिश्रा (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुधा सोनी-** राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री सुशील सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती सुधा सोनी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती यशोदा बाई रैकवार-** गोरैया प्लाट आमनपुर मदनमहल निवासी श्री जुग्गा रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती यशोदा बाई रैकवार (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अभय विश्वकर्मा-** हाथीताल कॉलोनी अंबर विहार गली निवासी श्री हरि नारायण विश्वकर्मा के पुत्र श्री अभय विश्वकर्मा (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती तिरसिया बाई गुप्ता-** बधैया मोहल्ला दमोहनाका निवासी श्री मोहन लाल गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती तिरसिया बाई गुप्ता (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति बाई ठाकुर-** मप्र हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कांचघर निवासी श्री हजारी लाल ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई ठाकुर (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रोशन तिवारी-** गोरखपुर गुरूद्वारा के पीछे निवासी श्री राकेश तिवारी के पुत्र श्री रोशन तिवारी (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती प्रेमा बाई चौधरी-** बाबा टोला नई बस्ती निवासी श्री राम नारायण चौधरी धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमा बाई चौधरी (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री संदीप खरे-** महावीर कम्पाउंड सदर निवासी श्री संदीप खरे (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गिरानी बाई बेन-** राधाकृष्णन वार्ड बंशकार मोहल्ला निवासी श्री मिठाई लाल बेन की धर्मपत्नी श्रीमती गिरानी बाई बेन (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी चतुर्वेदी-** हर्षित नगर यादव कॉलोनी निवासी श्री हरि शंकर चतुर्वेदी की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी चतुर्वेदी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संजय कोल-** छुई खदान मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री संजय कोल (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती ममता पटेल-** सेठी नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री मुन्ना लाल पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती ममता पटेल (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अन्नू बाई पाटिल-** रामनगर गुलौआ गढ़ा निवासी श्री सद्दू राव पाटिल की धर्मपत्नी श्रीमती अन्नू बाई पाटिल (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
न्यूनतम 40/- प्रति वर्गसेंटीमीटर
फिक्स साइज:- सें.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- सें.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज सें.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

## मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ समेत देश के मंत्री, विधायक, विधानसभा अध्यक्षों समेत प्रबुद्ध वर्ग ने जताई शोक संवेदनाएं

# स्व. कीर्तिनारायण द्विवेदी का देहावसान देश व समाज के लिए अपूरणीय क्षति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी के



निधन पर छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश समेत देश के राजनैतिक दलों, सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की है। स्वर्गीय कीर्तिनारायण द्विवेदी हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सांसद पं. बृजनारायण 'बृजेश' के मंझले पुत्र थे। लंबे समय तक वे मप्र शासन में कृषि विभाग में अधिकारी के रूप में सेवाएं देते रहे और अपने कार्यकाल में निष्ठा, सेवा भावना के लिए जाने जाते थे।

श्रद्धा सुमन

नेताओं-प्रबुद्ध वर्ग ने व्यक्त किया गहन दुख | मध्यप्रदेश के साथ-साथ छत्तीसगढ़ भी दुख में डूबा

*स्व. कीर्तिनारायण द्विवेदी को मिले प्रभु के श्रीचरणों में स्थान*

आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी के निधन पर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने दुख व्यक्त कर शोक संवेदना व्यक्त की। रामेश्वर शर्मा ने कहा कि हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी के निधन से दुखी हूं। उनकी आत्मा को प्रभु के श्रीचरणों में स्थान मिले।



### परिवार को दुःख को सहन करने की क्षमता प्रदान करें ईश्वर

सहकारिता और खेल मंत्री विश्वास सारंग ने आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी के निधन पर दुख व्यक्त कर शोक जताया। उन्होंने कहा कि कीर्तिनारायण द्विवेदी के देवलोकगमन का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ है। उनकी आत्मा को प्रभु अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं परिवार को इस दुःख की घड़ी को सहन करने की क्षमता प्रदान करें, ऐसी ईश्वर से प्रार्थना है।



### विधायक मसूद ने व्यक्त किया शोक

आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी के निधन पर कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने शोक व्यक्त कर संवेदना जताई है। मसूद ने कहा कि हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी के निधन से दुखी हूं। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि ऊपर वाला परिवार के लोगों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करे।



### भोपाल महापौर मालती राय ने जताई संवेदनाएं



आईएनएच न्यूज चैनल-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी के निधन पर महापौर मालती राय ने गहरा दुख व्यक्त किया है और दुख के इस पल में उनके परिजनों के साथ गहरी संवेदना व्यक्त की है।

### कुलगुरु प्रो.जैन ने अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि

आईएनएच न्यूज चैनल-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी के निधन पर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के कुलगुरू प्रो एसके जैन ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रो. जैन ने कहा कि श्री कीर्तिनारायण द्विवेदी के निधन से मुझे दुख पहुंचा। ईश्वर उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें। दुख की इस घड़ी में ईश्वर परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।



### छग के सीएम, विस अध्यक्ष समेत इन नेताओं ने भी जताया शोक

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव, धरमलाल कौशिक, छग विस के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, भाजपा मप्र के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने शोक जताया।

### सांसद प्रतिनिधि सुनील यादव ने जताई शोक संवेदनाएं

सांसद प्रतिनिधि व भोजपाल महोत्सव मेले समिति अध्यक्ष सुनील यादव ने आईएनएच न्यूज चैनल-हरिभूमि मीडिया समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्ति नारायण द्विवेदी के देहावसान पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि परिजनों को इस दुःख को सहन करने और उससे उबरने की शक्ति प्रदान करें।

### सुभाष रायकवार ने निधन पर शोक व्यक्त किया

निषाद वंशीय मछुआ कल्याण समिति अध्यक्ष सुभाष रायकवार ने आईएनएच न्यूज चैनल-हरिभूमि मीडिया समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्ति नारायण द्विवेदी के देहावसान पर गहरा शोक व्यक्त किया है।



### निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने व्यक्त किया शोक

आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी के निधन पर निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने गहरा दुख व्यक्त किया है। जैन ने दुख के इस पल में उनके परिजनों के साथ संवेदना व्यक्त की।



### दिवंगत आत्मा को भगवान अपने श्रीचरणों में स्थान दें: विष्णु राजौरिया

मध्यप्रदेश परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष विष्णु राजौरिया ने आईएनएच न्यूज़ चैनल-हरिभूमि मीडिया समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्ति नारायण द्विवेदी के देहावसान पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, कीर्ति नारायण द्विवेदी के देवलोकगमन का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ है। उनकी आत्मा को प्रभु अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं परिवार को इस दुःख की घड़ी को सहन करने की क्षमता प्रदान करें, ऐसी ईश्वर से प्रार्थना है।



### कीर्तिनारायण द्विवेदी के देहावसान पर कुशवाहा ने व्यक्त किया शोक

प्रांतीय कुशवाहा समाज मप्र अध्यक्ष योगेश मानसिंह कुशवाहा ने आईएनएच न्यूज चैनल-हरिभूमि मीडिया समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी के देहावसान पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि भगवान उनकी आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं परिवार को इस दुःख की घड़ी को सहन करने की क्षमता प्रदान करें।



## विधेयक विधानसभा में प्रस्तुत करने की मिली स्वीकृति

# मप्र में नगर पालिका और नगर परिषद के अध्यक्षों का चुनाव होगा प्रत्यक्ष पद्धति से, कैबिनेट में विधेयक मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैबिनेट की बैठक में प्रदेश भर के नगरीय निकायों नगर पालिका व नगर परिषद के अध्यक्षों का चुनाव प्रत्यक्ष पद्धति से कराने के सरकार के निर्णय को मंजूरी दे दी गई। इसे विधानसभा के शीतकालीन सत्र में विधेयक के रूप में पारित कराया जाएगा। इसके बाद यह कानून बन जाएगा। अभी तक महापौर को छोड़कर नगर पालिका व नगर परिषद के अध्यक्षों का चुनाव दो तिहाई बहुमत के आधार पर चुने हुए पार्षद करते थे। किंतु प्रदेश भर में बड़े पैमाने पर शिकवा शिकायतों को देखते हुए सरकार ने प्रत्यक्ष पद्धति से चुनाव कराने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में हुई। इसमें अध्यक्षों का चुनाव प्रत्यक्ष पद्धति से कराने का प्रस्ताव पास हुआ। यानी नगर पालिका व नगर परिषद के अध्यक्षों का चुनाव अब सीधे होंगे। आम नागरिक अपने अध्यक्ष को अपने वोट से सीधे चुन सकेंगे। अभी तक मतदाता अपने वार्ड के पार्षद को चुनते थे। इसके बाद पार्षद मिलकर अध्यक्ष चुनते थे। अब ऐसा नहीं होगा।

**खास बातें**

- दिवंगत निरीक्षक स्व. शर्मा के परिजन को 1 करोड़ रुपए आर्थिक सहायता की स्वीकृति
- छोटे भाई अंकित शर्मा को उप निरीक्षक के पद पर अनुकंपा नियुक्ति का निर्णय



### नौकरी व एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता

कैबिनेट ने नक्सल विरोधी अभियान के दौरान पुलिस-नक्सल मुठभेड़ मे 19 नवम्बर 2025 को वीरगति को प्राप्त हुए निरीक्षक (विशेष सशस्त्र बल) आशीष शर्मा, हॉक फोर्स बालाघाट के परिजन को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता की स्वीकृति प्रदान की गई है। साथ ही उनके छोटे भाई अंकित शर्मा को जिला पुलिस बल में उप निरीक्षक के पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया है। दिवंगत निरीक्षक आशीष शर्मा को 2 बार राष्ट्रपति से वीरता पदक से सम्मानित किया गया था। इसके पहले वर्ष 2021 में मुख्यमंत्री की ओर से आंतरिक सेवा पदक और 2023 में दुर्गम सेवा पदक प्रदान किया गया था।

### अध्यक्ष पद के निर्वाचन संबंधी विधेयक विधानसभा में प्रस्तुत किए जाने की स्वीकृति

कैबिनेट ने प्रदेश में नगर पालिका और नगर परिषद के अध्यक्ष पद का निर्वाचन प्रत्यक्ष प्रणाली से सीधे मतदाताओं से कराए जाने संबंधी विधेयक को विधानसभा में प्रस्तुत किए जाने की स्वीकृति दी गई है। वर्ष 2022 में नगर पालिका और नगर परिषद के अध्यक्ष पद का चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से वार्डों के निर्वाचित पार्षदों से कराए गए। महापौर का निर्वाचन प्रत्यक्ष प्रणाली से से कराया जा रहा है।

### मंत्री ने कहा, अधिकारी फोन नहीं उठाते

कैबिनेट की बैठक में अनुपूरक बजट में राशि का आवंटन पर चर्चा के दौरान जीएसटी कलेक्शन में काफी कमी आने का मुद्दा नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने उठाया। उन्होंने कहा कि अफसर इसमें गड़बड़ी कर रहे हैं। अन्य राज्यों में इतनी कमी नहीं आ रही है। जबकि मप्र में हर महीने एक हजार करोड़ की क्षति हो रही है। मंत्री प्रह्लाद पटेल ने भी कहा कि लोक लेखा समिति में भी इस पर चर्चा हुई है। इस पर ध्यान देने की जरूरत है। हालांकि फोन नहीं उठाने के मुद्दे पर सबसे ज्यादा नाराजगी राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी ने जताई। उन्होंने मुख्यमंत्री ने कहा कि एसीए, पीएस से बातचीत करने के लिए एक दिन का समय तय कर दिया जाए।

## मुखर्जी नगर में डॉ. यादव ने दी 194 करोड़ रुपए की सौगातें

# कोलार में श्रीराम लीला मैदान तो कटारा में बनेगा दीनदयाल स्टेडियमः मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विकास के लिए चर्चित रहने वाली भोपाल की हुजूर विधानसभा में मंगलवार का दिन ऐतिहासिक सौगातों से भरा रहा। विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा मुखर्जी नगर कोलार के बंजारी मैदान में आयोजित 'विकास पर्व' कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की मुख्य उपस्थिति में क्षेत्र को 194 करोड़ से अधिक की विकास की सौगात मिली।

विकास पर्व को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि कटारा बरई में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नाम से स्टेडियम बनाया जाएगा, वहीं कोलार में पांच करोड़ से श्रीराम लीला मैदान बनाया जाएगा। साथ ही कोलार में जल्द ही नया कजलीखेड़ा थाना भी खुलेगा। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में 29 करोड़ की लागत से निर्मित सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण, 10 करोड़ की लागत से विकसित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम का लोकार्पण एवं अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत 155 करोड़ की लागत से व्यापक सीवेज परियोजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, मंत्री राव उदयप्रताप सिंह, राज्यमंत्री कृष्णा गौर, विधायक भगवानदास सबनानी, भाजपा जिला अध्यक्ष रविंद्र यति, महापौर मालती राय, निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी तथा नागरिक उपस्थित रहे।





### विकास पर्व के लिए 25 नवंबर से बड़ा दिन नहीं हो सकताः रामेश्वर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि आज जब मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में 194 करोड़ के विकास कार्यों का शुभारंभ हो रहा है तो दूसरी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अभिजीत मुहूर्त में श्रीराम मंदिर पर भगवा ध्वज फहरा रहे हैं। निश्चित रूप से विकास पर्व के लिए आज 25 नवंबर से बड़ा दिन कुछ नहीं हो सकता। रामेश्वर ने गुरु तेगबहादुर के शहीदी दिवस पर उन्हें नमन करते हुए उनके राष्ट्र और धर्म के प्रति समर्पण से प्रेरणा लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि हुजूर विधानसभा में विकास कोई चुनावी वादा नहीं, बल्कि नागरिकों के प्रति हमारा संकल्प है। आज जो सौगात मिली हैं, वह शिक्षा, स्वच्छता, खेल और अधोसंरचना सभी क्षेत्रों में लंबे समय तक प्रभाव डालने वाली है।



## सातवीं मंजिल से अचानक नीचे गिरी लिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी के डीडी नगर इलाके में स्थित इंद्रप्रस्थ फेस–2 अपार्टमेंट में मंगलवार को बड़ा हादसा टल गया।

परिसर में लगी लिफ्ट अचानक सातवीं मंजिल से बेकाबू होकर नीचे गिर गई। हादसे के वक्त लिफ्ट में दो महिलाएं सवार थीं। घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें लिफ्ट को अचानक फ्री-फॉल की तरह नीचे गिरते हुए देखा जा सकता है। हालांकि बड़ी राहत की बात यह है कि दोनों महिलाएं सुरक्षित बताई जा रही हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, महिलाएं ऊपर जा रही थीं तभी अचानक झटका लगा और लिफ्ट तेज आवाज के साथ नीचे जा गिरी।

## सूदखोरों के खिलाफ फिर केस दर्ज, 10.50 लाख का सामान ले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी में सूदखोर और हिस्ट्रीशीटर तोमर बंधुओं की धमकियों और जबरन वसूली का एक और मामला सामने आया है। देवेंद्र नगर थाना पुलिस ने कारोबारी संजय चांडक की शिकायत पर विरेंद्र सिंह तोमर और रोहित तोमर के खिलाफ आठवां केस दर्ज किया है।

यह घटना वर्ष 2021 की बताई जा रही है, लेकिन पीड़ित ने लगातार धमकियों के कारण अब मामला दर्ज कराया है। कार्यकर्ता संजय चांडक ने पुलिस को बताया कि आरोपी विरेंद्र और रोहित तोमर उनकी दुकान से धमकी देकर बैडशीट, पर्दे सहित करीब 10 लाख 50 हजार रुपए का सामान ले गए थे। रकम मांगने पर दोनों ने खुद को करणी सेना का अध्यक्ष बताकर दुकान बंद करवाने और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। लगातार दबाव और धमकियों के चलते व्यापारी परेशान रहा। पुलिस के अनुसार विरेंद्र सिंह तोमर इस समय जेल में बंद है, जबकि उसका भाई रोहित तोमर पिछले 5 महीनों से फरार है। उसकी गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है।

## 1000 नई समितियां बनीं, 585 समितियों को बनाया गया गतिशील

प्रदेश में 700 पदों पर नियुक्ति की कार्यवाही अंतिम चरण में

# गो पालन को बढ़ावा देने डेयरी विकास दुग्ध उत्पादन बढ़ाएं, पशु चिकित्सा सेवाओं का किया जाए विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में गोपालन को बढ़ावा देने के कार्य निरंतर संचालित किए जाएं। दुग्ध सहकारी समितियों की संख्या में निरंतर वृद्धि होना चाहिए। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन दोगुना करने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए पशुपालन और डेयरी विभाग सभी कार्य सुनिश्चित करें।

पिछले दो वर्ष में डेयरी विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां भी अर्जित हुई हैं। इन्हें निरंतर कायम रखा जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में पशुपालन एवं डेयरी विभाग की समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने पशुपालन और डेयरी विभाग की समीक्षा की

### पशु चिकित्सा कार्य को दें प्राथमिकता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पशु चिकित्सा एक महत्वपूर्ण आयाम है, इसकी अवहेलना नहीं होना चाहिए। पशु चिकित्सा सेवाओं का विस्तार आवश्यक है। राज्य के पशुधन के मान से चिकित्सक और सेवा भावी स्टॉफ की व्यवस्था से युवाओं को रोजगार भी मिलेगा।

### सहकार्यता अनुबंध के बाद बनी मैनेजमेंट कमेटी

बैठक में जानकारी दी गई कि 13 अप्रैल को मप्र शासन, एमपी स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन, संबद्ध दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के बीच सहकार्यता अनुबंध हुआ है। इसके परिपालन में दुग्ध संघों में मैनेजमेंट कमेटी का गठन कर दिया गया है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित स्टीयरिंग कमेटी में डेयरी डेवलपमेंट प्लान शीघ्र प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय पशुधन मिशन उद्यमिता विकास कार्यक्रम में मध्यप्रदेश तृतीय स्थान पर रहा है।

### 700 पदों पर नियुक्ति शीघ्र

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रिक्त पदों की पूर्ति शीघ्र करने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि लोकसेवा आयोग से शीघ्र ही 200 पशु चिकित्सकों के चयन की कार्यवाही पूर्ण की जा रही है। इसी तरह कर्मचारी चयन मंडल ने 500 सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों के पदों की पूर्ति के लिए परिणाम घोषित किए हैं। इनकी पदस्थापना भी शीघ्र हो जाएगी। आगामी वर्ष 735 पशु चिकित्सालय स्थापित करने की प्रक्रिया भी संचालित है। बताया गया कि प्रदेश में गौशालाओं को प्रति गाय 20 रुपए के स्थान पर 40 रुपए राशि दी जा रही है।

बनाएगी 1000 बेड वाला चैरिटी अस्पताल, मुख्यमंत्री साय से मिले कंपनी के चेयरमैन

# छत्तीसगढ़ में 1200 करोड़ निवेश करेगी एपीएल अपोलो इंडस्ट्रीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश में एपीएल अपोलो इंडस्ट्रीज ग्रुप ने बड़े औद्योगिक निवेश की घोषणा की है। कंपनी के चेयरमैन संजय गुप्ता ने मंगलवार को नई दिल्ली में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर निवेश का प्रस्ताव प्रस्तुत किया। बैठक में कंपनी ने बताया कि वह छत्तीसगढ़ में अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने और नए औद्योगिक संयंत्र स्थापित करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। प्रदेश की नई औद्योगिक नीति, बेहतर औद्योगिक माहौल और तेजी से विकसित हो रहे बुनियादी ढांचे ने निवेशकों का विश्वास बढ़ाया है।



इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए कंपनी ने राज्य में बड़े पैमाने पर विस्तार की योजना तैयार की है। प्रस्तावित निवेश से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। बैठक के दौरान कंपनी ने एक महत्वपूर्ण सामाजिक पहल की भी घोषणा की। वह राज्य में 100 बिस्तरों वाला एक आधुनिक चैरिटी अस्पताल स्थापित करेगा। इस अस्पताल का उद्देश्य आम जनता को किफायती व गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

### *केंद्रीय रेल मंत्री वैष्णव से मुख्यमंत्री ने की मुलाकात*

*मुख्यमंत्री साय ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर प्रदेश में रेल सुविधाओं के विस्तार, नए प्रोजेक्ट की प्रगति और चल रही परियोजनाओं के शीघ्र पूर्ण करने संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने आग्रह किया कि राज्य में स्वीकृत सभी परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से आगे बढ़ाया जाए, ताकि लोगों, उद्योगों और व्यापार जगत को बेहतर, तेज और सुरक्षित परिवहन सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे मंत्रालय छत्तीसगढ़ में कनेक्टिविटी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए क्रियाशील है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 47,447 करोड़ रुपये से अधिक की कई प्रमुख रेल परियोजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। खरसिया-नवा रायपुर-परमालकसा, गेवरा-पेंड्रा, रावघाट-जगदलपुर, खरसिया-धरमजयगढ़ तथा बिलासपुर-झारसुगुड़ा चौथी लाइन जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं रेल कनेक्टिविटी को नई ऊंचाई प्रदान करेंगी। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग सहित प्रदेश के 32 रेलवे स्टेशनों का आधुनिक पुनर्विकास भी तीव्र गति से जारी है, जिससे यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी।*

### औद्योगिक, आर्थिक, सामाजिक व पर्यटन क्षमता को नई ऊर्जा

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से छत्तीसगढ़ आने वाले वर्षों में देश के सबसे महत्वपूर्ण रेल कारिडोर वाले राज्यों में शामिल होगा और कनेक्टिविटी का यह विस्तार औद्योगिक, आर्थिक, सामाजिक व पर्यटन क्षमता को नई ऊर्जा देगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, सचिव राहुल भगत और वाणिज्य व उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### डॉलर के मुकाबले रुपया 89.23 पर लगभग स्थिर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को एक सीमित दायरे वाले कारोबार के दौरान अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया एक पैसे की गिरावट के साथ 89.23 (अस्थायी) पर बंद हुआ। मजबूत घरेलू शेयर बाजारों और वैश्विक कच्चे तेल कीमतों में गिरावट ने डॉलर की मजबूती के असर को कम कर दिया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी कोषों की निकासी और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों को लेकर चिंताओं से बाजार में जोखिम लेने की धारणा कमजोर हुई है।

### जेके लक्ष्मी सीमेंट उत्पादन बढ़ाने के लिए करेगी निवेश



**नई दिल्ली।** जेके लक्ष्मी सीमेंट ने कहा कि वह छत्तीसगढ़ में विनिर्माण क्षमता बढ़ाने के लिए 1,816 करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बना रही है। कंपनी अपनी क्लिंकर उत्पादन क्षमता को 23.1 लाख टन प्रति वर्ष और सीमेंट ग्राइंडिंग क्षमता को 12 लाख टन प्रति वर्ष तक बढ़ाने की योजना बना रही है। इसके लिए 1,816 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। प्रस्तावित निवेश के लिए सहमति पत्र पर नयी दिल्ली में आयोजित छत्तीसगढ़ निवेशक संपर्क कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साई की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए।

### रेलटेल 10 मेगावाट का डेटा सेंटर खोलेगी



**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नवरत्न कंपनी रेलटेल कॉरपोरेशन ऑफ़ इंडिया की नोएडा में टेक्नो इलेक्ट्रिक एंड इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड के साथ साझेदारी में 10 मेगावाट क्षमता के डेटा सेंटर की स्थापना की पहल के लिए तारीफ की है। वैष्णव ने नोएडा में रेल उपक्रम के प्रस्तावित डेटा सेंटर के भूमि पूजन समारोह के लिए अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा, यह घरेलू डेटा सेंटर देश के भीतर ही डेटा रखने की जरूरतें पूरी करने और राष्ट्रीय डेटा सुरक्षा को मज़बूत करने में मदद करेगा। नोएडा फेज-2 के भीतर 17,000 वर्ग मीटर में फैला सिल्वर जुबली डेटा सेंटर शुरू में 10 मेगावाट क्षमता के लिए

### आईएलएंडएफएस ने चुकाए 48,463 करोड़



**नई दिल्ली।** कर्ज में डूबे आईएलएंडएफएस समूह ने सितंबर, 2025 तक अपने लेनदारों को 48,463 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया है। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के समक्ष दायर नवीनतम स्थिति रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। यह भुगतान मार्च, 2025 तक चुकाए गए 45,281 करोड़ रुपये की तुलना में 7.02 प्रतिशत

### डीवीसी को नीलामी में तीन कोयला खानें मिलीं



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) वाणिज्यिक खानों की नीलामी के 13वें दौर में तीन कोयला खानों के लिए सबसे ऊंची बोली लगाने वाली कंपनी के रूप में उभरी है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। इन खानों से प्रतिवर्ष 4,621 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होने की संभावना है।डीवीसी झारखंड में दो नॉन-कोकिंग कोयला खानों और ओडिशा में एक नॉन-कोकिंग कोयला खदान के लिए सबसे ऊंची बोली लगाने वाली कंपनी के रूप में उभरी।

# पानी से भी सस्ता होगा कच्चा तेल, मार्च 2027 तक हो सकता है बड़ा खेल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंटरनेशनल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतें एक लीटर पानी की बोतल से भी कम हो सकती है। इस बात की भविष्यवाणी दुनिया की दिग्गज ब्रोकरेज फर्म जेपी मॉर्गन की ओर से की गई है। फर्म की ओर से अनुमान लगाया गया है कि कच्चे तेल की कीमतें वित्त वर्ष 2027 के अंत या मार्च 2027 तक 30 डॉलर प्रति बैरल हो सकती है। अगर इसे भारतीय रुपयों में देखा जाए और एक्सचेंज रेट के हिसाब से 1 डॉलर को 95 रुपए के हिसाब से देखा जाए तो कच्चे तेल की 1 बैरल की कीमत 2850 रुपए होगी. इसका मतलब है कि एक लीटर कच्चे तेल के दाम 18 रुपए से भी कम हो जाएंगे।

### 30 डॉलर पर आ सकते हैं कच्चे तेल के दाम

जेपी मॉर्गन ने कच्चे तेल की कीमतों को लेकर जबरदस्त भविष्यवाणी की है। ये बात दुनिया के उन देशों के लिए काफी बड़ी खुशखबरी हो सकती है, जो कच्चे तेल के लिए सिर्फ आयात पर ही निर्भर हैं। जेपी मॉर्गन ने अनुमान लगाया है कि ब्रेंट क्रूड की कीमत वित्त वर्ष 27 के अंत तक यानी मार्च 2027 तक 30 डॉलर प्रति बैरल तक गिर सकती है। यानी मौजूदा लेवल से ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमतें 50 फीसदी से ज्यादा कम होने की संभावना है।



### मांग से अधिक सप्लाई होगी

इस संभवित गिरावट के प्रमुख कारणों की बात करें तो जेपी के अनुसार बढ़ती ग्लोबल सप्लाई होगी, जोकि डिमांड से कहीं ज्यादा देखने में मिल सकती है। इंवेस्टमेंट बैंक के फ्रेश अनुमान से पता चलता है कि अगले तीन वर्षों में तेल की खपत में लगातार वृद्धि के बावजूद, सप्लाई में इजाफा देखने को मिलेगा। खासकर ये सप्लाई नॉन ओपेक प्लस देशों की ओर से बढ़ेगी, जो एनर्जी मार्केट को काफी प्रभावित करेगी और कीमतों में दबाव डालेगी।

### कितनी है डिमांड और क्या होगा इजाफा?

2025 में ग्लोबल ऑयल डिमांड में 0.9 एमबीडी की वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे कुल खपत 105.5 एमबीडी हो जाएगी। अनुमान है कि 2026 में ग्रोथ रेट स्थिर रहेगी और 2027 में 1.2 एमबीडी तक बढ़ जाएगी। फिर भी यह स्थिर ग्रोथ सप्लाई के साथ तालमेल रखने की संभावना नहीं है, जिसके बारे में जेपी मॉर्गन का अनुमान है कि 2025 और 2026 दोनों में मांग की दर से लगभग तीन गुना वृद्धि होगी।

### ये देश बढ़ाने वाले हैं प्रोडक्शन

इस असंतुलन का एक प्रमुख कारण नॉन-ओपेक+ प्रोडक्शन में इजाफा होगा। बैंक ने नोट किया है कि 2027 तक अनुमानित सप्लाई लाभ का आधा हिस्सा गठबंधन के बाहर से आएगा। जो मजबूत ऑफशोर ग्रोथ और ग्लोबल शेल में निरंतर गति से प्रेरित होगा. ऑफशोर, जिसे कभी एक साइकलिक और कॉस्ट वैवी सेक्टर माना जाता था, अब एक विश्वसनीय, कम कॉस्ट वाले ग्रोथ इंजन में बदल गया है।

## पीएम ने हैदराबाद में फ्रांसीसी विमानन कंपनी का किया ऑनलाइन उद्घाटन

# सुधार-उन्मुख भारत ले रहा बड़े फैसले, अब हम निवेशकों के भरोसेमंद साझेदार : मोदी

**प्रधानमंत्री ने कहा, संयंत्र युवाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करेगा**

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की निवेश क्षमता पर बल देते हुए बुधवार को कहा कि सुधारों को तेजी से लागू कर रहा भारत अब बड़े फैसले लेता है और निवेशकों के लिए एक भरोसेमंद साझेदार बन चुका है। प्रधानमंत्री मोदी ने हैदराबाद में फ्रांसीसी विमानन कंपनी सैफरान के विमान इंजन एमआरओ संयंत्र का ऑनलाइन माध्यम से उद्घाटन करते हुए यह बात कही। पीएम ने कहा कि यह संयंत्र युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि भारत ने व्यवसाय से जुड़े सैकड़ों प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से बाहर किया है और राष्ट्रीय एकल-खिड़की व्यवस्था से विभिन्न अनुमोदन को एक मंच पर लाया गया है।

> भारत ने व्यवसाय से जुड़े सैकड़ों प्रावधानों को अपराध श्रेणी से बाहर किया

### शासन अब पहले से अधिक सरल व पारदर्शी

मोदी ने कहा कि जीएसटी सुधार, चेहरा-रहित कर आकलन, नए श्रम कानून और दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के आने से शासन पहले से अधिक सरल और पारदर्शी बना है। उन्होंने कहा, "इन कोशिशों से भारत को अब एक भरोसेमंद साझेदार, एक बड़े बाजार और उभरते विनिर्माण केंद्र के तौर पर देखा जा रहा है।



### भारत दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा बाजार

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का नागर विमानन क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है और देश का घरेलू बाजार दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा है। भारतीय एयरलाइन कंपनियों ने 1,500 से अधिक नए विमानों का ऑर्डर दिया हुआ है। उन्होंने बताया कि विमानों के रखरखाव, मरम्मत एवं देखभाल यानी एमआरओ का करीब 85 प्रतिशत काम विदेशों में होने से लागत बढ़ती है और विमानों को लंबे समय तक खड़ा रहना पड़ता है।

### एमआरओ संयंत्र के विकास पर 1300 करोड़ का निवेश

सैफरान की इकाई सैफरान एयरक्राफ्ट इंजन सर्विसेज इंडिया (एसएईएसआई) ने हैदराबाद में अपने एमआरओ संयंत्र के विकास पर 1,300 करोड़ रुपये का शुरुआती निवेश किया है। यहां एयरबस ए320 निओ और बोइंग 737 मैक्स विमानों में इस्तेमाल होने वाले लीप इंजन की सर्विसिंग होगी। इस संयंत्र को प्रति वर्ष 300 इंजन की सर्विसिंग क्षमता के साथ डिजाइन किया गया है।

### सर्विसिंग के लिए स्थापित किया जा रहा संयंत्र

इस चुनौती को देखते हुए सरकार भारत को वैश्विक एमआरओ केंद्र के रूप में विकसित कर रही है। मोदी ने कहा कि सैफरान का इंजन एमआरओ केंद्र देश में पहली बार किसी वैश्विक विमान कंपनी द्वारा विस्तृत सर्विसिंग के लिए स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कंपनी की वैश्विक प्रशिक्षण और ज्ञान हस्तांतरण साझेदारी से आने वाले वर्षों में एमआरओ पारिस्थितिकी को नई दिशा मिलेगी।

### भारत में युवा प्रतिभाओं की भरमार है

आज भारत में तेजी से वृद्धि हो रही है, सरकार स्थिर है, सुधार पर ध्यान देने वाली सोच है, युवा प्रतिभाओं की भरमार है और एक बड़ा घरेलू बाजार है। सबसे जरूरी बात, भारत में निवेश करने वालों को देश सिर्फ निवेशक नहीं, बल्कि विकसित भारत के सफर में सह-निर्माता और हितधारक मानता है।"

### पोत परिवहन के लिए एमआरओ परिवेश तैयार कर रहे

पीएम ने यह भी कहा कि भारत केवल विमानों की एमआरओ गतिविधियों तक ही सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि पोत परिवहन के लिए भी एमआरओ परिवेश तैयार करने और देश के ही भीतर डिजाइन गतिविधियों को भी बड़े पैमाने पर बढ़ावा दे रहा है।

# सोना दो सप्ताह के उच्चस्तर पर, चांदी हुई और मजबूत

**सोना 1,200 रुपए बढ़कर 1,30,100 रुपए प्रति दस ग्राम**
**चांदी 2,300 रुपए बढ़कर 1,63,100 रुपए प्रति किलोग्राम**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अंतरराष्ट्रीय बाजारों में तेज़ी के चलते दिल्ली सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतें 1,200 रुपये बढ़कर लगभग दो सप्ताह के उच्चतम स्तर 1,30,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।

बाजार विश्लेषकों ने कहा कि यह बढ़त मुख्य रूप से अगले महीने अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती की नई उम्मीदों के कारण हुई। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 1,200 रुपये बढ़कर 1,29,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) पर पहुंच गया। 13 नवंबर को, 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत वाला सोना क्रमशः 1,30,900 रुपये और 1,30,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''फेडरल रिजर्व के संभावित ब्याज दर कटौती की बढ़ती उम्मीद के बीच बुधवार को सोने में बढ़त जारी रही और यह दो सप्ताह के उच्चस्तर पर पहुंच गया। उन्होंने कहा, ''दो फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की हालिया नरम टिप्पणियों के बाद, अमेरिका के नरम वृहद आर्थिक आंकड़ों ने अगले महीने संभावित कटौती की उम्मीदों को और मजबूत किया है।''

### वैश्विक बाजार में रही तेजी

बुधवार को चांदी की कीमतों में भी लगातार दूसरे दिन तेजी आई और यह 2,300 रुपये बढ़कर 1,63,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर मिलाकर) हो गई। वैश्विक बाजार में, हाजिर सोना 33.50 डॉलर बढ़कर 4,164.30 डॉलर प्रति औंस हो गया। इसके अलावा, विदेशी व्यापार में हाजिर चांदी 1.71 प्रतिशत बढ़कर 52.37 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

**निफ्टी ने फिर 26,000 के स्तर को पार कर लिया**

# अमेरिका में नीतिगत दर घटने की उम्मीद से सेंसेक्स 1,022 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर बुधवार को विराम लगा और चौतरफा लिवाली से बीएसई सेंसेक्स 1,000 अंक से अधिक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी ने फिर से 26,000 अंक के स्तर को प्राप्त कर लिया। निवेशकों ने 5.50 लाख करोड़ रुपए का मुनाफा दर्ज किया अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर घटाने की उम्मीद के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से घरेलू बाजार में उछाल आया।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,022.50 अंक चढ़कर 85,609.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 1,057.18 अंक तक चढ़ गया था। वहीं निफ्टी 320.50 अंक की बढ़त के साथ 26,205.30 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी अपने अबतक के उच्चतम स्तर से केवल 10 अंक कम है। कारोबार के दौरान, निफ्टी 330.35 तक चढ़ गया था।

विशेषज्ञों के अनुसार, रूस और यूक्रेन के बीच युद्धविराम को लेकर बढ़ती



उम्मीद ने भी निवेशकों की धारणा को मजबूत किया। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, रिलायंस इंडस्ट्रीज, सन फार्मा, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, एक्सिस बैंक और इन्फोसिस प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, भारती एयरटेल और एशियन पेंट्स के शेयर नुकसान में रहे।बाजार में भागीदारी व्यापक रही। धातु, ऊर्जा और आईटी सूचकांकों में बढ़त दर्ज की गई। मझोली और छोटी कंपनियों से जुड़े सूचकांकों में भी एक प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई। एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंग सेंग सकारात्मक दायरे में रहे।

### डॉलर के कमजोर होने से बाजार की धारणा सुधरी

यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख था। अमेरिकी बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुए। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "वैश्विक स्तर पर, दिसंबर में अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती की बढ़ती उम्मीद के साथ ही डॉलर के कमजोर होने से बाजार धारणा में सुधार हुआ है। इसके अलावा, रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष विराम को लेकर बढ़ती उम्मीद जोखिम उठाने की क्षमता को बढ़ा रही है।" शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 785.32 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# टेस्ला भारत में ग्राहकों के लिए लगाएगी चार्जिंग स्टेशन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माता टेस्ला ने बुधवार को कहा कि वह भारत में ग्राहकों की विभिन्न जरूरतों के अनुरूप चार्जिंग अवसंरचना विकसित करने पर काम कर रही है और देश के सभी प्रमुख शहरों को इसके तहत लाने का लक्ष्य रखती है।

कंपनी पहले ही दिल्ली और मुंबई में अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुकी है। कंपनी ने अब गुरुग्राम के ऑर्किड



बिजनेस पार्क में पहला टेस्ला सेंटर शुरू किया है जहां खुदरा बिक्री, आपूर्ति और चार्जिंग की सभी सुविधाएं एक ही केंद्र से उपलब्ध होंगी। टेस्ला इंडिया के महाप्रबंधक शरद अग्रवाल ने कहा कि कंपनी सुपरचार्जर नेटवर्क और घरेलू चार्जिंग समाधान दोनों तैयार कर रही है। अग्रवाल ने बताया कि दिल्ली और मुंबई में तीन सुपरचार्जर पहले से कार्यरत हैं और गुरुग्राम में एक अन्य सुपरचार्जर लगाया जा रहा है।

### टेस्ला दुनिया भर में 80 लाख गाड़ियां बेच चुका

अग्रवाल ने कहा कि दिल्ली और मुंबई जैसे गंभीर प्रदूषण से जूझ रहे महानगरों में वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर तेजी से बदलाव आवश्यक है। उन्होंने कहा कि टेस्ला अब तक दुनिया भर में 80 लाख से अधिक गाड़ियां बेच चुकी है।

# रिलायंस का बाजार पूंजीकरण 21 लाख करोड़ रुपए के पार

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. के शेयर में बुधवार को दो प्रतिशत की तेजी आई। इसके साथ कंपनी का बाजार पूंजीकरण 21 लाख करोड़ रुपये हो गया। बाजार में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली कंपनी का शेयर बीएसई में 1.99 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,569.75 रुपये पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान, यह 2.12 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,571.80 रुपये पर पहुंच गया। यह इसका 52-सप्ताह का उच्चतम स्तर है। एनएसई में, कंपनी का शेयर 1.96 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,569.90 रुपये पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान, शेयर 1,571.60 रुपये के अपने 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इसके साथ कंपनी का बाजार पूंजीकरण कारोबार समाप्ति पर 21,24,259.89 करोड़ रुपये पहुंच गया।रिलायंस इंडस्ट्रीज के लिए यह लगातार दूसरा दिन है, जब उसके शेयर में तेजी रही। यह मंगलवार को बीएसई में 0.21 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ था। इस साल अब तक रिलायंस के शेयर में 29 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है।

**आरबीआई डिप्टी गवर्नर ने कहा, अनुमान में त्रुटियों का जोखिम होता है**

# मुद्रास्फीति के अनुमान को लेकर 'पूर्वाग्रह' वाली कोई बात नहीं




एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक की डिप्टी गवर्नर पूनम गुप्ता ने बुधवार को कहा कि हर अनुमान में त्रुटियों का जोखिम होता है, पर केंद्रीय बैंक के मुद्रास्फीति अनुमान में 'व्यवस्था के स्तर पर पूर्वाग्रह' वाली कोई बात नहीं है।

इस संदर्भ में कुछ तबकों में चिंताओं के बीच, गुप्ता ने कहा कि केंद्रीय बैंक अपने मुद्रास्फीति अनुमानों पर पहुंचने के लिए विभिन्न मॉडल और विशेषज्ञ चर्चाओं का उपयोग करता है और अनुमानों का गलत होना कोई सिर्फ यहां का मामला नहीं है बल्कि 'वैश्विक घटना' है। गुप्ता ने यह भी कहा कि केंद्रीय बैंक भुगतान संतुलन के आंकड़े मासिक आधार पर जारी करने पर भी विचार कर रहा है। वर्तमान में तिमाही आधार पर ये आंकड़ें जारी किए जाते हैं। वैश्विक व्यापार नीतियों में हो रहे व्यापक बदलाव के बीच उन्होंने यह बात कही। भुगतान संतुलन देश की बाह्य स्थिति के बारे में संकेत देता है। उल्लेखनीय है कि मुद्रास्फीति अनुमान को लेकर चिंता आंकड़ों को अधिक दिखाने के अनुमान से उत्पन्न हुई है। इसके बारे में आलोचकों का तर्क है कि इसने आरबीआई को पिछले कुछ महीनों में नीतिगत दरों में और कटौती करने से रोका है।

**पश्चिम मध्य रेल**
**यांत्रिक शाखा**
**ओपन टेंडर**
**सिंगल पैकेट सिस्टम**

टेन्डर नोटिस संख्या. जबल-यांत्रिक टेन्डर-28-2025 दिनांक 20/11/2025 निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (कोचिंग). मंडल रेल प्रबंधक (यॉत्रिक), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक:** JBP-M-Tender-28-2025, दिनांक: 20.11.2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** आरडीएसओ दिशानिर्देशों के अनुसार इलेक्ट्रो न्यूमेटिक प्रेशराइज्ड फ्लशिंग सिस्टम को अंडरस्लंग से ऑनबोर्ड में स्थानांतरित करना। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹1738022.00/- **बयाना राशि:** ₹ 34800.00/- **समापन अवधि:** 100 दिन **निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय:** 12.12.2025 upto, 11.00 Hrs **निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** 12.12.2025, at 11.30 Hrs उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https:// ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।

(हस्ता.)
DRM (Mech) West Central Railway Jabalpur

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**हर 10 में से सात भारतीय अब भी इनका नियमित इस्तेमाल करते हैं**

# भारत में दूध की खपत में आ रहा बदलाव: रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में दूध और डेयरी उत्पादों की खपत के बदलते रुझानों के बावजूद हर 10 में से सात भारतीय अब भी इनका नियमित रूप से इस्तेमाल करते हैं। यह जानकारी एक अध्ययन रिपोर्ट से सामने आई है।

गोदरेज जर्सी की तरफ से जारी 'भारत दूध-उपभोग निष्कर्ष 25-26' अध्ययन को शोध फर्म यूगोव ने आठ प्रमुख शहरों में सर्वेक्षण के आधार पर तैयार किया है। शोध में पाया गया कि दूध पीने की पारंपरिक आदतें अब स्मूदी, प्रोटीन शेक और फ्लेवर वाले दूध जैसे विकल्पों की ओर झुक रही हैं।

### 51 फीसदी स्मूदी मिलाकर पीते हैं

अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक, 58 प्रतिशत उपभोक्ता अब केसर या बादाम जैसे स्वाद वाले दूध को पसंद कर रहे हैं, जबकि 51 प्रतिशत लोग दूध को स्मूदी में मिलाकर पीते हैं। इसके बावजूद चाय और कॉफी दूध के सबसे बड़े माध्यम बने हुए हैं, जहां 59 प्रतिशत प्रतिभागियों ने बताया कि वे दूध की खपत इन पेयों के जरिये करते हैं।



### बच्चों की शारीरिक वृद्धि पिछली पीढ़ी से धीमी

वहीं 54 प्रतिशत अभिभावकों को लगता है कि उनके बच्चों की शारीरिक वृद्धि पिछली पीढ़ी के मुकाबले धीमी है।

### अभी सादा दूध पीना पसंद

बचपन से जुड़ी यादों के कारण 52 प्रतिशत उपभोक्ता अभी भी सादा दूध पीना पसंद करते हैं। इस रिपोर्ट में दूध के सेवन के बदलते तरीकों को लेकर अभिभावकों की चिंताएं भी सामने आई हैं। सर्वेक्षण में शामिल 64 प्रतिशत माता-पिता का मानना है कि बच्चों की दूध खपत घटने से उनकी हड्डियों की में उनके अपने बचपन की तुलना में कमी आ सकती है।

**दूध की स्वच्छता को बेहत अहम बताया**

ब्रांडेड दूध चुनने के प्रमुख कारणों में गुणवत्ता पर भरोसा (60 प्रतिशत), स्वाद और बनावट में निरंतरता (48 प्रतिशत) और सुविधा (46 प्रतिशत) शामिल रहे। सर्वेक्षण में शामिल 71 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने दूध की स्वच्छता को बेहद अहम बताया। इन तमाम बदलावों के बावजूद डेयरी उत्पादों की परंपरागत लोकप्रियता कायम है।

### दूध कही नहीं जा रहा उसका गिलास बदला

अध्ययन के अनुसार, भारतीय घरों में दही (80 प्रतिशत), पनीर (76 प्रतिशत) और मक्खन (74 प्रतिशत) अब भी नियमित रूप से उपयोग किए जाते हैं। गोदरेज जर्सी के विपणन प्रमुख शांतनु राज ने इस अध्ययन के निष्कर्षों पर कहा, "दूध कहीं जा नहीं रहा, बस उसका गिलास बदल रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए कंपनी प्रोटीन-युक्त दूध पेय और पोषक तत्वों से भरपूर डेयरी उत्पादों में निवेश कर रही है।

## अस्पताल की कारगुजारी, बीएमओ ने जारी किए नोटिस

# नार्मल डिलीवरी के बाद भी देने पड़े 43 सौ रूपये

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया



**चांदामेटा के सरकारी सिविल अस्पताल में एक महिला को नार्मल डिलीवरी हुई । उसके बाद भी महिला के पति को डॉक्टर सही अस्पताल स्टॉफ पर 43 सौ रूपये खर्च करने पड़े । अब ब्लाक मेडिकल ऑफिसर (बी एम ओ) ने नोटिस जारी किए हैं और जांच कमेटी भी गठित की है ।मरीजों को लूटने के नाम से एक ओर जहां निजी अस्पताल बदनाम हैं , वहीं सरकारी अस्पताल भी कम नहीं है ।**

जिसकी बानगी चांदामेटा सिविल अस्पताल में बीते दिनों एक महिला को डिलीवरी होने के बाद सामने आई है । वह भी इसलिए कि डिलीवरी कराने वाले स्टॉफ की लापरवाही के चलते उसके घर जाने के बाद प्रसूता की तबियत बिगड़ी और उसे छिंदवाड़ा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया । जहां डॉक्टर ने इन्फेक्शन फैलने की बात प्रसूता के परिजनों को बताई गई । दरअसल उमरेठ क्षेत्र के इटावा की एक 26 वर्षीय महिला को दूसरी बार गर्भवती होने के बाद डिलीवरी के लिए 17 नवंबर को चांदामेटा सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया । जहां महिला ने 18 नवंबर की रात एक बेटी को जन्म दिया । 20 नवंबर को उसकी छुट्टी हो गई । उसके बाद महिला की तबियत बिगड़ी और उसे इलाज के लिए छिंदवाड़ा ले गए । जिसके बाद महिला के पति कैलाश साहू ने मामले की शिकायत सी एम हेल्पलाइन में की और यह भी बताया कि सिविल अस्पताल में उसे डॉक्टर सहित अन्य स्टॉफ को पैसे देने पड़े । उसने अस्पताल में 43 सौ रूपये दिए । जिससे साफ जाहिर है कि सरकारी अस्पतालों में भी मरीजों से पैसे लिए जाते हैं ।

### दिए नोटिस, गठित हुआ जांच दल

परासिया विकास खंड चिकित्सा अधिकारी (बी एम ओ) अंकित सहलाम ने बताया , कि इस मामले में अस्पताल अधीक्षक को नोटिस दिया जाकर जानकारी मांगी गई है । साथ ही घटना वाले दिन ड्यूटी नर्सों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है । प्रसूता के पेट में कपड़ा छोड़े जाने और पैसे लिए जाने के मामले में जांच के लिए टीम गठित की गई है । इस मामले में जो लोग भी दोषी होंगे , उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ।

### जांच टीम में हैं चार सदस्य

बीएमओ डाक्टर अंकित सहलाम ने बताया , कि चार सदस्यों की जांच कमेटी बनाई गई है । इसमें चिकित्सक डाक्टर नैंसी जोसफ , बीपीएम अनूप साहू , बीसीएम राधिका भलाटी और नर्सिंग ऑफिसर आशा विश्वकर्मा को रखा गया है । टीम इस मामले में जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी । इसके बाद तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी ।

## सिंगोड़ी बायपास में तेज रफ्तार बाइक चालक पेड़ से टकराया, मौके पर हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी



अमरवाड़ा थाना अंतर्गत सिंगोली चौकी के छिंदवाड़ा अमरवाड़ा बाईपास में एक तेज रफ्तार बाइक चालक पेड़ से टकरा गया जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई घटना मंगलवार की देर रात्रि की बताई जा रही है जहां अमरवाड़ा के ग्राम जवाहर गांव का रहने वालासत्येंद्र पिता भोत इनवाती उम्र 28 वर्ष छिंदवाड़ा बिजली विभाग में कार्य करते थे आउटसोर्स कर्मचारी हैं वापस अपने घर जा रहे थे तभी वह सिंगोड़ी बाईपास में पेड़ से टकरा गया और झाड़ियां में जा गिरा जिसकी वजह से उसकी गाड़ी बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हुई है और उसके चेहरे में चोट के निशान है और उसकी मौके पर मौत हो गई है बुधवार को सुबह जब आसपास के लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचित किया सिंगोड़ी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक केशव को अमरवाड़ा अस्पताल पहुंचाया और जिसकी जानकारी आसपास के क्षेत्र में दी गई और युवक की पहचान हुई परिजनों ने अमरवाड़ा हॉस्पिटल पहुंच गए पुलिस ने मारा कायम कर जांच विवेचना में लिया शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों कोसौंप दिया।

## चलती ट्रेन में चोरी की कोशिश: रीवा-रानी कमलापति ट्रेन में तीन चोरों को यात्रियों ने पकड़ा, जमकर पीटा; मैहर स्टेशन पर कूदकर हुए फरार



**सतना। रीवा-रानी कमलापति सुपरफास्ट ट्रेन में 21 नवंबर को यात्रियों ने बहादुरी दिखाते हुए चोरी की कोशिश कर रहे तीन शातिर युवकों को रंगे हाथ पकड़ा और उनकी जमकर पिटाई करदी। हालांकि ,ये तीनों युवक मैहर स्टेशन पर चलती ट्रेन से कूदकर भागने में सफल रहे। इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।**

### चोरी करते रंगे हाथ पकड़े गए

यात्रियों से मिली जानकारी के अनुसार,ट्रेन यात्रा के दौरान कोच में सवार कुछ लोगों का कीमती सामान चुराने की कोशिश की जा रही थी।इसी



दौरान,एक यात्री ने एक युवक को चांदी की चेन चुराते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। इसके तुरंत बाद,अन्य यात्रियों ने मिलकर इस गिरोह के बाकी दो साथियों को भी पकड़ लिया।

### गंज बसौदा के निवासी बता रहे थे आरोपी

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पकड़े जाने पर तीनों आरोपी खुद को गंज बसौदा का निवासी बता रहे थे। यात्रियों ने उनसे चोरी किया गया सामान मौके पर ही बरामद कर लिया। गुस्से से भरे यात्रियों ने कानून के हवाले करने से पहले तीनों को सबक सिखाते हुए उनकी जोरदार पिटाई की। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि



यात्री किस तरह तीनों युवकों को घेरकर मार रहे हैं।

### चलती ट्रेन से कूदकर भागे चोर

तीनों युवकों की जान उस वक्त बची जब ट्रेन मैहर स्टेशन पहुंची।खुद को यात्रियों के गुस्से और मार से बचाने के लिए,उन्होंने मौका देखा और चलती ट्रेन से कूदकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए तुरंत फरार हो गए। बताया जा रहा है कि इस घटना के संबंध में राजकीय रेलवे पुलिस में कोई आधिकारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।यही वजह है इस पूरे मामले की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है। यह घटना चलती ट्रेन में यात्रियों की सुरक्षा और सतर्कता के महत्व को उजागर करती है।

*रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात हुई घटना, आरोपित गिरफ्तार*

## पत्नी के साथ कथित अवैध संबंध होने के संदेह में युवक के गुप्तांग में मारी चाकू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र में पत्नी के साथ कथित अवैध संबंध के संदेह में एक युवक ने दूसरे युवक के प्राइवेट पार्ट में चाकू से हमला कर दिया। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### चौराहे के पास हुई घटना

घटना मंगलवार देर रात रंगनाथ थाना क्षेत्र के लक्ष्मी पान भंडार चौराहे के पास हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। यह विवाद रितिक गोटियां और शैलेन्द्र गोटियां नामक दो युवकों के बीच हुआ था।



### आरोपित को है संदेह

पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि विवाद की वजह रितिक गोटियां की पत्नी के शैलेन्द्र गोटियां के साथ कथित अवैध संबंध होने का शक है। इसी बात को लेकर दोनों युवकों के बीच काफी समय से तनाव चल रहा था।

मंगलवार देर रात जब रितिक गोटियां और शैलेन्द्र गोटियां का लक्ष्मी पान भंडार चौराहे पर आमना-सामना हुआ, तो उनके बीच बहस शुरू हो गई। यह बहस जल्द ही मारपीट में बदल गई। मारपीट के दौरान, रितिक गोटियां ने आवेश में आकर शैलेन्द्र गोटियां के गुप्तांग पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू लगने से शैलेन्द्र गोटियां गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर पड़ा। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

### आरोपित को किया गिरफ्तार

घटना की सूचना मिलते ही रंगनाथ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। आरोपी रितिक गोटियां को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की विवेचना शुरू कर दी है।

## रेल लाईन के माध्यम से कब जुड़ेंगे छत्तीसगढ़ से

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

रेल सुविधाओं को लेकर आज भी मंडला तरस रहा है भले ही मंडला रेलवे स्टेशन के विकास में करोड़ो रूपए खर्च किये गये हों लेकिन जिन ट्रेनों की मांग की जा रही है वह ट्रेन आज भी चालू नहीं हो पाई हैं। लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि लगातार रेलवें संघर्ष समिति को भरोसा दिलाया जाता रहा कि मंडला रेलवें स्टेशन से अनेक ट्रेन चालू होंगी लेकिन अब तक केवल वादें ही दिखाई दिए है जिससे रेलवें संघर्ष समिति में आक्रोश है लगातार ज्ञापन धरना प्रदर्शन के बाद भी सफलता नहीं मिल पाई हैं। वहीं इस ओर बिलासपुर राजनांदगांव बालाघाट मंडला और जबलपुर लोकसभा क्षेत्रों के नागरिकों ने लंबे समय से लंबित बिलासपुर-मंडला जबलपुर नई रेल लाइन परियोजना को स्वीकृत कराने के लिए क्षेत्र के सांसदों से एकजुट होकर पहल करने मांग की है। इसके लिए पांचों लोकसभा क्षेत्रों के सांसद तोखन साहू बिलासपुर, बिलासपुर, संतोष पाण्डेय राजनांदगांव, फग्गन सिंह कुलस्ते मंडला, श्रीमती भारती परमार बालाघाट, आशीष दुबे जबलपुर को संबोधित एक विस्तृत ज्ञापन भेजा गया है। 1944 में शुरू होकर अधर में लटक गया था प्रोजेक्ट जानकारी के अनुसार यह परियोजना ब्रिटिश शासनकाल में वर्ष 1944 में सेंट्रल कनेक्टिविटी इंडिया प्रोजेक्ट के नाम से सैद्धांतिक रूप से स्वीकृत हो चुकी थी। कार्य प्रारंभ की स्थिति में भी पहुंच गया था लेकिन देश में उग्र होते स्वतंत्रता आंदोलन के चलते ब्रिटिश सरकार ने इस परियोजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया स्थानीय नागरिकों ने बताया कि नैसर्गिक आर्थिक धार्मिक और सामाजिक दृष्टि से आज भी यह रेल लाइन उतनी ही अनिवार्य है जितनी उस समय थी। वर्तमान में बिलासपुर से जबलपुर के बीच सिर्फ एक ही रेल मार्ग है बिलासपुर शहडोल कटनी जबलपुर वर्तमान दूरी लगभग 425 किमी प्रस्तावित नई लाइन से दूरी करीब 290 किमी कुल किमी लगभग 135 किमी नागरिकों का कहना है कि दूरी कम होने से यात्रियों का समय बचेगा वहीं रेलवे के लाखों लीटर डीजल ऊर्जा की भी बचत होगी। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ पहले एक ही राज्य रहे हैं इस कारण आज भी दोनों राज्यों में कई क्षेत्र एक दूसरे पर निर्भर हैं स्वास्थ्य शिक्षा व्यापार रोजगार खनिज व वन संपदा आध्यात्मिक धार्मिक और प्राक्तिक पर्यटन स्थानीय लोगों का दावा है कि नई कनेक्टिविटी दोनों राज्यों के विकास की धुरी बन सकती है। यह रेल लाइन सिर्फ दो राज्यों के लिए ही नहीं बल्कि उत्तर भारत से दक्षिण भारत तक कम दूरी का रणनीतिक रेल कॉरिडोर बन सकती है जिससे राष्ट्रीय स्तर पर आवागमन और माल ढुलाई को गति मिलेगी। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि सांसद सामूहिक रूप से लोकसभा और रेल मंत्रालय में प्रभावी पहल करें तो यह परियोजना आसानी से स्वीकृति पा सकती है।

## माँ-बेटी के बीच थाने में हुआ हाई-वोल्टेज ड्रामा

### दोनों ने एक-दूसरे पर लगाए गंभीर आरोप

**छतरपुर।** शहर के कोतवाली थाना में बीती रात एक अधिवक्ता लड़की और उसकी माँ के बीच भारी विवाद देखने को मिला। दोनों के बीच तीखी बहस, चीख-पुकार और हंगामा हुआ, जिससे पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। यह हाई-वोल्टेज ड्रामा उस वक्त हुआ जब माँ अपनी बेटी को जबरन घर ले जाने कोतवाली पहुँची थीं। वहीं लड़की, अपनी माँ, बहन और सौतेले पिता पर प्रताडन्ना, मारपीट और संपत्ति हड़पने जैसे गंभीर आरोप लगा रही थी। इस विवाद के वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मंगलवार की देर रात कोतवाली थाना में अधिवक्ता करुणा प्रताप और उनकी माँ आशा रानी के बीच भारी हंगामा और विवाद हुआ। बेटी करुणा ने अपनी माँ, बहन और सौतेले पिता पर प्रताडन्ना, मारपीट, सौतेला



व्यवहार करने, पिता की संपत्ति हड़पने और जबरन शादी कराने जैसे गंभीर आरोप लगाए। उसने पुलिस को बताया कि वह स्वेच्छा से चौबे कॉलोनी में किराए के मकान में रहकर वकालत कर रही हैं। वहीं, माँ आशा रानी का कहना था कि अधिवक्ता इम्तियाज़ ने करुणा को बहलाकर अगवा कर लिया है। विवाद के दौरान दोनों के बीच तीखी बहस और चीख-पुकार हुई। पुलिस ने तुरंत हस्तक्षेप कर दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए और मामले की जाँच शुरू कर दी है। जिला न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ताओं से जानकारी मिली है कि करुणा उनकी जूनियर हैं और नियमित रूप से कोर्ट आ रही हैं। कुछ वरिष्ठ अधिवक्ता करुणा के समर्थन में आगे आए हैं और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

## रात को हुई गोलीबारी, घायल युवक का इलाज जारी, दोनों पक्षों से पूछताछ

**छतरपुर।** ओरछा रोड थाना क्षेत्र के ग्राम पठापुर में पुराने विवाद को लेकर बीती रात दो पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प हो गई और इसी बीच एक युवक को गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पुलिस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस द्वारा घटना के संबंध में दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है और मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए हर पहलू से जाँच की जा रही है, क्योंकि घटना में कुछ बिंदु संदिग्ध प्रतीत हो रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पठापुर निवासी राजू श्रीवास के पैर में गोली लगी है। घटना के बाद उसे पुलिस की सहायता से जिला अस्पताल लाया गया, जहाँ उसका उपचार जारी है। पीड़ित राजू श्रीवास ने पुलिस को बताया कि पुराने जमीनी विवाद के चलते रात करीब 12:30 बजे उसके चचेरे परिवार का महेश, कल्लू, गजेन्द्र और एक अन्य युवक उसके घर पहुँचे और माँ के साथ मारपीट की। राजू के अनुसार, इसी दौरान आरोपियों ने उस पर गोली चला दी, जो उसकी जांघ में लगी। राजू ने यह भी बताया कि एक सप्ताह पहले उसके छोटे भाई का इन्हीं लोगों से झगड़ा हुआ था और उसी विवाद को लेकर घटना को अंजाम दिया गया है। फिलहाल ओरछा रोड थाना पुलिस दोनों पक्षों से पूछताछ कर रही है और घटना के सही कारणों की पड़ताल की जा रही है। वहीं पीड़ित पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### ब्राह्मण समाज की बेटियों पर टिप्पणी के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**छतरपुर।** बुधवार को स्थानीय अधिवक्ताओं के एक समूह ने एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी द्वारा ब्राह्मण समाज और उसकी बेटियों के खिलाफ कथित रूप से की गई अभद्र टिप्पणी पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। अधिवक्ताओं ने कहा कि यह टिप्पणी सामाजिक सद्भाव के विरुद्ध है और समाज की भावनाओं को आहत करने वाली है। उन्होंने एसपी ऑफिस मे आवेदन देकर मांग की है कि कथित टिप्पणी करने वाले अधिकारी के खिलाफ तत्काल एफ.आई.आर. दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

### मिनी ब्राजील के फुटबॉल खिलाड़ी से मिले मुख्यमंत्री

**शहडोल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शहडोल के ग्राम विचारपुर के फुटबॉल खिलाडियों ने मंत्रालय में भेंट की। खिलाडियों के साथ उनके जर्मन प्रशिक्षक डाइटमर बायर्सडार्फर, मैनुअल शेफर और खेल संचालक राकेश गुप्ता भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समस्त खिलाडियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई और भावी स्पर्धाओं में सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दोनों अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षकों का स्वागत किया। शहडोल जिले के ग्राम विचारपुर को मिनी ब्राज़ील की संज्ञा दी गई है। यह खिलाड़ी हाल ही में जर्मनी की अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण यात्रा से लौटे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में भी शहडोल जिले के खिलाडियों की प्रशंसा की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खेल विभाग को निर्देश दिए थे कि विचारपुर अर्थात मिनी ब्राजील के फुटबाल खिलाडियों को प्रशिक्षण के लिए जर्मन यात्रा पर भेजा जाए। इसके लिए खेल विभाग और भारतीय दूतावास द्वारा आवश्यक वित्तीय और प्रशासन व्यवस्थाएं की गईं। खिलाडियों को फुटबॉल किट, स्पोट्र्स शूज़ उपलब्ध करवाने के साथ ही उनका फिटनेस मूल्यांकन और मेडिकल परीक्षण करवाकर विदेश यात्रा के पूर्व प्रशिक्षण सत्रों का संचालन किया गया। मुख्यमंत्री को शहडोल जिले के विचारपुर के फुटबॉल खिलाडियों ने 4 से 12 अक्टूबर तक जर्मनी में प्राप्त प्रशिक्षण के अनुभव शेयर किये। जर्मनी से 14 अक्टूबर को भोपाल पहुंचने पर खिलाडियों का स्वागत भी हुआ।

## पेंच टाइगर रिजर्व से एक बाघिन को राजस्थान भेजेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

**राजस्थान में बाघों की नस्ल सुधारने के लिए मध्य प्रदेश के पेंच टाइगर रिजर्व से एक बाघिन को भेजने की तैयारी शुरू हो गई है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) से अनुमति मिलने के बाद राजस्थान और मध्य प्रदेश के पेंच टाइगर रिजर्व के अधिकारी नवंबर के अंत या दिसंबर की शुरुआत तक इस प्रक्रिया को पूरा करने में लगे हैं।**

बाघिन को मध्य प्रदेश से राजस्थान तक कम समय में सुरक्षित रूप से स्थानांतरित करने के लिए भारतीय सेना के हेलिकॉप्टर का उपयोग किया जाएगा। यह अंतर-राज्यीय बाघ ट्रांसफर (इंटर स्टेट टाइगर ट्रांसलोकेशन) राजस्थान के वन्यजीव संरक्षित क्षेत्रों में बाघों के जीन पूल में सुधार लाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है।

पहली बाघिन को पेंच टाइगर रिजर्व से राजस्थान के मुकुंदरा टाइगर रिजर्व भेजा जाएगा। राजस्थान वन विभाग ने योजना बनाई है कि यदि बाघिन को वहां अनुकूल वातावरण मिलता है, तो मध्य प्रदेशके पेंच और बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के साथ-साथ महाराष्ट्र के ताडोबा और अंधेरी टाइगर रिजर्व से भी बाघ-बाघिन का ट्रांसफर किया जाएगा।




### हेलिकॉप्टर से बाघिन को ट्रांसफर किया जाएगा

यह ध्यान देने योग्य है कि एनटीसीए का हर चार साल में होने वाला अखिल भारतीय बाघ आकलन 1 दिसंबर से शुरू होना है। ऐसे में गणना शुरू होने से पहले बाघिन को राजस्थान भेजने का प्रयास किया जा रहा है। राजस्थान वन विभाग का दल 25 नवंबर को पेंच टाइगर रिजर्व पहुंचने वाला था, जिसे टाल दिया गया है।अब दल 1 दिसंबर तक बाघिन को ट्रांसफर करने के लिए सिवनी पहुंच सकता है। हेलिकॉप्टर की उपलब्धता तय होते ही ट्रांसफर प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ और कान्हा टाइगर रिजर्व से पहले भी एक बाघ और एक बाघिन को ओडिशा के सातकोसिया टाइगर रिजर्व में सडक़ मार्ग से सफलतापूर्वक भेजा जा चुका है।संभवतः यह पहली बार होगा जब किसी राज्य से दूसरे राज्य में बाघ का एयरलिफ्ट ट्रांसफर करने के लिए भारतीय सेना के हेलिकॉप्टर की मदद ली जाएगी। हालांकि, 2009 में राज्य के भीतर कान्हा टाइगर रिजर्व से पन्ना टाइगर रिजर्व में एक बाघिन केट्रांसफर के लिए हेलिकॉप्टर का उपयोग किया गया था। महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश से नए बाघ-बाघिन के राजस्थान के वन्यजीव संरक्षित क्षेत्रों में पहुंचने से वहां बाघों में आनुवंशिक विविधता बढ़ेगी। वन्यजीव विशेषज्ञों ने भी इस संबंध में सुझाव दिए थे। राजस्थान वन विभाग का मानना है कि वर्तमान समय में आनुवंशिक विविधता बढ़ाना जरूरी है।

दरअसल नेशनल सेंटर फार बायोलाजिकल साइंसेज (एनसीबीएस) ने राजस्थान के रणथंभौर के 18 बाघों के डीएनए पर चार साल तक किए अनुसंधान में पाया है कि वहां के बाघों में देश के अन्य टाइगर रिजर्व के मुकाबले दोगुनी इन-ब्रीडिंग है। रामगढ़ टाइगर रिजर्व सहित राजस्थान के लगभग सभी टाइगर रिजर्व में रणथंभौर के ही बाघ-बाघिन है। इनमें कई पीढियों से हो रही इन-ब्रीडिंग के कारण इनमें शावकों को जन्म देने, उनके पालन-पोषण की और स्वयं की रोग प्रतिरोधक क्षमता लगातार घट रही है। इससे बहा बाघ बीमार पड़ रहे हैं।

## सिंगोडी बस स्टैण्ड से किया गिरफ्तार, अन्य आरोपियों की तलाश जारी

# MD ड्रग्स पाउडर के प्रकरण में फरार आरोपी नौसाद मंसूरी अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

एमडी ड्रग्स पाउडर की तस्करी करने वाले फरार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

एसपी अजय पाण्डे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के द्वारा थाना प्रभारी देहात निरीक्षक गोविंद सिंह राजपूत ने पुलिस टीम गठित कर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले आरोपियों की लगातार धरपकड़ हेतु विशेष अभियान के तहत अपने मुखबीर तंत्र की सूचना के आधार पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।घटना का सक्षिप्त विवरण- आज दिनांक 26/11/2025 को प्रकरण में फरार आरोपी नौसाद मंसूरी की तलाश हेतु एक टीम सिंगोडी रवाना की गई थी। जो उक्त टीम को मुखबीर की सूचना के आधार पर बस स्टैण्ड सिंगोडी से फरार आरोपी नौसाद मंसूरी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। आरोपी को पूर्व में गिरफ्तार आरोपी आदिल शेख द्वारा पहले एम.डी पाउडर ड्रम्स का नशा कराकर लत लगाई गई बाद में आरोपी द्वारा लगातार एमडी पाउडर ड्रग्स का सेवन किया जाता था। आरोपी को गिरफ्तार कर छिन्दवाडा न्यायालय पेश किया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।गिरफ्तार आरोपी के नाम नौसाद शेख निवासी सिंगोडी जिला छिन्दवाडा। इस कार्यवाही में निरी. गोविंद सिंह राजपूत, सउनि. संदीप सिंह राजपूत, आरक्षक 779 सौरभ बघेल, आर. 414 बृजेश पाल, सायबर सेल से प्रआर. 811 नितिन, आर. 842 आदित्य, आर. 485 अंकित शर्मा की भूमिका रही।

### स्कूल परिसर में उत्पात मचाने वाले बदमाशों के खिलाफ की गई सख्त कार्यवाही

**छिंदवाड़ा।** पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डे एवं अतिरिक्त पुलिसअधीक्षक आशीष खरे द्वारा अपराधों में अंकुश लगाने एवं अपराधी तत्वों के विरुद्ध शख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। जो दिनांक 26.11.2025 को शासकीय माध्यमिक शाला कुकडाजगत के प्राचार्य द्वारा शिकायत दी गई थी की शासकीय स्कूल में रात्री में अपराधी तत्वों द्वारा शाला परिसर में शराब पीकर शरब बोतल तोडफोडकर उत्पात मचाया जा रहा है। प्राप्त शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना स्टाफ, बीट में लगे कर्मचारियों द्वारा सीसी टीवी फुटेज चैक कर दो व्यक्तियों- मयंक पिता अजय रघुवंशी उम्र 18 साल निवासी खैरी गोपाल एवं शिवम पिता दिनेश धुर्वे उम्र 19 साल निवासी खैरी भोपाल थाना कुण्डीपुरा को पकडा गया एवं थाना लाकर उक्त व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 170/126 (बी), 135(3) **bnss** के तहत कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। **आरोपीः-(1)** मयंक पिता अजय रघुवंशी उम्र 18 साल निवासी खैरी गोपाल थाना कुण्डीपुरा जिला छिन्दवाडा (2) शिवम पिता दिनेश धुर्वे उम्र 19 साल निवासी खैरी भोपाल थाना कुण्डीपुरा जिला छिन्दवाडामहत्वपूर्ण भूमिकाः- निरी. जी.एस. राजपूत, सउनि संदीप राजपूत, आर.414 ब्रजेश पाल, आर. 1077 आशीष सिंह आर. 275 सूरज, आर. 836 उमेश उइके।



## पांचों कल्याणक प्रभु के दिव्य जीवन का दर्पण : आचार्य श्री

# धर्म : गजरथ महोत्सव के पात्रों का चयन




**जबलपुर।** दयोदय तीर्थ (गौशाला) परिसर में नवनिर्मित जैन मंदिर के श्री 1008 मज्जिनेंद्र पंचकल्याणक चौबीसी जिनबिम्ब प्रतिष्ठा, सप्त-रथ महोत्सव एवं विश्व-शांति कामना महायज्ञ – 2025 के पावन अवसर हेतु गजरथ महोत्सव के पात्रों का चयन विधि-विधानपूर्वक किया गया। पंचकल्याणक एवं गजरथ महोत्सव का भव्य आयोजन 30 नवम्बर से 7 दिसम्बर 2025 तक दद्दा ग्राउण्ड, पिसनहारी तीर्थ के सम्मुख आचार्य श्री १०८ समय सागर महाराज के सान्निध्य में आयोजित होगा।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में आयोजित धर्मसभा का शुभारंभ मंगलाचरण के मधुर गायन से हुआ, जिसे सारिका सिंघई ने प्रस्तुत किया। तत्पश्चात आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज के तैलचित्र के समक्ष दयोदय तीर्थ के न्यासीगण— अरविंद भाई, कमलेश कक्का, सन्देश जैन (एडवोकेट), सतीश नेता, नीलेश जैन, धन्यकुमार, मनीष गमछा एवं कमलेश दलाल ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का श्रीगणेश किया। ध्वजारोहण कर्ता अनिल बडकुल (पुरवा) रहेंगे। भगवान के माता-पिता बनने का सौभाग्य विजय जैन – प्रीति जैन को प्राप्त हुआ। सौधर्म इन्द्र की भूमिका नीलम–रजनी (गढ़ा-पुरवा) निभाएँगे। कुबेर का दायित्व अर्चना जैन को प्राप्त हुआ। महायज्ञ नायक के रूप में दीपक (संजीवनी नगर) मनोनीत हुए। राजा श्रेयांस की भूमिका नितिन–मयूरी (बाजना मठ) को प्राप्त हुई। राजा सोम का सौभाग्य सचिन–सुचिता जैन को मिला।

### आचार्य श्री का प्रेरक उद्बोधन

अपने मंगल संबोधन में आचार्य श्री ने कहा कि पंचकल्याणक के सात रथ जिनका प्रवर्तन आपको सात तारिख को देखने मिलेगा। इस माध्यम से श्रावकों को यह अनुभूति होती है कि एक तीर्थंकर आत्मा लोक-कल्याण के लिए कैसे अवतरित होती है। गर्भ, जन्म, दीक्षा, ज्ञान और मोक्ष—ये पाँचों कल्याणक न केवल प्रभु के दिव्य जीवन का दर्पण हैं, बल्कि प्रत्येक आत्मा को स्व-कल्याण की दिशा में जागृत करते हैं। यह अतुलनीय वैभव तीर्थंकर प्रकृति का परिणाम है परन्तु उन्हें यह नश्वर प्रतीत होता है। स्मृति रहे कि शाश्वत वैभव अनंत दर्शन, ज्ञान, एवं चरित्र मात्र ही उनके समीप रहता है। अतः यह समस्त आयोजन रत्नत्रय की प्राप्ति का प्रतिफल मन जायगा।

## संघर्षशील कर्मचारी नेता अजय दुबे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ संभागीय अध्यक्ष विपिन पीपरे ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि विगत दिवस नई दिल्ली स्थित तमिल भवन में अखिल भारतीय राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी महासंघ का 57वां राष्ट्रीय अधिवेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, अधिवेशन में देश के लगभग 21 राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। निर्वाचन प्रक्रिया का संचालन रामराज दुबे (उत्तर प्रदेश) द्वारा पूर्ण निष्पक्षता के साथ किया गया। इस अधिवेशन में पूर्ण पारदर्शिता एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत राष्ट्रीय पदाधिकारियों का निर्वाचन किया गया। इस निर्वाचन में मध्य प्रदेश के जबलपुर से समर्पित एवं संघर्षशील कर्मचारी नेता अजय कुमार दुबे को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चुना गया। जबलपुर के संघ पदाधिकारी द्वारा मेडिकल कॉलेज में विशेष स्वागत समारोह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निर्वाचित होने के उपलक्ष्य में नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर में अजय कुमार दुबे का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक डॉ. अरविंद शर्मा, उप अधीक्षक डॉ. रिचा शर्मा तथा वीरेंद्र तिवारी (प्रदेश अध्यक्ष लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संघ) उपस्थित रहे।

## बाबा के खिलाफ भड़काऊ पोस्ट से मुस्लिम नाराज, सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर।** गत 19 नवंबर को फेसबुक आईडी से एक आपत्तिजनक पोस्ट अनवर बाबू नाम के अकाउंट से जारी की गई। इस पोस्ट में हाजी सुब्हानल्लाह शाह बाबा के खलीफा सूफी बुजुर्ग हाजी मोहम्मद हसन साधु बाबा जिनका 1999 में 95 वर्ष की उम्र में निधन हो चुका है के खिलाफ अनर्गल बात लिखी गई थी। इससे मुस्लिम समाज में आक्रोश है। इस मामले को लेकर मंगलवार को कलीम खान, तारिक सोनू, अख्तर अंसारी पार्षद, हाजी इसरार अहमद, समरीन कुरैशी, शमा मतीन, सैय्यद ताहिर अली, सैय्यद सरफराज खान, याकूब अंसारी, निहाल मंसूरी, अनवार मंसूरी, हफीज खान एडवोकेट, शकील खान एडवोकेट, अहमद अंसारी एडवोकेट, अमीन कांच वाले, हारून कपड़ा वाले और रफीक पहलवान आदि ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस को ज्ञापन सौंपा और कार्यवाही की मांग की। ज्ञापन में कहा कि हमारे औलिया-ए-किराम की शान में गुस्ताखी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इन पाक साफ बुजुर्ग की रूहानी जंदिगी पर घिनौने और मनगढ़ंत आरोप लगाकर अनवर बाबू और अकरम अंसारी ने पूरी मुस्लिम कम्युनिटी को भड़काने की साजिश की है।

## छात्रों को अपने जीवन में विधि एवं अनुशासन का पालन करना चाहिये : चमन श्रीवास्तव

# ए.पी.नर्मदा विधि महाविद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस




**जबलपुर।** ए.पी.नर्मदा विधि महाविद्यालय में बुधवार को संविधान दिवस के अवसर पर संविधान दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मॉ सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव और विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्था के डायरेक्टर मयंक श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष श्रीमती प्रियंका श्रीवास्तव, महाविद्यालय रजिस्ट्रार मानवेन्द्र ि सह, उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने संविधान दिवस पर कहा कि छात्रों को अपने जीवन में विधि एवं अनुशासन का पालन करना चाहिये, उन्होने कहा कि विधि शिक्षा के महत्व, विधि शिक्षा में छात्रों की भूमिका तथा बदलते सामाजिक परिवेश में विधि के योगदान पर प्रकाश डाला, साथ उन्होने संस्थान द्वारा किये जा रहे विधि के क्षेत्र में प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम का संचालन शशांक यादव व एड. रविन्द्र गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधि सहायक प्राध्यापकों में आंकाक्षा अवस्थी, मृत्यंजय तिवारी, आकांक्षा मिश्रा, सपना जैन, निकिता कौरव, सौरभ तिवारी, वर्षा चन्द्रा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## जनेकृविवि में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में भारतीय संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम का आयोजन कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की उपस्थिति में हुआ। इस मौके पर कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा और कुलसचिव डॉ. ए.के. जैन ने भारत के संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया और कहा कि



संविधान हमारे सम्प्रभु नागरिक जीवन का रक्षक है, साथ ही हमे हमारे नागरिक कर्तव्यों का स्मरण कराता है। इस अवसर पर इस अवसर पर संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी. के. कौतु, संचालक विस्तार सेवायें डॉ. टी.आर. शर्मा, लेखानियंत्रक श्रीमति संजू तिवारी, प्रभारी अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. जयंत भट्ट.. आईएबीएम के डायरेक्टर डॉ. मोनी थॉमस, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, इंजी. एस.के. जैन, सुरक्षा अधिकारी डॉ. वाय. एम. शर्मा, सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. बी. एस. द्विवेदी सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, वैज्ञानिक एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## धर्मः संकीर्तन मर्मज्ञों को दिए गए अभिनंदन पत्र



**जबलपुर।** नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा समिति भेड़ाघाट के द्वारा आर्य समाज भवन में हनुमान बाग पीठाधीश्वर बृजेश महाराज हरे कृष्णा आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास महाराज पूर्व निगमायुक्त वेद प्रकाश आई एस महाकौशल प्राचार्य डॉ अल्केश चतुर्वेदी रोहित दुबे देवेंद्र त्रिपाठी शरद अग्रवाल मुकेश अग्रवाल के सानिध्य में संकीर्तन की अलख जाने वालों में जबलपुर शहर के प्रमुख भजनंदियों का अभिनंदन पत्र देकर सम्मान किया जिसमें 87 साल से लेकर 12 साल तक के युवा थे।

प्रमुख रूप से सीताराम दीक्षित श्रीराम अग्रवाल दीनदयाल शर्मा (दीना गुरु) पुंडलिक पराते केदारनाथ अग्निहोत्री सुरेंद्र नामदेव अनिलकान्त आचार्य विनोद विश्कर्मा राज कुमार पटेल महेश दहिया रघुवंश पटेल उमेश केशरवानी देवेंद्र त्रिपाठी ज्योतिषाचार्य निर्मल कुर्मी वीरेंद्र नामदेव रंजीत राय सुरेंद्र पांडेय कृष्ण कुमार पटेल (गुड्डू नेता) दीपक सोनी चंद्र कुमार पटेल अमित विश्नोई मनोज विश्वकर्मा मुकेश केशरवानी (हीरा पन्ना) नीलेश साहू (गुड्डू) मनोज सोनी अतुल अग्रहरी अखिलेश सेन शिवम नामदेव रितिक अग्रवाल कु. माही दुबे मानक पटवा जुगल पटेल का सम्मान किया गया। इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक एवं परिक्रमा अध्यक्ष डॉ सुधीर अग्रवाल संरक्षक श्रीमती सुषमा शंकर पटेल मनमोहन दुबे संतोष अग्रहरि विनोद दीवान देवेंद्र नेमा सत्य प्रकाश नामदेव श्याम मनोहर पटेल मनोज गुलावानी देव व्रत सोनी पवन साहू मंगल सिंह पटेल आदि उपस्थित थे।आग़ाहन पूर्णिमा पर 469 वी नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से 5 दिसंबर सुबह 8:30 बजे संत महात्माओ एवं श्री सीताराम संगीतन प्रभात फेरी के सानिध्य में निकाली जाएगी



## डीआरएम कार्यालय में संविधान प्रस्तावना का सामूहिक वाचन

**जबलपुर।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के प्रांगण में बुधवार संविधान दिवस के अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा की अगुवाई में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रस्तावना के शब्दों को दोहराते हुए संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार, सुनील टेलर, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर रामबदन मिश्रा, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक रजनीकांत साहू, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (सम.) राहुल जयपुरियार सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ 19 से

**जबलपुर।** पुण्यसलिला मां नर्मदा के तट पर विराट 251 कुंडीय शक्तिसंवर्धन गायत्री महायज्ञ 19 से 22 दिसम्बर 25 तक गायत्री तीर्थ शांतिकुंज, हरिद्वार के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। विश्व की प्रथम एवं श्रेष्ठतम संस्कृति के माता पिता गायत्री और यज्ञ हैं। ऋषि प्रणीत परंपरा में यज्ञ को लोक शिक्षण का आधार बनाया गया है। गायत्री परिवार द्वारा स्वस्थ शरीर, स्वच्छ मन और सभ्य समाज के निर्माण, आध्यात्मिक मूल्यों के शिक्षण व वैदिक संस्कारों की पुनस्थापना हेतु यज्ञों के माध्यम से विभिन्न अभियान चलाया जा रहा है। इस यज में युग ऋषि के जीवन दर्शन की झांकी एवं युग निर्माण योजना के आधार स्तंभ सप्त सूत्रीय कार्यक्रम यथा साधना, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन, नारी जागरण,



व्यसन मुक्ति कुरीति उन्मूलन हरितिमा-पर्यावरण संवर्धन आदि की झलक झांकी भी प्रदर्शित की जायेगी साथ ही गायत्री परिवार जबलपुर की युवा इकाई डिवाइन इंडिया यूथ एसोसिएशन ₹दियाॽ द्वारा विगत कई वर्षों से चलाए जा रहे रक्तदान अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन यज्ञ स्थल पर रक्तदान कराया जाएगा। जिसे शासकीय अस्पतालों में जरूरतमंदी हेतु रिजर्व रखा जाएगा। प्रबोधन हेतु शांतिकुंज हरिद्वार देव सस्कृति विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ चिन्मय पंड्या मार्गदर्शन देने पधार रहे हैं। दिनांक 30 नवंबर को दोपहर 11 बजे नगर के संतों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में भूमि पूजन होगा। 20 दिसंबर को प्रातः 9 बजे से देवआवाहन एवं यज्ञ प्रारम्भ होगा। सायं 4 बजे युवा आदर्श डॉ. चिन्मय पंड्या का विशिष्ट उदबोधन 'उत्कृष्ट विचारों का समुच्चय है भारतीय संस्कृतिॽ विषय पर होगा एवं इस अवसर पर एक स्मारिका का विमोचन भी किया जायेगा। 21 दिसंबर को प्रातः यज्ञ एवं विभिन्न संस्कार होंगे, सायंकाल 11000 दीपों का विराट दीप महायज्ञ होगा। 22 दिसंबर को यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ ही समाज में व्याप्त कुरितियों के उन्मूलन हेतु विशेष सेकल्प कराए जायेंगे।



## श्री राम जानकी विवाह उत्सव में भावविभोर हुए भक्त

**जबलपुर।** श्री ठाकुर बिहारी जी महाराज कुचैनी मंदिर ट्रस्ट द्वारा भगवान श्री राम जानकी विवाह उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत दिनांक 22 नवम्बर 2025 दिन शनिवार से महिलाओं द्वारा रामायण पाठ एवं सुन्दर भजनों से हुई। दिनांक 24 नवम्बर 2025 को भगवान की हल्दी एवं मेंहदी का कार्यक्रम मंदिर परिसर में आयोजित हुआ तथा दिनांक 25 नवम्बर को भगवान श्री राम की भव्य बारात मंदिर से होती हुईं बड़ा फुहारा एवं अन्य स्थानों से होती हुई मंदिर में आयी। विवाह की रस्में पूर्ण वैदिक मंत्रों के साथ पंडित कामता प्रसाद द्वारा करायी गयी। शहर के गणमान्य नागरिकों ने भगवान के बारात की अगवानी तथा स्वागत किया। इस भव्य आयोजन में कुचैनी मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टीगण बृज बिहारी नगरिया अध्यक्ष, जितेश सुहाने सरवराहकार, चौधरी विजय चंद्र जैन, सुनील कुरेले, शम्भू दयाल बड़ेरिया, अरुण सरावगी, कन्हैयालाल बृजपुरिया, सीता सरावगी, डॉ. आरएस सुहाने की उपस्थिति अनुकरणीय रही एवं कुचैनी रामायण मंडली एवं लेखराम रैकवार का विशेष योगदान रहा। मंदिर समिति द्वारा भक्तों के लिए भण्डारा प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गयी।




## भाजपा कार्यालय में संविधान दिवस पर संगोष्ठी सम्पन्न

**जबलपुर।** संविधान दिवस के अवसर पर भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में एक गरिमामयी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने संविधान की महत्ता तथा लोकतांत्रिक मूल्यों पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और इस लोकतांत्रिक शक्ति का स्रोत हमारा संविधान है। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि संविधान ने सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान किए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का निर्वहन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन ने कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। संचालन महामंत्री पंकज दुबे ने किया तथा आभार रजनीश यादव ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में पंकज दुबे, संदीप जैन, रजनीश यादव, राजेश मिश्रा, रंजीत पटेल, प्रणीत वर्मा, राघवेन्द्र लालू यादव, कुंडल राव, कैलाश साहू, सोनू बचवानी, रवि शर्मा, अशोक रोहितास, रूपा राव, चित्रकांत शर्मा, राहुल श्रीवास्तव, मधुबाला राजपूत, सुमन यादव, मीना मरकाम, प्रवीण जैन, सचिन अग्रवाल सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मकान के पीछे दबंगता से खुदाई के विरोध में कलेक्टर, एसपी को सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर।** भारतीय सर्व जनजाति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्द्रकुमार कुलस्ते के नेतृत्व में ग्राम पंचायत बरौदा ग्राम जुनवानी थाना व तहसील पनागर जबलपुर के ग्रामीणजनों ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) को ज्ञापन सौंपकर बताया कि क्षेत्र में दबंग बीपी पटेल, मुन्नालाल पटेल, बलराम पटेल ने जेसीबी मशीन से ग्रामीणों के घरों के पीछे व खेत की खुदाई की, जिससे गरीबों के मकान क्षतिग्रस्त होकर गिरने की कगार पर पहुंच गए हैं व ग्रामीणों के परिजनों पर जान-माल का खतरा उत्पन्न हो गया है। उक्त दबंग विरोध करने पर मारपीट पर उतारू हैं व अवैध रूप से खुदाई करने आमादा हैं। इस संबंध में थाना पनागर व तहसीलदार से शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं होने पर आज कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जबलपुर को ज्ञापन सौंपकर दबंगों द्वारा की जा रही खुदाई रोकने की मांग की गई। ज्ञापन के दौरान इन्द्रकुमार कुलस्ते, धनराज सिंह पुसाम, शैलेष सिंह, एड. देवेन्द्र साहू, आकाश यादव, अभिजीत, बेड़ीलाल, संदीप, श्याम सुंदर, कमलेश, रामदास, आरती, मूंगाबाई, द्रोपदी बाई, बबीता बाई, पूरन सिंह, ममता ठाकुर, पूजा सेन, रामविशाल, अवधेश सहित बड़ी संख्या में पीड़ित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## श्री बांके बिहारी सेवा समिति ने राम मंदिर में किया विशाल भंडारे का आयोजन



**जबलपुर।** श्री बांके बिहारी सेवा समिति, शिवनगर के तत्वावधान में विगत दिवस त्रिमूर्ति नगर स्थित श्री राम मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन संपन्न हुआ। श्रीराम मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन श्री बांके बिहारी सेवा समिति की अध्यक्ष श्रीमती ललिता देवी सिंह के नेतृत्व में किया गया। विशाल भंडारे के आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रभु श्री राम का पूजन, अर्चन, दर्शन कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। श्री बांके बिहारी सेवा समिति की अध्यक्ष ललिता देवी ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री राम मंदिर असंख्य भक्तों की आस्था का केंद्र है, जहां विगत दिनों संपन्न हुई श्रीमद् भागवत कथा तथा श्री राम मंदिर शिखर पर धर्मध्वजा के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। श्री राम मंदिर परिसर में सायं 7:00 बजे से शुरू हुए भंडारे में पहुंचकर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर ललिता देवी सिंह, डॉ. अरुण मिश्रा, सरोज विश्वकर्मा, मृदुला शर्मा, ममता ठाकुर, कीर्ति पांडेय, सरोज खरिया, विमला नेमा, उर्मिला सोनी, रेखा ठाकुर, संगीता पांडे, गीता विश्वकर्मा, संजय उपाध्याय, अशोक गर्ग, पुजारी पंडित सुरेंद्र तिवारी के साथ ही दीपांशु शुक्ला की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## जनेकृविवि में उच्च गुणवत्तायुक्त प्रजनक बीज उपलब्ध

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, में अनुसंधान, विस्तार और शिक्षण के कार्य निरंतर जारी है। इसी श्रृंखला में किसानों के हित में उत्पादन को बढ़ाने के लिये विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक विभिन्न फसलों की उन्नतशील प्रजातियां समय-समय पर विकसित करते रहते हैं। जनेकृविवि में किसानों की बुआई हेतु उत्तम गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध है। इनमें गेहूं की उन्नतशील प्रजातियों जैसे पी. जे. डब्ल्यू 3410, एच.आई. 1544, जी. डब्ल्यू 322, जे. डब्ल्यू. 3382. जे. डब्ल्यू 3535, जे. डब्ल्यू 1323 के प्रजनक बीज उपलब्ध हैं। उपरोक्त प्रजातियों के प्रजनक बीज किसान भाई संचालनालय प्रक्षेत्र जनेकृविवि, जबलपुर से सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।

**CHANGE OF NAME**

I, NIRMALA AGRAWAL (निर्मला अग्रवाल) पति श्री अरूण अग्रवाल निवासी 55, अशोक मार्ग, सदर केन्ट, जबलपुर, I have changed of my name from NEERU AGRAWAL (निरू अग्रवाल) (name as per my SBI MUTUL FUND FOLIO NO. A061779) to NIRMALA AGRAWAL (निर्मला अग्रवाल) (name as per my AADHAR CARD & All Doucment) vide Affidavit dated in 25/11/2025 format) before SUBHASHISH CHATTERJEE Public notary, JABALPUR M.P.
CORRECT NAME
NIRMALA AGRAWAL (निर्मला अग्रवाल)
INCORRECT NAME
NEERU AGRAWAL (निरू अग्रवाल)
BU-929144

**नाम एवं जन्मतिथि सुधार सूचना**

मैं आर राकेश पिता जयराम सिंह निवासी प्लॉट नं 62 फेस 1 चैतन्य सिटी तिलहरी जबलपुर मध्य प्रदेश मैं एतद्वारा सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान करता/करती हूं कि मेरी पुत्री का नाम DEEKSHA RAJPUT तथा जन्मतिथि 31/05/2017 मेरे सेवा अभिलेख में गलत दर्ज है, उसके दस्तावेजों आधार कार्ड तथा मार्कशीट के अनुसार उसका सही नाम DIKSHA RAJPUT है तथा जन्मतिथि 31/03/2017 मेरे सेवा अभिलेख में दर्ज होनी चाहिए।
BU-929148 शपथकर्ता

इसरो 15 दिसंबर 2025 को अपने सबसे ताकतवर रॉकेट एलवीएम-3 से एक बेहद खास सैटेलाइट ब्लूबर्ड-6 लॉन्च करने वाला है। बता दें कि यह सैटेलाइट आम स्मार्टफोन पर सीधे स्पेस से नेटवर्क देने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

# इसरो एलवीएम-3 से लॉन्च करेगा ब्लूबर्ड-6, स्पेस से सीधा मिलेगा नेटवर्क

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की एक कंपनी एएसटी स्पेसमोबाइल द्वारा बनाया गया यह सैटेलाइट दुनिया का पहला ऐसा सिस्टम तैयार करने वाला है, जिससे बिना किसी टॉवर के मोबाइल फोन में सीधा स्पेस से ही सेलुलर नेटवर्क मिल पाएगा।

एलवीएम-3 एक तीन स्टेज वाला हेवी लिफ्ट रॉकेट है, जो लगभग 8,000 किलो तक का पेलोड लो-अर्थ ऑर्बिट में ले जाने की योग्यता रखता है। इसी रॉकेट से चंद्रयान-2, चंद्रयान-3 और वनवेब के कई सैटेलाइट्स को भी अंतरिक्ष में भेजा जा चुका है।

## 15 दिसंबर को बदल जाएगी मोबाइल दुनिया!




**लगातार सेलुलर ब्रॉडबैंड कवरेज उपलब्ध कराने में सक्षम हो सकता है**

हालांकि, मौसम और तकनीकी तैयारियों के आधार पर लॉन्च का समय तय किया जाना बाकी है। बता दें कि अगर मिशन सफल रहा तो ब्लूबर्ड-6 अमेरिका और चुनिंदा देशों में लगातार सेलुलर ब्रॉडबैंड कवरेज उपलब्ध कराने में सक्षम हो सकता है। यह तकनीक आने वाले समय में उन इलाकों के लिए वरदान साबित हो सकती है जहां मोबाइल टॉवर लगाना बहुत ही मुश्किल होता है।

### कब और कहां से लॉन्चिंग?

इस मिशन को 15 दिसंबर 2025 को श्रीहरिकोटा में मौजूद सतीश धवन स्पेस सेंटर से लॉन्च किया जाएगा। बता दें कि सैटेलाइट भारत पहुंच चुका है और रॉकेट के साथ इसे जोड़ने का प्रोसेस भी शुरू हो चुका है। सभी टेस्ट पूरे होने के बाद इसे लॉन्च पैड पर ले जाया जाएगा।



### कितना खास है ब्लूबर्ड-6 सैटेलाइट?

ब्लूबर्ड-6 कंपनी के पहले बनाए गए सैटेलाइट्स की तुलना में करीब 10 गुना ज्यादा डेटा क्षमता रखता है। यह लगभग 223 वर्ग मीटर आकार वाले बड़े एंटीना से लैस है। कंपनी आने वाले समय में कुल 45 से 60 सैटेलाइट लॉन्च करने की योजना पर काम कर रही है। बता दें कि इससे दुनिया के कई हिस्सों में लगातार मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध कराया जा सकेगा।

**रोचक खबरें**

## अंतिम संस्कार की चल रही थी तैयारी, तभी ताबूत से आई आवाज- मैं जिंदा हूं...!

**बैंकाक।** जिस महिला को मृत समझकर उसके परिवारवाले अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे, वह जलने से कुछ ही सेकंड पहले ताबूत के भीतर से जोर-जोर से लात मारने लगी। जब घरवालों ने ताबूत खोलकर देखा, तो वे सन्न रह गए। क्योंकि, मरी हुई दादी जिंदा होकर उठ खड़ी हुई। चौंकाने वाली यह घटना थाईलैंड के फिट्सानुलोक में हुई। एक रिपोर्ट के अनुसार, लंबे समय से बीमार चल रहीं 65 वर्षीय चुओनथिरोत 23 नवंबर की सुबह अपने घर में बेहोशी की हात में पाई गई। घरवालों ने मान लिया कि उनकी नेचुरल



डेथ हुई है, इसलिए उन्होंने महिला को एक ताबूत में लेटा दिया, और बैंकॉक के बाहरी इलाके में स्थित एक मंदिर तक 4 घंटे लंबी यात्रा करके ले गए, जहां गरीबों को मुफ्त दाह संस्कार सेवा मिलती है। महिला के छोटे भाई 57 वर्षीय मोंगकोल ने तो डेथ सर्टिफिकेट पर साइन भी कर दिए थे। लेकिन, जब पिकअप ट्रक मंदिर पहुंचा, तो ताबूत के भीतर से जोर-जोर से लात मारने की आवाजें आने लगीं। यह देखकर रिश्तेदार घबरा गए, और जब उन्होंने ताबूत को खोला, तो पाया कि दादी तो जिंदा है। तब महिला करवटें लेकर अपने चेहरे से मक्खियां भगा रही थीं। मोंगकोल ने कहा, मैं हैरान होने के साथ खुश था। उन्होंने इसे ऊपरवाले का चमत्कार बताया। रिपोर्ट के अनुसार, मंदिर के स्टाफ 27 वर्षीय थम्मनून ने बताया कि ताबूत को चिता तक ले जाने ही वाले थे कि उन्होंने लात मारने की आवाज सुनीं। खोलकर देखा, तो बुजुर्ग महिला कह रही थी- वह जिंदा है। थम्मनून ने कहा, यह वाकई हैरान कर ने वाली घटना है, क्योंकि ऐसा अनुभव पहले कभी नहीं हुआ। इसके बाद बुजुर्ग महिला को तुरंत पास के एक अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने बताया कि महिला ने वास्तव में सांस लेना बंद नहीं किया था। महिला के ट्रीटमेंट का पूरा खर्च मंदिर प्रबंधन उठाएगा। मठाधीश ने कहा, परिवार को बुजुर्ग महिला के साथ 'दूसरा मौका मिला है।

### ये कोई पहली बार नहीं!

वैसे, यह थाईलैंड में कोई अकेली घटना नहीं है। इसी साल जनवरी में पूर्वोत्तर थाईलैंड की एक 85 वर्षीय महिला पुआ श्रीफुएंग भी डेड डिक्लेयर किए जाने के बाद अंतिम संस्कार से ऐन पहले उठकर बैठ गई थीं।

**खोज**

**टेक्टॉनिक प्लेटों का नया नाटक!**

## स्वेज की खाड़ी हो रही है चौड़ी अफ्रीका-एशिया हो रहे हैं दूर!

**वॉशिंगटन।** वैज्ञानिकों ने एक नई खोज में बताया है कि स्वेज की खाड़ी, जोकि अफ्रीका और एशिया को अलग करती है। अब भी धीरे-धीरे चौड़ी होती जा रही है। पहले माना जाता था कि यह प्रोसेस लाखों साल पहले रुक गया था, लेकिन नई रिसर्च में पता चला है कि रिफ्ट अभी भी एक्टिव है। इस खोज से यह पता चला है कि पृथ्वी की टेक्टॉनिक गतिविधियों को समझने में बड़ा बदलाव ला सकती है। धीमी गति से हो रही यह हलचल आगे चलकर जमीन की बनावट और भूकंप के खतरे को भी ला सकता है। पृथ्वी कभी स्थिर तो रहती नहीं है। उसकी सतह लगातार बदलती रहती है, यह कभी तेज, कभी बेहद धीरे होती है। ऐसे ही एक बदलाव को लेकर वैज्ञानिकों ने हाल ही में चौंकाने वाली जानकारी दे दी है। मिस्र में स्थित स्वेज की खाड़ी जो अफ्रीका और एशिया महाद्वीपों को अलग करती है, अब भी धीरे-धीरे फैलती जा रही है। आपको



### वैज्ञानिकों ने यह कैसे पता लगाया?

रिसर्चर्स ने खाड़ी के 300 किलोमीटर लंबे क्षेत्र का गहराई से अध्ययन किया है। बता दें की पुरानी कोरल रीफ्स जमीन से ऊपर मिलना, इलाके में छोटे भूकंप, एक्टिव फॉल्ट लाइन्स और पहाड़ों की बनावट. ये सब संकेत बताते हैं कि जमीन अब भी हिल रही है और रिफ्ट पूरी तरह बंद नहीं हुआ है। बता दें कि लगभग 50 लाख साल पहले अफ्रीकी और अरब प्लेटों की दिशा बदल गई है। जिससे खिंचाव कम हो गया है। अब यह बदलाव अमेरिका के पश्चिमी इलाके की तरह बेहद धीरे-धीरे हो रहा है। जहां धीमी टेक्टॉनिक गतिविधि से घाटियां और पहाड़ बनते जा रहे हैं।

### नई रिसर्च का बड़ा खुलासा

नई स्टडी में बताया गया है कि स्वेज का फैलाव कभी बंद ही नहीं हुआ है। बस बहुत धीमा हो गया है। हालांकि, वैज्ञानिकों का मानना है कि खाड़ी हर साल तकरीबन 0.5 मिलीमीटर चौड़ी हो रही है। बता दें कि यह आकार भले ही बेहद छोटा लगता हो, लेकिन लाखों साल बाद इसका असर बहुत बड़ा हो सकता है।



### कैसे बनी स्वेज की खाड़ी?

स्वेज की खाड़ी लाल सागर का उत्तरी हिस्सा है। यह करीब 2.8 करोड़ साल पहले जब अरब टेक्टॉनिक प्लेट अफ्रीकी प्लेट से अलग होने लगी तब जमीन में दरारें पड़ीं और यह खाड़ी बन गई. इसे ही रिफ्ट कहा जाता है। यह एक ऐसी जगह हैं, जहां प्लेटें अलग होती हैं और पृथ्वी की सतह फटने लगती है। लाल सागर तो आज भी फैलकर नया महासागर बन रहा है। हालांकि, स्वेज की खाड़ी को अब तक एक असफल रिफ्ट माना जाता था।

## बुढ़ापे के बाद दोबारा हो जाता है जवान! ये है दुनिया का सबसे पुराना जीव



**लंदन।** यूं तो दुनिया में ऐसे कई जीव हैं जिन्हें लंबी उम्र का दर्जा मिला हुआ है। लेकिन, इम्मोर्टल जेलीफिश की कहानी बिल्कुल चौंकाने वाली है। इस जीव के अंदर एक ऐसी अद्भुत कला है जिससे ये अपनी उम्र को न सिर्फ रोक सकता है, बल्कि पास्ट में जाकर दोबारा बचपन और जवानी को जी सकता है। जी हां, ये कोई कल्पना नहीं है, बल्कि सच है। इसी क्षमता के कारण ये नन्हा सा जीव विज्ञान जगत में चर्चा और शोध का विषय बना रहता है।

**क्या है जेलीफिश :** जानकारी के अनुसार जेलीफिश एक अकशेरुकी जीव है। इसमें रीढ़ की हड्डी नहीं होती है। जेलीफिश में मछली की तरह दिमाग, दिल या खून नहीं होता है। जानकारी के अनुसार अधिकांश जेलीफिश मर जाती हैं, लेकिन ये खास प्रजाति ट्यूरिटोप्सिस डोहरनी (अमर जेलीफिश) या इम्मोर्टल जेलीफिश है जो अपनी उम्र को पलटने की क्षमता रखती है। इम्मोर्टल जेलीफिश को 'जैविक रूप से' से अविनाशी या अमर माना गया है।

### क्यों नहीं मरती है ये जेलीफिश?

जेलीफिश के अमर होने या न मरने के पीछे एक गजब की क्षमता या मैकेनिज्म है। दरअसल, जब जेलीफिश को कोई चोट लगती है, किसी कारण भोजन नहीं मिल पाता है या जब ये ज्यादा तनाव में होती है जो ये अपना व्यस्क रूप छोड़कर वापस पॉलीप चरण या किशोरावस्था में बदल जाती है। इससे ये अपना जीवन दोबारा शुरू कर सकती है। ऐसा करने से जेलीफिश को अपना जीवन दोबारा जीने का मौका मिलता है। यानि वास्तविक रूम में यदि कोई बीमारी या शिकारी इसे न मारे तो ये जीव कभी नहीं मरेगा। यही कारण है कि इसे अमर जेलीफिश के नाम से भी बुलाते हैं।

## म्यूजियम में मुर्दों की प्रदर्शनी देखने पहुंची मां ने देखा बेटे का शव

**न्यूयार्क।** जरा सोचिए, जिस बेटे को 12 साल पहले दफनाया, जिसकी राख उसके गर्दन के हार में लटकी है।..एक दिन किसी म्यूजियम की प्रदर्शनी में वही बेटा खाल उतरे हुए शरीर की शक्ल में सामने खड़ा मिल जाए, तो यकीनन किसी भी कलेजा फट पड़ेगा। ये कहानी किसी हॉलीवुड थ्रिलर जैसी लगती है, लेकिन अमेरिका में रहने वाली किम एरिक के लिए यह सच भयानक, दिल तोड़ने वाला और सवालों से भरा है। मीडिया के मुताबिक, किम के बेटे क्रिस की मौत 2012 में हुई थी। पुलिस ने कहा, 'दो हार्ट अटैक...मौत नींद में हुई', लेकिन किम को तब भी शक था और फिर कुछ महीने पहले, जब वह लास वेगास के रियल बॉडीज़ म्यूजियम पहुंचीं, उनकी दुनिया थम गई। एक शव जिसकी खाल उतरी हुई थी, अंदरूनी अंग खुले हुए...उन्हें ठीक अपने बेटे क्रिस जैसा लगा। किम ने कहा, 'मैंने उसे देखा और मेरे पूरे शरीर में झनझनाहट दौड़ गई. मुझे पता था कि ये मेरा क्रिस है।' रियल बॉडीज़ म्यूजियम के अधिकारी ने साफ कहा हैं कि, 'शव चीन



से आते हैं। पहचान बताने वाला कोई डेटा नहीं होता और प्रदर्शनी 2004 से जारी है।' उन्होंने कहा था कि, 'सभी बॉडीज नैतिक रूप से प्राप्त की जाती हैं, यह दावा तथ्यहीन है', लेकिन किम की कहानी वहीं खत्म नहीं होती। किम ने क्रिस की मौत का केस दोबारा खुलवाया, तब उन्हें पहली बार वे तस्वीरें भेजी गईं, जिन्हें देखकर कोई भी खोखला हो जाए। क्रिस के हाथों, छाती और पेट पर बांधने जैसे निशान थे। विष विज्ञान रिपोर्ट में क्रिस के शरीर में साइनाइड की घातक मात्रा मिली। इसके बावजूद 2014 में जूरी ने इसे आत्महत्या मानकर केस बंद कर दिया, लेकिन एक मां सच जानना चाहती थी।

वह 1830 के आसपास अंडे से निकला था और साल 2006 में उसकी मौत हुई थी

## 141 साल की उम्र में सबसे बुजुर्ग कछुआ रानी ग्रैमा की मौत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के सैन डिएगो जू में रह रही गैलापागोस कछुए ग्रैमा की 141 साल की उम्र में मौत हो गई। मादा कछुआ ग्रैमा ने करीब डेढ़ सदी तक जीवित रही। ग्रैमा को रोमेन लेट्यूस और कैक्टस जैसे फल खान पसंद थे। वो सैन डिएगो जू की सबसे बुजुर्ग जानवर थी। जू अधिकारियों के मुताबिक, ग्रैमा की मौत करीब 141 साल की उम्र में 20 नवंबर को हुई, जो कर्मचारियों के साथ ही यहां आने वाले सभी लोगों के लिए प्रिय थी। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इसकी जानकारी नहीं है कि कछुआ सैन डिएगो जू में कब आई थी। जू के अधिकारियों ने बताया कि वह 1928 या 1931 में ब्रोंक्स जू से उनके गैलापागोस कछुओं के पहले ग्रुप के हिस्से के तौर पहुंची थी। सने अपनी प्यारी और



शर्मीले स्वभाव से सभी ध्यान अपनी तरफ खींचा और हमेशा सबको खुश किया। ग्रैमा के केयर विशेष उसे प्यार से जू की रानी बुलाते थे। जू की तरफ जारी बयान में बताया गया है कि वह अपनी बढ़ती उम्र के कारण हड्डियों की परेशानियों से जूझ रही थी। हाल के दिनों यह परेशानी काफी बढ़ गई, जिससे उसकी मौत हो गई। दुर्लभ प्रजाति के गैलापागोस कछुए जंगल में 100 साल से ज्यादा जीवित रह सकते हैं, तो वहीं चिड़ियाघर में उनकी उम्र और बढ़ जाती है। सबसे पुराने गैलापागोस कछुए का नाम हैरियट था। यह 175 साल की उम्र तक ऑस्ट्रेलिया जू में जीवित रहा। वह 1830 के आसपास अंडे से निकला था और साल 2006 में उसकी मौत हुई थी।

### गैलापागोस प्रजाति पर खतरा

गैलापागोस कछुओं में आइलैंड के कछुओं की 15 सब-स्पीशीज शामिल हैं, जिनमें तीन को वैज्ञानिकों की तरफ से खत्म मान लिया गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अन्य सभी प्रजातियां भी गंभीर रूप से खतरे में हैं। बीते कई दशकों में इन कछुओं की संख्या बढ़ाने की कोशिशें की गई हैं।

## राशिफल

**मेष** – संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** – खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** – कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** – कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** – लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय

**वृश्चिक** – संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** – आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** – क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि

**मीन** – किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## शब्द पहेली - 6060




**बाएँ से दाएँ**

1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

### शब्द पहेली- 6059 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | रा | ज | क | ता | | | म | वा | ली | |
| स | म | | ल | | चा | ला | न | | ख | त |
| मा | | | प | ना | ह | | न | | | म |
| न | ज | रा | ना | | | म | | क | या | स |
| ता | | व | | ना | ला | य | क | | प | |
| | प्रा | ण | | म | | खा | | जा | न | |
| | रु | | आ | ज | मा | ना | | हि | | म |
| स | प | ना | | द | | | ब | ल | वा | न |
| र | | | स | | ल | की | र | | | भा |
| ल | व | | न | सी | ब | | सा | | दा | व |
| | ध | म | की | | | इ | त | मी | ना | न |

## सूडोकु नवताल - 6070

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

■ MANGAL SEMACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6069 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |



# स्पर्श-ऊर्जा का अनोखा एहसास कराए वूल योगा

योगा करने से तन-मन को लाभ तो होता ही है। लेकिन इन सर्दियों में अगर उसे करते समय वूलेन ड्रेस पहनी जाए तो आपको स्पर्श संवेदना के साथ ऊर्जा का अनोखा एहसास भी होगा। वूल योगा युवाओं को क्यों भा रहा है और इससे किस तरह के फायदे हैं, जानिए।



**योगा ट्रेंड**

दिव्यज्योति 'नंदन'

नवंबर-दिसंबर की ठंडी सुबहें जब कांच-सी पारदर्शी धुंध में लिपटी होती हैं, तब योगाभ्यास करने से अधिकतर लोग कतराने लगते हैं। लेकिन इन दिनों कुछ ऐसे युवा भी हैं, जो गर्म अहसास बनाए रखने के लिए नए-नए तरीके खोज रहे हैं, उन्हीं में से एक है- 'वूल योगा' यानी ऊनी वस्त्रों के साथ योगाभ्यास की वह शैली, जो तन और मन दोनों को स्पर्श के रोमांच से जोड़ती है।

**योग में स्पर्श का एहसास:** आमतौर पर हम योगाभ्यास को श्वास, आसन तथा ध्यान से जोड़ते हैं। मगर योग का एक बहुत गहरा रिश्ता स्पर्शबोध से भी है। वूल योगा दरअसल, इसी भूले हुए आयाम को फिर से जीवित करता है।



जब शरीर ऊनी वस्त्रों से लिपटा होता है, ऊनी शॉल, ऊनी मैट या ऊनी स्वेटर तब त्वचा केवल गर्म अनुभव नहीं करती, बल्कि एक अनुभव से भी गुजरती है। यह स्पर्श का अनुभव है, जो शरीर को गर्माइश से भर देता है। योगिक दृष्टि से देखा जाए, तो स्पर्श इंद्रिय यानी त्वचा, शरीर की ऊर्जा धाराओं से सीधे जुड़ी होती है। जब हम प्राकृतिक ऊन के रेशों से बने वस्त्र पहनकर ध्यान लगाते या योगाभ्यास करते हैं, तो वह न सिर्फ हमें ऊर्जा या गर्माइश देता है बल्कि प्राणिक ऊर्जा को भी स्थिर करता है।

**शरीर-प्रकृति के बीच पुल:** ऊन को हम सामान्यतः सिर्फ गर्म कपड़े के रूप में जानते हैं, लेकिन योगिक दृष्टिकोण से यह कपड़ा 'जीवित वस्त्र' है। हर रेशा एक सूक्ष्म ऊर्जा वाहक की तरह काम करता है। न बहुत ठंडा, न बहुत गर्म। दरअसल, ऊन शरीर और प्रकृति के बीच ऊर्जा का एक पुल बनाती है। यही वजह है कि आजकल कई योग प्रशिक्षक, युवाओं को सलाह देते हैं कि वे सर्दियों में ध्यान या प्राणायाम करते समय सिंथेटिक की जगह ऊन या खादी के वस्त्र पहनें। क्योंकि इन कपड़ों से हमारे शरीर की त्वचा सांस लेती है और ऊर्जा संतुलित रहती है। इससे ध्यान की अवधि स्वाभाविक रूप से बढ़ जाती है।

**संवेदना को जगाए:** आज के युवा फैशन को केवल दिखावे के रूप में नहीं लेते बल्कि व्यक्तिगत अभिव्यक्ति के रूप में भी देखते हैं। वूल योगा इसी मानसिकता का नया विस्तार है। जहां ऊनी शॉल, जूट मैट, हस्त निर्मित जैकेट और मिट्टी के रंग वाले कपड़े सिर्फ पहनावा नहीं बल्कि आपकी संवेदना की बयानगी करते हैं। दरअसल, वूल योगा इसी सौंदर्यशास्त्र का विस्तार है, जहां फैशन ध्यान में घुल-मिल जाता है और ध्यान खुद फैशन बन जाता है।

**मिलती है भीतरी गर्मी:** वूल योगा का सबसे अनोखा पहलू यह है कि यह युवाओं को स्पर्श के रोमांच से जोड़ता है, जो रोमांच किसी शारीरिक उत्तेजना का नहीं बल्कि जीवंतता के एहसास का होता है। जब किसी ठंडी सुबह में आप ऊनी आसन पर बैठकर ध्यान लगाते हैं तो कपड़े का हर रेशा त्वचा को एहसास दिलाता है कि शरीर अभी सचेत और ऊर्जावान है। इस अनुभव में एक गहरी मनोवैज्ञानिक वास्तविकता होती है, क्योंकि आधुनिक डिजिटल युग में हम शरीर से भी दूर होते जा रहे हैं और स्क्रीन ने हमारी स्पर्श संवेदना को कुंद कर दिया है। वूल योगा इसी कुंद हो चुकी स्पर्श संवेदना या टच सेंसेशन से हमें पुनः जोड़ता है। यह एक ऐसी अनुभूति है, जो हमें संवेदनशील होने का एहसास कराती है।

**मिलता है नया अनुभव:** वूल योगा, इस बात का प्रमाण है कि योग कोई जड़ या स्थिर गतिविधि नहीं है। इसे हम नई से नई जीवंत गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। सर्दी के मौसम में युवाओं के लिए यह सिर्फ एक फिटनेस रूटीन नहीं है बल्कि शरीर और कपड़ों के बीच के संवेदनशील संवाद का अनुभव है। इसलिए हर वह युवा जो ऊनी शॉल ओढ़कर ध्यान लगता है, वास्तव में वह अंजाने में यही कर रहा होता है, जो अपने शरीर को महसूस करता है, वो योग के सबसे शुद्ध संस्करण तक पहुंचते हैं और यह वही जगह है, जहां साधक अपने शरीर, कपड़े और स्पर्श तीनों को योग की अनुभूति में बदल देता है। *



स्पेशल
वर्ल्ड एड्स-डे
1 दिसंबर

**डॉक्टर्स एडवाइस**

एचआईवी संक्रमण और एड्स को लेकर अभी भी कई तरह के भ्रम समाज में मौजूद हैं। जबकि मेडिकल साइंस कहता है कि सावधानी बरतकर और जागरूकता से न केवल इससे बचा जा सकता है, बल्कि नियंत्रित भी किया जा सकता है। यहां एक्सपर्ट डॉक्टर्स बता रहे हैं कि एड्स कैसे हो सकता है, इसके लक्षण क्या हैं, इससे कैसे बचाव हो सकता है इसका उपचार कैसे किया जा सकता है?

# जागरूकता-सावधानी से संभव है एड्स की रोकथाम





हर साल 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। यह सिर्फ एक वार्षिक अभियान नहीं, बल्कि पूरी दुनिया को एचआईवी/एड्स जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करने, इसके खिलाफ लड़ाई को तेज करने और संक्रमित लोगों के साथ सम्मानपूर्ण व्यवहार की पहल का दिन है। इसका मकसद लोगों को एचआईवी संक्रमण, उसके लक्षण, रोकथाम, उपचार और मिथकों के बारे में सही जानकारी देना है, ताकि समाज में फैले डर, भेदभाव और गलत धारणाओं को खत्म किया जा सके।

## एड्स-एचआईवी में अंतर

अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. संचयन रॉय** बताते हैं, 'एड्स और एचआईवी को अकसर एक ही बीमारी माना जाता है, लेकिन सच यह है कि दोनों बिल्कुल अलग अवस्थाएं हैं। एचआईवी एक ऐसा वायरस है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यून सिस्टम पर हमला करता है, जबकि एड्स इस संक्रमण का सबसे अंतिम और गंभीर चरण होता है, जब शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बेहद कमजोर हो जाती है और सामान्य संक्रमण भी जानलेवा बन सकते हैं। अच्छी बात यह है कि अगर समय पर एचआईवी की पहचान हो जाए और मरीज तुरंत एआरटी थेरेपी शुरू कर दे, तो वह लंबे समय तक बिल्कुल सामान्य जीवन जी सकता है और एड्स तक पहुंचने से भी बच सकता है। आधुनिक दवाइयां वायरस को पूरी तरह खत्म तो नहीं करतीं, लेकिन उसकी मात्रा इतनी कम कर देती हैं कि वह शरीर को नुकसान नहीं पहुंचाता और दूसरे लोगों तक भी लगभग नहीं फैलता।'



## भारत में एचआईवी की स्थिति

अपने देश में एचआईवी की कंडीशन के बारे में श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टिट्यूट, दिल्ली में डायरेक्टर-इंटरनल मेडिसिन एंड इंफेक्शन डिजीज, **डॉ. अरविंद अग्रवाल** बताते हैं, 'भारत में एचआईवी की स्थिति के बारे में बात करें तो यह अभी भी एक अहम स्वास्थ्य चुनौती बनी हुई है। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन के मुताबिक भारत में लगभग 23 लाख लोग एचआईवी के साथ जीवन जी रहे हैं और हर साल कई नए मामले सामने आते हैं। हालांकि पिछले वर्षों की तुलना में संक्रमण कम हुआ है। सरकार और कई संस्थाओं के प्रयासों से लोगों में जागरूकता बढ़ी है और एआरटी दवाएं भी आसानी से उपलब्ध हो रही हैं, जिससे मरीजों को काफी मदद मिलती है। इसके बावजूद गांवों और छोटे शहरों में जानकारी की कमी, समाज का डर बना हुआ है, इसे दूर किए जाने की जरूरत है।'

## एचआईवी कैसे फैलता है

एचआईवी संक्रमण कैसे फैलता है, इस बारे में अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, जयपुर के कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. रोहित शर्मा** क्लीयर करते हैं, 'एचआईवी कैसे फैलता है, इसे लेकर लोगों में आज भी कई गलतफहमियां हैं, इसलिए सही जानकारी बेहद जरूरी है। एचआईवी संक्रमण सिर्फ चार वैज्ञानिक रूप से सिद्ध तरीकों से ही फैलता है, असुरक्षित यौन संबंध बनाने से, संक्रमित सुई या ब्लेड का उपयोग, संक्रमित खून चढ़ाने से और मां से बच्चे में गर्भावस्था, प्रसव या स्तनपान के दौरान। इन चार तरीकों के अलावा किसी भी सामान्य गतिविधि से एचआईवी नहीं फैलता। साथ बैठने, साथ खाने, हाथ मिलाने, कपड़े या टूथब्रश जैसे सामान साझा करने, या मच्छर के काटने से यह संक्रमण नहीं होता। फिर भी इन मिथकों के कारण लोग एचआईवी मरीजों से दूरी बनाते हैं, जिससे उन्हें सामाजिक भेदभाव और मानसिक तनाव झेलना पड़ता है। सही जानकारी ही इस कलंक को खत्म कर सकती है।'

## एचआईवी के शुरुआती लक्षण

एचआईवी संक्रमण की शुरुआत में कई बार कोई स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते, जिससे लोग इसे सामान्य थकान या मौसम बदलने की बीमारी समझ लेते हैं। कुछ मामलों में शुरुआती हफ्तों में फ्लू जैसे लक्षण दिख सकते हैं-जैसे हल्का बुखार, लगातार थकान, गले में खराश, शरीर पर हल्के दाने या बिना कारण वजन कम होना। चूंकि ये लक्षण आम बीमारियों जैसे लगते हैं, लोग अकसर एचआईवी टेस्ट कराने से बचते हैं और संक्रमण बढ़ता जाता है। इसी वजह से डॉक्टर सलाह देते हैं कि जोखिम की स्थिति में समय पर एचआईवी टेस्ट जरूर करवाना चाहिए, ताकि बीमारी को शुरुआत में ही नियंत्रित किया जा सके।




## सावधानी से संभव है रोकथाम

विश्व एड्स दिवस का सबसे महत्वपूर्ण संदेश यही है कि रोकथाम इलाज से बेहतर है। एचआईवी से बचने के लिए कुछ सरल लेकिन बेहद प्रभावी उपाय अपनाने चाहिए, जैसे हमेशा सुरक्षित यौन संबंध बनाना, एक ही साथी के साथ संबंध रखना, किसी भी सुई या ब्लेड का दोबारा उपयोग न करना, केवल जांच किए हुए और प्रमाणित खून ही चढ़वाना और गर्भवती महिलाओं का समय पर एचआईवी टेस्ट कराना। इसके साथ ही जागरूक रहना और दूसरों को भी सही जानकारी देना बेहद जरूरी है। ये कदम न केवल व्यक्ति को सुरक्षित रखते हैं बल्कि समाज में संक्रमण की रफ्तार भी काफी हद तक कम कर देते हैं।

## सही नहीं भेदभाव करना

हालांकि इलाज और जागरूकता बढ़ी है, फिर भी एचआईवी संक्रमित लोगों को समाज में भेदभाव का सामना करना पड़ता है। उन्हें नौकरी देने में हिचकिचाहट, घर या स्कूल में दूरी, रिश्तों में समस्याएं और सामाजिक तिरस्कार जैसी चुनौतियां झेलनी पड़ती हैं, जो बीमारी से ज्यादा मानसिक रूप से प्रभावित करती हैं। विश्व एड्स दिवस इसी भेदभाव को खत्म करने की अपील करता है। समाज का सम्मान और सहयोग संक्रमित व्यक्ति की सबसे बड़ी जरूरत है। स्कूलों में यौन शिक्षा देना, युवाओं में जागरूकता फैलाना और संक्रमित लोगों का सम्मानपूर्वक सहयोग करना- ये सभी कदम संक्रमण को कम करने में भूमिका निभाते हैं। यदि समाज एकजुट होकर काम करे तो एचआईवी को रोकना संभव है। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

### एआरटी थेरेपी है काफी कारगर

एक समय एचआईवी को जानलेवा बीमारी माना जाता था, लेकिन आधुनिक चिकित्सा ने इसकी तस्वीर पूरी तरह बदल दी है। आज उपलब्ध एआरटी मरीज को लंबा, सामान्य और स्वस्थ जीवन जीने में सक्षम बनाती है। इससे शरीर में वायरस की मात्रा काफी कम हो जाती है, जिससे संक्रमण दूसरों तक फैलना लगभग रुक जाता है और मरीज की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। भारत सरकार भी कई केंद्रों पर एआरटी की दवाएं मुफ्त उपलब्ध कराती हैं, जिससे लाखों लोग नियमित इलाज ले पा रहे हैं और अच्छा जीवन जी रहे हैं।



**हर्बल जोन**

रेखा देशराज

# सर्दियों में गर्माहट का एहसास कराए लेमन ग्रास



सर्दियों के लिए लेमन ग्रास, बहुत खास हर्ब मानी जाती है। इसलिए इसे सर्दियों की 'वार्मिंग हर्ब' कहा जाता है। क्योंकि यह केवल स्वाद या सुगंध का स्रोत नहीं है बल्कि यह प्राकृतिक रूप से गर्माहट देने वाली जड़ी-बूटी है, इसलिए ठंड के प्रारंभिक दिनों में लेमन ग्रास के सेवन से कई फायदे होते हैं।

**बढ़ाए रोग प्रतिरोधक क्षमता:** लेमन ग्रास में कुदरती रूप से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने का गुण होता है, इसलिए सर्दियों की शुरुआत में जब शरीर खांसी, जुकाम और बुखार के संक्रमण से पीड़ित होता है, तब इसका इस्तेमाल लाभकारी होता है। लेमन ग्रास में सिंटल और जेरोनियोल जैसे यौगिक मौजूद होते हैं, इसलिए ये बैक्टीरिया, वायरस और फंगस से लड़ने की जबरदस्त क्षमता रखते हैं। जब हम सर्दियों में लेमन ग्रास का चाय के रूप में या एरोमा थेरेपी के रूप में इस्तेमाल करते हैं, तो इससे बहुत फायदे मिलते हैं। इससे शरीर की इम्यूनिटी मजबूत होती है और मूड शांत होता है। शुरुआती सर्दियों में लेमन ग्रास का बेहतर उपयोग करने के लिए एक कप पानी में एक इंच लेमन ग्रास का टुकड़ा या फिर इसके सूखे पत्ते डालकर पांच-सात मिनट तक उबालना चाहिए। अगर इस पानी में अदरक, तुलसी और शहद भी मिला दिया जाए, तो फायदे कई गुना ज्यादा बढ़ जाते हैं।

**कई रोगों से बचाए:** लेमन ग्रास की चाय पीने से सर्दी, जुकाम और गले की खराश में राहत मिलती है। पेट की गैस, अपच और भारीपन से भी राहत मिलती है। लेमन ग्रास की भाप या इसकी चाय का नियमित इस्तेमाल करने से हमारे रेस्पिरेटरी सिस्टम को मजबूती मिलती है। क्योंकि इस मौसम में यह श्वसन तंत्र को खोलती है और हमारे गले की खराश को कम करती है। लेमन ग्रास में एक रासायनिक उत्प्रेरक शक्ति होती है, जिसके चलते यह बलगम को पतला करके उसे शरीर से निकालने में विशेष रूप से मदद करती है। इसलिए कुछ लोग सर्दियों में लेमन ग्रास को कफ फ्रेंडली हर्ब के रूप में भी जानते हैं, क्योंकि लेमन ग्रास का मूल स्वभाव उष्ण यानी गर्म होता है। मतलब यह हमारे रक्त संचार को बढ़ाती है, जो कि ठंड के मौसम में धीमा हो जाता है। लेमन ग्रास की चाय पीने से हमारे शरीर की सुस्ती और ठिठुरन कम होती है। क्योंकि जब हम लेमन ग्रास की चाय पीते हैं तो शरीर में इसके प्रभाव से एनर्जी पैदा होती है और मेटाबॉलिज्म की गति बढ़ जाती है। लेमन ग्रास के कुछ टुकड़ों को दालचीनी और तुलसी के साथ सूप बनाकर पीया जाए, तो बड़ा फायदा मिलता है क्योंकि यह प्राकृतिक डिटॉक्स की तरह काम करता है।

**लेमन ग्रास बाथ:** इस मौसम में गुनगुने पानी में लेमन ग्रास की पत्तियां या तेल डालकर 15 से 20 मिनट तक पैरों को उस गुनगुने पानी में डुबोकर रखें और फिर गुनगुने पानी से स्नान कर लिया जाए, तो थकान की समस्या पूरी तरह से दूर हो जाती है। *

**फिटनेस फंडा**

नितिन बाबू

# फिटनेस के लिए डेली करना होता है एफर्ट



सोनी सब चैनल के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में चिराग का किरदार नितिन बाबू निभा रहे हैं। वह अच्छी लाइफ के लिए फिजिकल और मेंटल फिटनेस को बहुत महत्व देते हैं। इसके लिए वे क्या कुछ करते हैं, अपना फिटनेस रूटीन नितिन शेयर कर रहे हैं, अपनी जुबानी।

चिराग की भूमिका निभाना मेरे लिए रोमांचक और भावनात्मक दोनों है। उसका किरदार बहुत गहराई लिए हुए है। ऐसे किरदार को निभाने के लिए मेंटली फिट होना बहुत हेल्पफुल होता है। वैसे भी मैं हमेशा से अपनी फिजिकल और मेंटल हेल्थ को लेकर कॉन्शस रहा हूं और इसके लिए डेली एफर्ट करता रहता हूं।

**डाइट प्लान:** मेरा डाइट प्लान ज्यादातर सिंपल और संतुलित रहता है। सुबह हल्का और हेल्दी नाश्ता करता हूं। इसमें ओट्स, अंडे या फिर फल लेता हूं। दोपहर में घर का बना खाना पसंद है, जिसमें दाल, सब्जी, सलाद और ब्राउन राइस या रोटी होती है। रात का खाना मैं हल्का रखता हूं। दिन भर खूब पानी पीने की कोशिश करता हूं और जंक फूड से जितना हो सके दूर रहता हूं।

**वर्कआउट रूटीन:** मेरा वर्कआउट रूटीन, शूट शेड्यूल पर निर्भर करता है। लेकिन मैं सप्ताह में कम से कम तीन दिन जरूर एक्सरसाइज करता हूं। इसमें कार्डियो, वेट ट्रेनिंग और किसी दिन योग या फंक्शनल ट्रेनिंग शामिल होती है। शूट पर भी अगर समय मिलता है तो थोड़ी देर वॉक कर लेता हूं। वर्कआउट मिस नहीं करता हूं।

**मैनेज करता हूं टाइम:** सच कहूं तो वर्कआउट के लिए समय निकालना मुश्किल होता है, लेकिन यह फिट रहने के लिए बहुत जरूरी भी है। इसलिए मैं अपने दिन की प्लानिंग पहले से कर लेता हूं। अगर सुबह शूट हो, तो वर्कआउट शाम को कर लेता हूं। अगर दोपहर या शाम का शूट है तो सुबह वर्कआउट कर लेता हूं। और कभी-कभी सेट पर ही थोड़ा समय निकालकर कोई छोटी-मोटी फिजिकल एक्टिविटी कर लेता हूं।

**ऐसे रहता हूं मेंटली फिट:** मेरे लिए शारीरिक के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य भी बहुत महत्वपूर्ण है। इसके लिए मैं रोज कुछ मिनट मेडिटेशन या डीप ब्रीदिंग करता हूं। किताबें पढ़ना मेरी हैबिट में शामिल है। परिवार और दोस्तों से बातचीत करना मुझे संतुलित रखता है। इसके आनावा मैं मानता हूं अपने मन की सुनना और खुद को ज्यादा भार या तनाव न देना बहुत मायने रखता है।

**फिटनेस आइडल:** मुझे हमेशा से ऋतिक रोशन और मिलिंद सोमन ने प्रेरित किया है। दोनों सिर्फ शारीरिक तौर पर ही नहीं, बल्कि मानसिक रूप से भी बेहद मजबूत हैं। उनकी लाइफस्टाइल और अनुशासन मुझे यह सिखाते हैं कि फिटनेस एक लंबी यात्रा है। यह निरंतर चलती है, इसमें कोई शॉर्टकट नहीं होता है।

**रीडर्स को मैसेज:** मेरा सबसे बड़ा फिटनेस मंत्र है- कंसिस्टेंसी इज द की। यानी फिटनेस के लिए आप चाहे कितना भी छोटा कदम उठाएं, लेकिन उसे रोज जारी रखें। फिटनेस सिर्फ जिम जाने से नहीं आती, बल्कि एक हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने से आती है। इसमें हेल्दी डाइट, अच्छी नींद और सकारात्मक सोच शामिल होती है। इसे लगातार फॉलो करना होता है, डेली एफर्ट करना होता है। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

**अवेयरनेस**

अपराजिता

किसी की डेथ के बाद अगर उसके कुछ अंगों का दान कर दिया जाए तो दूसरे कई लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। लेकिन अवेयरनेस के अभाव में ऐसा नहीं हो पाता है। 27 नवंबर, राष्ट्रीय अंगदान दिवस के अवसर पर, इस बारे में जानिए।

# अंग दान से मिल सकता है कई लोगों को जीवनदान



आज का दौर, चिकित्सकीय दृष्टि से क्रांति का दौर कहा जा सकता है। पिछले एक दशक में बायो क्षेत्र में जितनी तकनीकी प्रगति हुई है, उतनी शायद ही किसी दूसरे दौर में हुई हो। बावजूद इसके जीवन रक्षा के लिए आज भी तकनीक से ज्यादा जरूरी अंग दान ही है, क्योंकि अंग प्रत्यारोपण की तकनीक तो बहुत तेजी से विकसित हुई है, लेकिन अभी भी कृत्रिम अंगों की वह विश्वसनीयता नहीं हासिल हो सकी, जो आज भी मानवीय अंगों को है। सवाल है, इस बीच में लोगों का जीवन बचाने और बेहतर बनाने का उपाय क्या हो सकता है? तो इस सवाल का सबसे आसान जवाब यही है अंग दान।

**अंगदान की बढ़ती मांग:** अकेले भारत में ही हर साल 63 हजार लोगों को गुर्दा प्रत्यारोपण यानी किडनी ट्रांसप्लांट की जरूरत होती है। लेकिन हर साल अंगदान के रूप में हासिल होने वाली किडनियों की संख्या 3000 से भी कम होती है। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि अंग प्रत्यारोपण की जरूरत जिस रफ्तार से बढ़ रही है। इसी तरह हर साल भारत में 22,000 लोगों को लिवर ट्रांसप्लांट की जरूरत है, मगर मुश्किल से 800 से 900 लोगों को ही अंगदान के जरिए यह सुविधा प्राप्त हो पाती है। भारत में प्रति 10 लाख लोगों के बीच अंगदान की दर 0.3 से 0.8 के आस-पास है।

**अवेयरनेस की है कमी:** सामाजिक जागरूकता और नीति प्रक्रिया की स्थिति कुछ ऐसी है कि सिर्फ भारत में ही नहीं, दुनिया के ज्यादातर देशों में अंगदान की गति बहुत धीमी है। इसलिए अंग दान जैसे दिवसों का पहले के मुकाबले आज कहीं ज्यादा महत्व है, क्योंकि इसी बहाने लोगों को अंग दान को लेकर जागरूक किया जा सकता है। इसलिए अंग दान जैसे दिवस भले इस बात के लिए प्रेरित करते हैं कि दुनिया के ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस बारे में प्रेरित और प्रोत्साहित किया जाना चाहिए ताकि दुनिया ज्यादा बेहतर और ज्यादा सुखी बन सके।

**पहले से बढ़ी है जागरूकता:** आज विश्व स्वास्थ्य संगठन और चिकित्सीय क्षेत्र से जुड़े तमाम संगठन और संस्थाएं अंगदान को प्रोत्साहित करने के लिए तरह-तरह के कार्यक्रम करती हैं, जिसके चलते अब धीरे-धीरे लोगों में यह भ्रम और झिझक खत्म हो रही है और अंगदान की प्रक्रिया थोड़ी बढ़ी है। लेकिन आज भी मांग और उपलब्धि के बीच में बहुत बड़ा अंतर है।

सिर्फ गुर्दा प्रत्यारोपण हेतु ही दुनिया में कई लाख लोग हर समय प्रतीक्षारत रहते हैं और गुर्दा दान करने वाले लोगों की संख्या बेहद कम है। हालांकि पिछले कुछ सालों में पश्चिमी विकसित देशों में अंगदान की प्रक्रिया थोड़ी बेहतर हुई है और आज औसतन प्रति लाख 20 से 30 लोग अंगदान के लिए तैयार हो रहे हैं, जिसमें सबसे ज्यादा प्रति लाख 30 लोगों का आंकड़ा स्पेन का है। लेकिन आज भी अंगदान देने वालों और चाहने वालों की संख्या में बहुत फर्क है। इसलिए इस दिन की खास महत्ता है कि लोगों को अंगदान के लिए प्रोत्साहित किया जाए और उन्हें समझाया जाए कि अंगदान ही महादान है। इसलिए अंग दान दिवस की महत्ता आज पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गई है। *

### बचा सकते हैं कई लोगों की जान

**आज भी** शरीर का कोई भी अंग पूरी तरह से कृत्रिम नहीं बनाया जा सका, जो सौ फीसदी कारगर हो। आज भी 99.99 फीसदी अंग प्रत्यारोपण जीवित या मृत लोगों के द्वारा दिए गए अंगों के दान पर ही निर्भर है। ऐसे में कोई भी तकनीक चाहे कितनी ही उन्नत हो जाए, किसी काम की नहीं होगी, जब प्रत्यारोपण के लिए अंग ही न मौजूद हों। यही कारण है कि अंग प्रत्यारोपण दिवस पर पूरी दुनिया में अनेक मेडिकल संस्थाएं और एजेंसियां अंग दान संबंधी कार्यक्रमों के जरिए लोगों को इसके लिए प्रोत्साहित करती हैं। गौरतलब है कि अंग दान के प्रति उदासीनता के कारण हर साल 25 लाख से ज्यादा लोगों की या तो दुर्घटना के चलते या असाध्य बीमारियों के तहत मौत हो जाती है और अगर पूरी दुनिया में लोग अंग दान को लेकर सहज हो जाएं, तो हर साल इतने लोगों को असमय मृत्यु से बचाया जा सकता है।

# रोनाल्डो को मिली बड़ी राहत, दो मैचों का प्रतिबंध हटा, विश्व कप में दिखेंगे खेलते

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



क्रिस्टियानो रोनाल्डो को फीफा की ओर से बड़ी राहत मिली है। आयरलैंड के खिलाफ वर्ल्ड कप क्वालिफायर मैच में एल्बो मारने के चलते मिले रेड कार्ड के बाद माना जा रहा था कि वे आगामी वर्ल्ड कप 2026 के शुरुआती मैच मिस कर सकते हैं।

हालांकि, फीफा ने उन्हें तीन मैच के प्रतिबंध की सजा सुनाई है, लेकिन उसमें से दो मैचों पर एक साल की प्रोबेशन लागू की गई है। यानी रोनाल्डो ने पहले ही एक मैच का अनिवार्य बैन काट लिया है और अब वे वर्ल्ड कप में खेलने के लिए पात्र हैं, लेकिन चेतावनी के साथ। डबलिन में खेले गए मुकाबले में रोनाल्डो ने आयरलैंड के डिफेंडर डारा ओ'शेया को कोहनी मारी थी। फीफा ने इसे हिंसक आचरण माना और सजा निर्धारित की।

### वीआईपी मीटिंग का प्रभाव?

फैसले से एक सप्ताह पहले रोनाल्डो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से व्हाइट हाउस में मुलाकात की थी। इस डिनर में फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैंटिनो भी मौजूद थे और उन्होंने रोनाल्डो के साथ फोटो भी ली थी। इस घटना और फैसले के समय ने बहस को और तेज कर दिया है। रोनाल्डो पिछले तीन साल से सऊदी क्लब के लिए खेल रहे हैं और 2034 का वर्ल्ड कप भी सऊदी अरब की मेजबानी में होगा, जिससे राजनीतिक संबंधों पर भी सवाल उठ रहे हैं।

# चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट : मैनचेस्टर सिटी और बार्सिलोना को करना पड़ा हार का सामना

एजेंसी ▸▸ लंदन

टीम में बदलाव, गलतियों और रक्षात्मक चूक के कारण मैनचेस्टर सिटी और बार्सिलोना को चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में हार का सामना करना पड़ा।

मैनचेस्टर सिटी कोच के रूप में पेप गार्डियोला के चैंपियंस लीग में 100वें मैच में उनकी टीम बायर लेवरकुसेन से 2-0 से हार गई, जबकि बार्सिलोना को चेल्सी के खिलाफ 3-0 की हार में आत्मघाती गोल और रेड कार्ड का सामना करना पड़ा। गार्डियोला ने प्रीमियर लीग में न्यूकैसल से मिली हार के बाद अपनी शुरुआती लाइनअप में 10 बदलाव किए, जिसमें एर्लिंग हालैंड को बेंच पर रखा गया, लेकिन इसका विपरीत प्रभाव पड़ा। एलेजांद्रो ग्रिमाल्डो ने 23वें मिनट में लेवरकुसेन की तरफ से पहला और पैट्रिक स्चिक ने 54वें मिनट में दूसरा गोल किया।



### लीग में चेल्सी की तीसरी जीत

चेल्सी ने स्टैमफोर्ड ब्रिज में 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे बार्सिलोना को 3-0 से आसानी से हराकर लीग चरण में अपनी तीसरी जीत हासिल की। यह बार्सिलोना की दूसरी हार थी, जिसमें डिफेंडर रोनाल्ड अराउजो को हाफटाइम से ठीक पहले दूसरा पीला कार्ड दिखाया गया था, जिसके बाद बार्सिलोना को 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। जूल्स कोंडे के 27वें मिनट में किए गए आत्मघाती गोल ने चेल्सी को बढ़त दिला दी। उसने 55वें मिनट में 18 वर्षीय एस्टेवाओ के किए बेहतरीन गोल से अपनी बढ़त मजबूत की और 73वें मिनट में लियाम डेलाप के गोल से जीत सुनिश्चित की।

## खबर संक्षेप



### बीसीसीआई को करना है मेरे भविष्य का फैसला : गंभीर

**गुवाहाटी।** आलोचनाओं से घिरे भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में मिली करारी हार के बाद उनके भविष्य पर फैसला भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को करना है लेकिन इसके साथ ही उन्होंने याद दिलाया कि उनके कार्यकाल में टीम ने कितनी सफलता हासिल की है। गंभीर ने कहा, 'मेरे भविष्य का फैसला बीसीसीआई को करना है। लेकिन मैं वही व्यक्ति हूं, जिसने इंग्लैंड में आपको अनुकूल परिणाम दिलाए और मैं चैंपियंस ट्रॉफी में भी कोच था।' उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की खिताबी जीत और इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ उसकी धरती पर 2-2 से ड्रॉ रही श्रृंखला का जिक्र किया। गंभीर ने दक्षिण अफ्रीका से 0-2 से मिली हार के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया में कहा,'दोष सभी का है और इसकी शुरुआत मुझसे होती है। हमें बेहतर खेल दिखाना होगा।

### टी20 विश्व कप से पहले खतरे में असलांका की कप्तानी

**कोलंबो।** श्रीलंका के कप्तान चरित असलांका का पाकिस्तान का दौरा बीच में छोड़ना देश के क्रिकेट बोर्ड को नागवार गुजरा है, जिससे अगले साल के शुरू में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले उनकी कप्तानी खतरे में पड़ गई है। उनकी जगह दासुन शनाका को कप्तान नियुक्त किया गया है।



असलांका पाकिस्तान में द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला में टीम की कप्तानी कर रहे थे। वह दौरा बीच में रद्द करने के पक्ष में थे और उन्होंने इस्लामाबाद में हुए आत्मघाती बम विस्फोट के बाद कथित तौर पर अपने कुछ साथियों को टूर्नामेंट से हटने और स्वदेश लौटने के लिए प्रोत्साहित किया था। यह बात श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) को रास नहीं आई और उसने कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

### कर्नाटक ने उत्तराखंड को दी मात, स्मरण का अर्धशतक



**अहमदाबाद।** रविचंद्रन स्मरण ने सही समय पर अर्धशतक लगाकर अपनी काबिलियत का नमूना पेश किया, जिससे कर्नाटक ने बुधवार को सैयद मुश्ताक अहमद ट्रॉफी के ग्रुप डी के पहले मैच में उत्तराखंड को पांच विकेट से हरा दिया। उत्तराखंड ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 197 रन बनाए, जिसमें कप्तान कुणाल चंदेला (88 रन, 49 गेंद) और आंजनेया सूर्यवंशी (54 रन, 36 गेंद) ने चौथे विकेट के लिए 122 रन जोड़े। कर्नाटक के लिए तेज गेंदबाज विद्वथ कावेरप्पा ने 37 रन देकर तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कर्नाटक ने करुण नायर और केएल श्रीजीत के विकेट गिरने के बाद 15 रन पर दो विकेट गंवा दिए।

## दक्षिण अफ्रीका ने 25 साल बाद फिर किया क्लीन स्वीप

# टीम इंडिया 40 साल बाद लगातार दो साल में हारी दो टेस्ट सीरीज

एजेंसी ▸▸ गुवाहाटी

ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर ने कौशल और दृढ़ संकल्प की कमी वाले भारतीय बल्लेबाजों को फिर से दिन में तारे दिखाए, जिससे दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में 408 रन की रिकॉर्ड जीत दर्ज करके दो मैच की श्रृंखला में 2-0 से क्लीन स्वीप किया।

यह हार भारत के टेस्ट इतिहास में एक और शर्मनाक अध्याय है क्योंकि रन के लिहाज से यह उसकी सबसे बड़ी हार है। यह तीसरा अवसर है जबकि किसी टीम ने भारत का उसकी धरती पर सूपड़ा साफ किया। 40 साल बाद भारत की धरती पर ऐसा हुआ है जब लगातार 2 साल में टीम इंडिया 2 टेस्ट सीरीज हारी हैं। पिछली बार यह कारनामा वेस्टइंडीज और इंग्लैंड ने किया था। चार दशक पहले भारतीय टीम को साल 1983 में वेस्टइंडीज के खिलाफ और फिर साल 1984-85 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में हार मिली थी।



### मार्क्रम ने 9 कैच लेकर बनाया रिकॉर्ड

हार्मर ने पिच मुझे मिल रहे उछाल और टर्न का पूरा फायदा उठाकर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 37 रन देकर छह विकेट तथा मैच में कुल नौ विकेट लिए। एडेन मार्क्रम ने 9 कैच लेकर एक टेस्ट मैच में सर्वाधिक कैच का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने भारत के अजिंक्य रहाणे के 2015 में लिए गए आठ कैच के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा।



### मात्र 140 रन पर आउट हो गई टीम इंडिया

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने 2000 में 2-0 से जबकि पिछले साल न्यूजीलैंड ने 3-0 से श्रृंखला जीती थी। इस पराजय से भारत की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को भी करारा झटका लगा है। भारत के सामने 549 रन का असंभव लक्ष्य था और उसकी पूरी टीम मैच के पांचवें और अंतिम दिन 140 रन पर आउट हो गई। दक्षिण अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 489 रन बनाए थे जिसके जवाब में भारतीय टीम 201 रन पर आउट हो गई थी। दक्षिण अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी पांच विकेट पर 260 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी।

### हार्मर ने किया भारतीय बल्लेबाजों को परेशान

भारत ने सुबह दो विकेट पर 27 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई, जिसके बाद हार्मर ने अपने टर्न और उछाल से भारतीय बल्लेबाजों को परेशान किया। उन्होंने पहले सत्र में नाइटवॉचमैन कुलदीप यादव (05), ध्रुव जुरेल (02) और कप्तान ऋषभ पंत (13) को पवेलियन की राह दिखाई। बारसापारा की पिच हाल के समय में उपलब्ध कराई गई सर्वश्रेष्ठ भारतीय पिचों में से एक थी, जिसमें उचित तकनीक और अभ्यास से बल्लेबाज रन बनाने में सक्षम थे। इस पिच पर अपनी लेंथ को जानने वाले तेज गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया और चालाक स्पिनरों ने दबदबा बनाया।

### स्कोर बोर्ड

दक्षिण अफ्रीका पहली पारी : 489 रन
भारत पहली पारी : 201 रन
दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी : 260/5 रन घोषित

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का वेरेन्ने बो यानसेन | 13 | 20 | 1 | 1 |
| राहुल बो हार्मर | 6 | 29 | 0 | 0 |
| सुदर्शन नाबाद | 14 | 139 | 1 | 0 |
| कुलदीप यादव बो हार्मर | 5 | 38 | 1 | 0 |
| जुरेल का मार्क्रम बो हार्मर | 2 | 3 | 0 | 0 |
| पंत का मार्क्रम बो हार्मर | 13 | 16 | 1 | 1 |
| जडेजा स्ट वेरेन्ने बो महाराज | 54 | 87 | 4 | 2 |
| सुंदर का मार्क्रम बो हार्मर | 16 | 44 | 2 | 0 |
| रेड्डी का वेरेन्ने बो हार्मर | 0 | 3 | 0 | 0 |
| बुमराह नाबाद | 1 | 2 | 0 | 0 |
| सिराज का यानसेन बो महाराज | 0 | 4 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 16 रन, कुल : 63.5 ओवर में 140/10 रन
गेंदबाजी : यानसेन 15-7-23-1, मुल्डर 4-1-6-0, हार्मर 23-6-37-6, महाराज 12.5-1-37-2, मार्क्रम 2-0-2-0, मुथुसामी 7-1-21-1

## क्रिकेट

# भारत को बड़ा नुकसान, डब्ल्यूटीसी तालिका में पांचवें स्थान पर खिसका



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका से दोनों टेस्ट मैच में हार झेलने के बाद भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में पांचवें स्थान पर खिसक गया है, जिससे उसकी फाइनल में पहुंचने की संभावनाओं को करारा झटका लगा है। बुधवार को गुवाहाटी में दूसरे टेस्ट में 408 रन से मिली हार, पारंपरिक पांच दिवसीय प्रारुप में रनों के लिहाज से भारत की सबसे बड़ी हार है। इस साल के शुरू में इंग्लैंड में श्रृंखला बराबर करने वाली भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका से मिली हार के बाद पाकिस्तान से नीचे पांचवें स्थान पर खिसक गई है और उसका पीसीटी (प्रतिशत) 48.15 पर आ गया है।

भारत ने मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में नौ टेस्ट मैच खेले हैं, जिनमें से चार जीते, चार हारे और एक ड्रॉ रहा। भारतीय टीम अब अगले साल अगस्त में दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी और उसके बाद अक्टूबर-नवंबर में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ श्रृंखला खेलेगी।

### द.अफ्रीका ने की तालिका में अपनी स्थिति मजबूत

दक्षिण अफ्रीका ने तालिका में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का मौजूदा चैंपियन दक्षिण अफ्रीका चार टेस्ट मैचों में 36 अंकों के साथ शीर्ष पर चल रहे ऑस्ट्रेलिया के ठीक पीछे दूसरे स्थान पर है। उसका पीसीटी 66.67 से बढ़कर 75 हो गया है। न्यूजीलैंड ने अभी तक मौजूदा चक्र में एक भी श्रृंखला नहीं खेली है, जबकि श्रीलंका और पाकिस्तान ने एक-एक श्रृंखला खेली है। शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें 2027 में होने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।

## आईसीसी रैंकिंग

# रोहित फिर बने वनडे के नंबर-1 बल्लेबाज, मिचेल को छोड़ा पीछे

### अभिषेक की बादशाहत बरकरार



एजेंसी ▸▸ दुबई

आईसीसी ने 26 नवंबर को इस हफ्ते की ताजा रैंकिंग जारी की है। पिछले हफ्ते नंबर 1 की पोजीशन गंवाने वाले रोहित शर्मा की वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर 1 पर फिर से वापसी हो गई है। जबकि टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में अभिषेक शर्मा की बादशाहत बरकरार है और वह टॉप पर काबिज हैं। साथ ही टी20 ऑलराउंडर्स की लिस्ट में एक पाकिस्तानी खिलाड़ी को झटका लगा है। रोहित शर्मा पिछले हफ्ते न्यूज़ीलैंड के डैरिल मिचेल से पिछड़ गए थे। लेकिन इस हफ्ते एक बार फिर से रोहित ने नंबर 1 पोजीशन पर वापसी की और मिचेल दूसरे स्थान पर खिसक गए।

रोहित के अलावा शुभमन गिल वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में चौथे और विराट कोहली 5वें स्थान पर हैं। अब रोहित और विराट एक साथ 30 नवंबर से साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में नजर आएंगे।

### नंबर 1 पायदान पर भारत के 5 खिलाड़ी

भारतीय खिलाड़ियों की बात करें तो अभिषेक और रोहित के अलावा टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में वरुण चक्रवर्ती नंबर 1 पर काबिज हैं। उनके अलावा टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह और टेस्ट ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में रविंद्र जडेजा नंबर 1 पर काबिज हैं। जबकि टीम रैंकिंग में भारत वनडे व टी20 की नंबर 1 टीम बनी हुई है। वहीं टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड के बाद भारत चौथे स्थान पर है।

**जिम्बाब्वे के कप्तान ने पाकिस्तानी खिलाड़ी को पछाड़ा**

अगर टी20 के ऑलराउंडर्स की रैंकिंग पर नजर डालें तो पाकिस्तान के सईम अय्यूब अब नंबर 2 पर खिसक गए हैं। वहीं उनकी जगह जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने इस पोजीशन पर कब्जा कर लिया है। लेकिन टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान ने 8 स्थान की छलांग लगाकर नंबर 4 पर आते हुए टॉप 10 में एंट्री मारी है।

# उर्विल ने लगाया दूसरा सबसे तेज टी20 शतक

### 31 गेंद में ठोकी सेंचुरी

**हैदराबाद।** कप्तान उर्विल पटेल की 12 चौके और 10 छक्के जड़ित नाबाद 119 रन की पारी की बदौलत गुजरात ने ग्रुप सी के मैच में सेना को आठ विकेट से हराकर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। टी20 कप्तान के तौर पर पदार्पण करने वाले पटेल ने सेना के गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाते हुए शतक जड़ा। चेन्नई सुपर किंग्स के रिटेन किए 27 साल के इस खिलाड़ी ने महज 31 गेंद में शतक बना दिया, जो किसी भारतीय का बनाया दूसरा सबसे तेज टी20 शतक है। किसी भारतीय के बनाया सबसे तेज टी20 शतक का रिकॉर्ड पटेल और अभिषेक शर्मा के नाम है, जिन्होंने 2024-25 चरण में क्रमशः त्रिपुरा और मेघालय के खिलाफ 28 गेंदों में यह मुकाम हासिल किया था। पटेल ने 2023 में विजय हजारे ट्रॉफी में चंडीगढ़ के खिलाफ 41 गेंद में शतक बनाया था। विकेटकीपर बल्लेबाज ने आर्य देसाई (35 गेंद में 60 रन) के साथ मिलकर 174 रन की भागीदारी निभाई। इससे टीम ने 12.3 ओवर में 183 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया।



## विश्व युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप

# भारतीय खिलाड़ियों का दमदार पदार्पण, जीता रजत और कांस्य

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने रोमानिया में आयोजित आईटीटीएफ विश्व युवा चैंपियनशिप में दमदार पदार्पण करते हुए अंडर -19 लड़कों और अंडर-15 लड़कियों की टीम स्पर्धाओं में क्रमशः एक रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किया।

अंडर -19 लड़कों की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे को 3-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई लेकिन उन्हें जापान से 0-3 से हार का सामना कर दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। अंकुर भट्टाचार्य ने रयूसेई कावाकामी को कड़ी चुनौती दी, लेकिन 17-15, 6-11, 12-10, 4-11, 11-13 से हार गए। जापान के कजाकी योशियामा ने अभिनंद को 11-7, 11-8, 11-6 से हराया। फिर तामितो वतानाबे ने प्रणुज भट्टाचार्य को 11-9, 11-7, 11-3 से मात देकर जापान को स्वर्ण पदक दिलाया।




### अंडर-15 बालिकाओं ने किया शानदार प्रदर्शन

अंडर-15 लड़कियों की टीम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल तक पहुंचकर कांस्य पदक हासिल किया। टीम ने क्वार्टरफाइनल में जर्मनी को 3-1 से हराया लेकिन दक्षिण कोरिया से 0-3 की हार का सामना करना पड़ा। अंडर -19 लड़कियों की स्पर्धा में भारत को क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा।

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी : रहाणे और सूर्यकुमार ने खेली तेजतर्रार पारी

# मुंबई की शानदार शुरुआत, रेलवे को 7 विकेट से दी शिकस्त

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

गत चैंपियन मुंबई ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार शुरुआत करते हुए ग्रुप ए मुकाबले में रेलवे को सात विकेट से शिकस्त दी, जिसमें भारत के अनुभवी खिलाड़ी अजिंक्य रहाणे और सूर्यकुमार यादव ने टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मुंबई को 20 ओवर में पांच विकेट पर 158 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कोई मुश्किल नहीं हुई। रहाणे ने 33 गेंद में 62 रन बनाए, जिसमें चार चौके और पाच छक्के शामिल थे। उनकी धमाकेदार बल्लेबाजी ने टीम ने 25 गेंद रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने रहाणे के साथ दूसरे विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी की। उन्होंने 30 गेंद में 47 रन की तेजतर्रार पारी खेली।

### रहाणे ने लगाए चार चौके और पांच छक्के



### रेलवे की खराब शुरुआत

पूर्व भारतीय खिलाड़ी कर्ण शर्मा की अगुआई वाली रेलवे की शुरुआत खराब रही, जिसने महज 19 रन पर दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए। इसके बाद पूर्व भारत अंडर-19 खिलाड़ी मोहम्मद सैफ (48) ने युवा रवि सिंह (26) और अशुतोष शर्मा (61) के साथ मिलकर टीम की पारी को संभाला। सैफ के आउट होने के बाद रेलवे का स्कोर चार विकेट पर 113 रन था।

### मुंबई टीम पर नहीं दिखा दबाव

आशुतोष शर्मा ने सात चौके और तीन छक्कों की मदद से पारी को गति दी और स्कोर को सम्मानजनक स्थिति में पहुंचाया।

मुंबई की पारी में शुरुआत से ही कोई भी दबाव नहीं दिखा। रहाणे और आयुष म्हात्रे (18) ने टीम को मजबूत शुरुआत कराई। रहाणे के आउट होने के बाद मुंबई का स्कोर दो विकेट पर 113 रन था और टीम अच्छी स्थिति में थी। इसके बाद जीत की औपचारिकता बाकी थी और यह काम सूर्यकुमार ने आसानी से पूरा किया।

## राज्य सरकार का हाईकोर्ट में जवाब

# मोबाइल नेटवर्क की कहीं कोई समस्या नहीं, ऐप से नहीं हो सकती डेटा चोरी

**जबलपुर।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के लिए ई-अटेंडेंस अनिवार्यता के मामले में सरकार ने विस्तृत जवाब पेश किया है। सरकार ने अपने लिखित जवाब में साफ कहा कि मोबाइल नेटवर्क की कहीं कोई समस्या नहीं है। सरकार का कहना है कि हमारे शिक्षक ई-एप से डाटा चोरी की कोई आशंका नहीं है क्योंकि इस एप का डेटा सेफ्टी सर्टिफिकेट लिया गया है। सरकार ने याचिकाकर्ता शिक्षकों के आरोपों को नकारते हुए कहा कि स्मार्टफोन नहीं होना, एंड्रॉयड नहीं होना या रिचार्ज नहीं होने का केवल बहाना बनाया जा रहा है। सरकार ने कहा कि वर्ष 2017 में हाईकोर्ट ने ई-अटेंडेंस को हरी झंडी दी है। अन्य विभागों में भी ई-अटेंडेंस का सफल संचालन हो रहा है, जिसमें कोई गड़बड़ी नहीं है। सरकार के जवाब को रिकॉर्ड पर लेते हुए जस्टिस एमएस भट्टी की सिंगल बेंच ने मामले पर 27 नवंबर को सुनवाई नियत की है।

दरअसल, प्रदेश के अलग-अलग जिलों में पदस्थ शिक्षकों ने इसमें आने वाली समस्याओं को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता शिक्षकों की ओर से हलफनामा प्रस्तुत कर दलील दी गई कि ई-अटेंडेंस दर्ज कराने में कई बार नेटवर्क सहित अन्य तकनीकी समस्याएं आ रही हैं।

जबलपुर निवासी मुकेश सिंह वरकड़े, सतना के सत्येंद्र तिवारी सहित प्रदेश के अलग-अलग जिलों के 27 शिक्षकों ने याचिका दायर कर ई-अटेंडेंस को चुनौती दी है। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता अंशुमान सिंह ने दलील दी कि शिक्षकों को ई अटेंडेंस के लिए बने 'हमारे शिक्षक एप' के जरिए से



उपस्थित दर्ज कराने में बहुत सी समस्याओं को सामना करना पड़ रहा है। याचिकाकर्ताओं ने डेटा प्रोटेक्शन एक्ट 2023 के कानून के आधार पर कहा शिक्षकों के पर्सनल मोबाइल, उनका निजी एकाउंट जो उनके बैंक एकाउंट के साथ पर्सनल उपयोग में लिया जाता है। वहीं शासन की ओर से तर्क दिया गया कि नेटवर्क की समस्या नहीं है क्योंकि उसी स्कूल में अधिकतर शिक्षक अटेंडेंस लगा रहे हैं।

## हत्यारे को आजीवन कारावास व जुर्माना

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश अभिषेक सक्सेना की अदालत ने हत्या के आरोपी जबलपुर निवासी जितेंद्र भूमिया का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ आजीवन कारावास की सजा सुना दी। साथ ही दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया। जबकि मामले के अन्य आरोपित नितू उर्फ कपूर सिंह गौंड को संदेह का लाभ देकर दोषमुक्त कर दिया। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक बबीता नाग्देव ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि फरियादी समीर श्रीपाल ने 19 नवंबर, 2023 को पनागर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें आरोप लगाया था कि सौरभ श्रीपाल पर डंडे से हमला किया था। इस वजह से गंभीर चोट लगी। वह लहुलुहान हो गया। उसे इलाज के लिए ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हमले की वजह पुराना विवाद थी। अदालत ने दोष सिद्ध पाते हुए सजा सुना दी।




# एसआईआर कार्य की प्रगति की रोजाना समीक्षा करें कलेक्टर : निर्वाचन आयोग

### निदेशक शुभ्रा सक्सेना और सचिव बिनोद कुमार ने वर्चुअल बैठक में दिए निर्देश

**जबलपुर।** भारत निर्वाचन आयोग की निदेशक शुभ्रा सक्सेना एवं सचिव बिनोद कुमार ने बुधवार को मध्य प्रदेश के 19 जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों तथा नगर निगम कमिश्नरों के साथ वर्चुअल बैठक कर विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्य प्रदेश संजीव कुमार झा भी उपस्थित रहे। निदेशक श्रीमती सक्सेना ने कहा कि एसआईआर कार्य को जिलों में गंभीरता और प्राथमिकता से लिया जाए। उन्होंने गणना पत्रकों के वितरण, मैपिंग और डिजिटलाइजेशन की स्थिति की समीक्षा की तथा प्रदेश की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने भोपाल, इंदौर और ग्वालियर के उन विधानसभा क्षेत्रों के ईआरओ से सीधे बातचीत की जहाँ कार्य की रफ्तार अपेक्षित स्तर पर नहीं पहुँच पाई है। साथ ही उन्होंने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे ईआरओ के कार्य की प्रतिदिन समीक्षा करें और आवश्यक सुधार तत्काल सुनिश्चित करें।

श्रीमती सक्सेना ने सभी जिलों से डिजिटलाइजेशन कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि बीएलओ को सहयोग देने के लिए वालेंटियर्स की नियुक्ति की जाए। तीनों महानगरों में विशेष कैम्प लगाकर गणना पत्रक भरवाने की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने कलेक्टर्स से कहा कि वे मैदानी स्तर पर स्वयं निरीक्षण करें और मैपिंग कार्य को सौ प्रतिशत सटीकता के साथ पूरा कराएँ।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने भी कलेक्टर्स को निर्देशित किया कि वे ईआरओ कार्य की रोजाना मॉनिटरिंग करें तथा गणना पत्रक के डिजिटलाइजेशन का स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करें। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह के भीतर सभी आवश्यक कार्य पूर्ण कर लिए जाएँ। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिया कि झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों में बीएलओ घर-घर जाकर दस्तक दें और वालेंटियर्स मतदाताओं को फॉर्म भरने में सहयोग प्रदान करें। निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया कि आने वाले दिनों में एसआईआर कार्य की गति और गुणवत्ता उनकी निगरानी के केंद्र में रहेगी।



### 7 ठेले-टपरे एवं टीन शेड जप्त

# रानीताल चौक से यादव कॉलोनी व मेडिकल कॉलेज रोड पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

**जबलपुर।** नगर निगम जबलपुर द्वारा निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत बुधवार, 26 नवम्बर 2025 को रानीताल चौक से यादव कॉलोनी रोड तक तथा मेडिकल कॉलेज रोड पर सघन कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम यातायात उपलब्ध कराने तथा सड़क किनारे फैले अतिक्रमणों को हटाने के उद्देश्य से की जा रही है। अपर आयुक्त अरविंद शाह, अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से एवं सहायक अतिक्रमण निरोधक अधिकारी अखिलेश सिंह भदौरिया ने बताया कि रानीताल चौक से यादव कॉलोनी रोड के दोनों ओर फुटपाथ एवं सड़क पर लगे ठेले-टपरों को हटाया गया। अभियान के दौरान 7 टपरे, बोर्ड, पन्नी एवं टीन शेड सहित अन्य सामग्री को जब्त किया गया।

इसी प्रकार मेडिकल कॉलेज के सामने अपेक्स अस्पताल वाली निर्माणाधीन सड़क पर बाधक ठेले-टपरों को हटाया गया। शेष टपरों को हटाने के लिए मुनादी कर नोटिस दिया गया। मेडिकल कॉलेज गेट के सामने पुनः लगाए गए सभी ठेले-टपरे भी कार्रवाई कर हटाए गए। अभियान के दौरान दल प्रभारी जोसफ प्रवीण, लक्ष्मण कोरी, दुर्गा राव, अंकित पारस, वीरेन्द्र मिश्रा, कुलदीप त्रिपाठी, अभिषेक समुद्रे, ब्रज किशोर तिवारी, नदीम अहमद खान, तथा सहायक दल प्रभारी आरिफ अहमद खान एवं शुभम खरे सहित पूरी टीम मौके पर मौजूद रही।

## मामलें में फरार 4 हजार का ईनामी गिरफ्तार, 1 अन्य की तलाश

# जीवित व्यक्ति को मृत बताकर बेच डाली 2 करोड़ की जमीन

**जबलपुर।** थाना संजीवनी नगर क्षेत्र अंतर्गत करोड़ों रुपये की कृषि भूमि के फर्जीवाड़े के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी की गिरफ्तारी पर 4 हजार का ईनाम घोषित था। संजीवनी नगर थाना प्रभारी बी.डी. द्विवेदी ने बताया कि राजकुमार जैन, निवासी मेन रोड गोटेगांव (नरसिंहपुर) ने शिकायत दर्ज कराई थी कि ग्राम कठोंदा स्थित उनकी कृषि भूमि को उनके जीवित रहते हुए मृत घोषित कर फर्जी और कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से धोखाधड़ी करते हुए गत 21 अगस्त 2024 को अन्य व्यक्तियों के नाम विक्रय कर दिया गया।

पुलिस जांच में सामने आया कि गोपाल केवट, विनोद केवट, प्रमोद केवट, मनोज केवट, उनकी मां माया बाई केवट एवं सावित्री केवट ने मिलकर राजस्व विभाग के तत्कालीन पटवारी से सांठगांठ कर षड्यंत्र रचा। जीवित राजकुमार जैन को मृत बताकर माया बाई व सावित्री केवट को गलत तरीके से उनका वारिस दर्शाया गया और खसरा नंबर 54 में उनके नाम दर्ज कराए गए। माया बाई की मृत्यु के बाद उनके पुत्रों ने यह जानते हुए भी कि जमीन उनकी नहीं है, फर्जी दस्तावेजों के आधार पर फौती नामांतरण कराकर राजस्व अभिलेखों में अपने नाम दर्ज करा लिए। इसके बाद आरोपियों ने सुरेन्द्र सिंह राठौर, संतोष कुशवाहा एवं अन्य के साथ मिलकर षड्यंत्रपूर्वक बिना स्वामित्व के उक्त भूमि को शकुंतला राठौर पति सुरेन्द्र सिंह राठौर को कम कीमत पर विक्रय कर दिया, जबकि जमीन का बाजार मूल्य करीब 2 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।

प्रकरण में पुलिस ने धारा 420, 465, 467, 468, 471 एवं 120-बी आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर पहले ही विनोद केवट, मनोज केवट, गोपाल केवट, सुरेन्द्र राठौर एवं शकुंतला राठौर को गिरफ्तार कर लिया था। मामले के अन्य आरोपी प्रमोद केवट, संतोष कुशवाहा, मुकेश पाण्डेय एवं रीता केवट फरार थे, जिनकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय द्वारा प्रत्येक पर 4-4 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की गई थी। इस मामलें में एक अन्य आरोपी रीता केवट फरार है।

### लूट के मामलें में फरार ईनामी आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर।** रांझी थाना क्षेत्र में हुई लूट की वारदात के फरार एक 5 हजार के फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि पानी टंकी के पास रांझी निवासी 30 वर्षीय पान दुकान संचालक केशव प्रसाद कठेरिया के साथ लूट करने के आरोपी कंचनपुर निवासी 36 वर्षीय राजा पटेल उर्फ अभिलाष उर्फ कुंदन को हिरासत में लिया गया। एक अन्य आरोपी सुल्तान खान फरार है।

### पुरानी रंजिश पर छोटे भाई का दांत तोड़ा

**जबलपुर।** गोसलपुर थाना अतंर्गत टिकरिया गोसलपुर में पुरानी रंजिश पर बड़े भाई ने अपने छोटे भाई के साथ मारपीट कर उसके जमीन पर पटक दिया और उसका एक दांत भी तोड़ दिया। गोसलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार टिकरिया गोसलपुर निवासी 35 वर्षीय राजेश चौधरी के घर के सामने लगभग 10 बजे उसका बड़ा भाई रामकेश चौधरी आया और पुरानी रंजिश पर गालीगलौज करने लगा, मना करने पर उससे लिपटकर उसे जमीन पर गिरा दिया और मारपीट कर राजेश का दांत तोड़ कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 117(2), 351(2), बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### जबलपुर में बादल छाए, दिसंबर में कड़ाके की ठंड का दौर

# 2 दिन बाद फिर बढ़ेगी ठंड, लुढ़केगा पारा



**जबलपुर।** जबलपुर सहति प्रदेश में अगले 2 दिन बाद ठंड का असर फिर से बढ़ेगा। जबलपुर में बादलों की वजह से पारे में बढ़ोतरी है। मौसम विभाग ने बताया, प्रदेश में बादल जरूर छाए हैं, लेकिन बारिश होने का अनुमान नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार, पहाड़ी राज्य- उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी जरूर हो रही है, लेकिन विंड पैटर्न यानी, हवा की दिशा बदलने की वजह से उत्तरी हवाएं प्रदेश में नहीं आ रही है। दूसरी ओर, बंगाल की खाड़ी में एक लो प्रेशर एरिया (निम्न दाब क्षेत्र) एक्टिव है। जिसकी वजह से प्रदेश में हल्के बादल है। इससे दिन में ठंडक बढ़ गई है, जबकि रात के तापमान में 5 से 6 डिग्री की बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।

शहर में ठंड का असर भले ही कम हुआ हो, लेकिन सुबह व रात में कोहरा दा रहा है। मौसम विभाग ने हेल्थ और फसलों को लेकर एडवाइजरी भी जारी की है। अबकी बार मध्यप्रदेश ने नवंबर में ही रिकॉर्ड तोड़ दिए। प्रदेश में 6 नवंबर से ही कड़ाके की ठंड का दौर शुरू हो गया था। आम तौर पर नवंबर के दूसरे पखवाड़े से तेज ठंड पड़ती है, लेकिन इस बार पहाड़ी राज्य- हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में समय से पहले बर्फबारी हो गई। वर्तमान में हवा की दिशा बदल गई है। इस वजह से प्रदेश में उत्तर से ठंडी हवा नहीं आ रही है। इसलिए पिछले 4 दिन से प्रदेश में कहीं भी शीतलहर नहीं चली। ऐसा ही मौसम अगले चार दिन और बना रहेगा। यानी, इस सप्ताह कड़ाके की ठंड पडऩे का अनुमान नहीं है। रात के तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट जरूर हो सकती है, लेकिन दिसंबर के पहले सप्ताह में कड़ाके की ठंड का दौर फिर से शुरू हो जाएगा।

# शहर में निर्मित भवनों के एरियों की होगी जाँच, उपयोग के आधार पर होगा नया करारोपण

### 31 दिसंबर के बाद लगेगा 15% अधिभार, 1 अप्रैल से बकाया राशि हो जाएगी दोगुनी

**जबलपुर।** नगर निगम जबलपुर ने शहर में लंबित कर वसूली को तेज करते हुए बड़े स्तर पर अभियान शुरू किया है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने आदेश जारी कर पूरे राजस्व अमले को वसूली अभियान को गति देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि 28 नवंबर से 24 दिसंबर तक शहर के सभी 16 संभागीय कार्यालयों में विशेष वसूली शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

निगम के अनुसार 16 संभागों के अंतर्गत आने वाली 1 लाख 32 हजार 900 संपत्तियों पर कुल 110 करोड़ रुपये से अधिक की राशि बकाया है। निगम प्रशासन का लक्ष्य वित्तीय वर्ष के अंत से पहले इन बकायों को न्यूनतम स्तर पर लाना है। इसके लिए हर संभाग में राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक, नोटिस सर्वर और कंप्यूटर ऑपरेटरों की विशेष वसूली टीम गठित की गई है। इन टीमों के लिए प्रतिदिन का वसूली लक्ष्य भी तय किया गया है। वसूली अभियान के साथ-साथ नगर निगम शहर में मौजूद संपत्तियों के निर्मित एरिया और वास्तविक उपयोग की भी जाँच करेगा। निगमायुक्त ने बताया कि यह कदम इसलिए उठाया जा रहा है कि संपत्ति मालिकों द्वारा दी गई जानकारी वास्तविकता से मेल खाती है या नहीं। निगमायुक्त अहिरवार ने जानकारी दी कि वर्तमान में बकाया राशि पर 7% अधिभार लगाया जा रहा है। यदि करदाता 31 दिसंबर 2025 तक राशि जमा नहीं करते तो 1 जनवरी 2026 से अधिभार 15% हो जाएगा। 1 अप्रैल 2026 से बकाया संपत्ति कर राशि दोगुनी कर दी जाएगी। निगमायुक्त ने सभी करदाताओं से अपील की है कि वे समय से पूर्व अपने समस्त बकाया करों की राशि जमा करें, ताकि शहर के विकास में भागीदारी निभाई जा सके और अनावश्यक अधिभार एवं निगम की कड़ी कार्रवाई से बचा जा सके।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240